सही सुमेल है –

| | |
|---|---|
| फखरुद्दीन अली अहमद | 1974-77 |
| एन. संजीव रेड्डी | 1977-82 |
| डॉ. जाकिर हुसैन | 1967-69 |
| वी. वी. गिरि | 1969-74 |

**98. (c)**
संघीय कार्यपालिका का मुखिया भारत का **राष्ट्रपति** होता है परन्तु राष्ट्रपति की शक्तियों की भी **सीमायें** हैं। राष्ट्रपति की शक्तियाँ संवैधानिक व्यवस्था व विधि द्वारा विनियमित हैं। राष्ट्रपति अपनी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिपरिषद की सलाह से करता है। अतः कथन A सही है और कारण R गलत है।

**99. (d)**
संविधान के अनुच्छेद 312(1) के अनुसार यदि राज्य सभा ने उपस्थित एवं मत देने वाले सदस्यों में से कम-से-कम दो तिहाई सदस्यों द्वारा समर्थित संकल्प द्वारा यह घोषित किया है कि राष्ट्रीय हित में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो संसद विधि द्वारा संघ और राज्यों के लिए सम्मिलित एक या अधिक अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन के लिए उपबन्ध कर सकेगी। उक्त अनुच्छेद के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य सभा ने तीन नई अखिल भारतीय सेवाओं नामतः भारतीय वन सेवा, भारतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा और भारतीय अभियांत्रिकी सेवा के सृजन के लिए **6 दिसंबर, 1961 को एक प्रस्ताव पारित** किया। उक्त प्रस्ताव के अनुपालन के क्रम में वर्ष 1963 में संसद द्वारा अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 में संशोधन करते हुए अखिल भारतीय सेवा (संशोधन) अधिनियम, 1963 अधिनियमित किया गया। उक्त संशोधित अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण के क्रम में वर्ष **1966** में अखिल भारतीय सेवा के रूप में 'भारतीय वन सेवा' का सृजन किया गया। अतः स्पष्ट है कि कथन (A) असत्य है, जबकि कारण (R) सत्य है।

**100. (d)**
दिये गये विकल्प में वाई.वी. चाह्वाण (1971-74), आर. वेंकटरमण (1980-82), प्रणव मुखर्जी (1982-84 और 2009-2012) तथा वी.वी.सिंह (1984-86) सभी केन्द्रीय वित्त मंत्री पद पर रहे हैं। अतः विकल्प (d) सही है।

**101.(b)**
भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की जाती है। **अनुच्छेद 157** के अनुसार किसी भी व्यक्ति को राज्यपाल के पद पर नियुक्त होने के लिए निम्न अर्हताएं होनी चाहिए-

- वह भारत का नागरिक हो।
- 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

सामान्य रूप से राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। परन्तु राष्ट्रपति किसी भी समय राज्यपाल को उसके पद से पदच्युत कर सकता है। वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है। राज्यपाल को **जन्म से** भारत का नागरिक होना आवश्यक नहीं है। किसी राज्य अथवा संघ सरकार के अंतर्गत लाभ का पद धारण न करता हो। वह संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है तो राज्यपाल बनने पर उसी तिथि से उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

**102.(b)**
उत्तर प्रदेश में नदियों के किनारे स्थित शहर निम्न् हैं–

(A) गंगा – बिठूर
(B) राप्ती – गोरखपुर
(C) गोमती – जौनपुर
(D) सई – प्रतापगढ़

**103. (b)**
सूर सरोवर रामसर स्थल उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्थित मानव निर्मित जलाशय है। इसे कीठम झील के नाम से भी जान जाता है। वर्तमान में भारत के कुल 80 स्थल, रामसर आर्द्रभूमि के अन्तर्गत शामिल है। वर्तमान स्थिति के अनुसार रामसर संख्या के मामले में तमिलनाडु (16 स्थल) के साथ प्रथम एवं उत्तर प्रदेश (10 स्थल) के साथ दूसरे स्थान पर है।

**104. (b)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| सूची-I (उत्पाद) | | सूची-II (जिला) |
|---|---|---|
| लहसुन | – | मैनपुरी |
| प्याज | – | गाजीपुर |
| मिर्च | – | देवरिया |
| हल्दी | – | ललितपुर |

**105. (b)**
सही सुमेलित है-

| जिला | | उद्योग |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | - | पीतल |
| प्रतापगढ़ | - | आँवला |
| बरेली | - | फर्नीचर |
| सहारनपुर | - | कागज |

**106. (b)**

| | सूची–I (उद्योग) | | सूची–II (स्थान) |
|---|---|---|---|
| A | सीमेंट | 1 | चुर्क |
| B | कागज | 2 | सहारनपुर |
| C | इलेक्ट्रॉनिक्स | 3 | कानपुर |
| D | फर्नीचर | 4 | बरेली |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**107. (b)**

| सुमेलित है– | | | |
|---|---|---|---|
| A. | पीतल का समान | – | मुरादाबाद |
| B. | माचिस | – | बरेली |
| C. | खेल का समान | – | मेरठ |
| D. | लकड़ी पर नक्काशी | – | सहारनपुर |

**108. (d)**

| | सूची-I (हवाई अड्डा) | | सूची-I (नगर) |
|---|---|---|---|
| A | बमरौली | 1 | इलाहाबाद (प्रयागराज) |
| B | चकेरी | 2 | कानपुर |
| C | हिंडॉन | 3 | गाजियाबाद |
| D | फुर्सतगंज | 4 | राय बरेली |

**109.(a)**

सही सुमेल इस प्रकार है-

| सूची-I (लोक गीत) | सूची-II (गायन का अवसर) |
|---|---|
| चैती | मौसमी गीत |
| कजरी | विवाह एवं मौसमी गीत |
| रसिया | ब्रज का लोकगीत |
| सोहर | संस्कार गीत |

**110.(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| कनक भवन | - | अयोध्या |
| कामदगिरी पर्वत | - | चित्रकूट |
| कालिंजर दुर्ग | - | बाँदा |
| देवाशरीफ | - | बाराबंकी |

**111. (a)**

विकल्प से,

$\frac{-2}{5}$ और $\frac{-1}{5}$ के बीच दो परिमेय संख्याएं

$\frac{-1}{3}, \frac{-4}{15}$ हैं

तब, $\frac{-2}{5}, \frac{-1}{3}, \frac{-4}{15}, \frac{-1}{5}$

हर बराबर करने पर–

$\frac{-6}{15}, \frac{-5}{15}, \frac{-4}{15}, \frac{-3}{15}$

अतः विकल्प (a) सही होगा।

**112.** (b)

माना दो संख्याएं x और y हैं

प्रश्न की शर्तों के अनुसार-

X + Y = 10------------(i)

$X^2 - Y^2 = 40$ ------(ii)

समी. (ii) को सरल करने पर

(X+Y) (X–Y) = 40 ---(iii)

समी. (i) का मान समी. (iii) में रखने पर

10 × (X–Y) = 40

X–Y = 4 ---------(iv)

समी. (i) और समी. (iv) को जोड़ने पर

$$\begin{array}{r} x+y=10 \\ x-y=4 \\ \hline 2x=14 \end{array}$$

X = 7

समी. (1) में X = 7 रखने पर

7 + Y = 10

Y = 3

अतः दोनों में बड़ी संख्या 7 होगी।

**113.** (b)

माना किसी घन की भुजा $= x$

घन का आयतन $= a^3$

$= x \times x \times x = x^3$

घन की भुजा में वृद्धि = 100%

अतः भुजा $= x + x \times \frac{100}{100}$

$= x + \frac{100x}{100} = x + x = 2x$

घन का आयतन $= a^3$

$= a \times a \times a = 2x \times 2x \times 2x = 8x^3$

आयतन में वृद्धि प्रतिशत $= \frac{8x^3}{x^3} \times 100 = 800\%$

**114.** (a)

माना निर्माता की लागत $= x$ रु.

निर्माता का विक्रय मूल्य $= x \times \frac{120}{100}$

थोक विक्रेता का विक्रय मूल्य $= x \times \frac{120}{100} \times \frac{110}{100}$

खुदरा विक्रेता का विक्रय मूल्य $= x \times \frac{120}{100} \times \frac{110}{100} \times \frac{115}{100}$

प्रश्नानुसार-

$x \times \frac{120}{100} \times \frac{110}{100} \times \frac{115}{100} = 455.40$

$x = \frac{455.40}{1.2 \times 1.1 \times 1.15} = 300$ रु.

**115. (b)**

पुरुष, महिला व बच्चों की राशि का अनुपात = 9 : 8 : 4

पुरुष = 4

महिला = 5

बच्चे = 6

कुल राशि का अनुपात = 4 × 9x : 5 × 8x : 6 × 4x

= 36x : 40x : 24x = 9 : 10 : 6

पुरुषों का हिस्सा $= \frac{425 \times 9}{25}$

चार पुरुषों का हिस्सा = 153

1 पुरुष का हिस्सा $= \frac{153}{4} = 38.25$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**116. (b)**

3, 5, 5, 19, 7, 41, 9, ?

$\Rightarrow$ $(3)^2 - 5 \Rightarrow 9 - 5 \Rightarrow 4$

$(5)^2 - 19 \Rightarrow 25 - 19 \Rightarrow 6$

$(7)^2 - 41 \Rightarrow 49 - 41 \Rightarrow 8$

यदि लुप्त संख्या = x

तब $(9)^2 - x = 10$

$81 - x = 10$

$x = 81 - 10$

$x = 71$

**117. (b)**

शृंखला निम्नवत् है–




अतः लुप्त पद = 12

**118. (a)**

प्रश्न में उल्लिखित कूट भाषा है-

S I S T E R तथा C A R

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

2 1 2 3 4 5 7 6 5

इसी प्रकार तुलना करने पर

A R R E S T

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

6 5 5 4 2 3

अतः 655423 का कोड · ARREST

**119. (a)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**120. (b)**

आरेख निम्नवत् है–




अतः मोहन, बालिका का पिता है।

**121. (d)**




पाइथागोमोरस प्रमेय से

AC2 = AB2 + BC2

= (3)2 + (4)2

= 9 + 16

= 25

AC = $\sqrt{25} \Rightarrow 5$ किमी.

**122. (b)**

वर्ष 1977 से अगले 15 वर्षों तक का विषम दिन :

| वर्ष | विषम दिन | वर्ष | विषम दिन |
|---|---|---|---|
| 1978 | 1 | 1986 | 1 |
| 1979 | 1 | 1987 | 1 |
| 1980 | 2 | 1988 | 2 |
| 1981 | 1 | 1989 | 1 |
| 1982 | 1 | 1990 | 1 |
| 1983 | 1 | 1991 | 1 |
| 1984 | 2 | 1992 | 2 |
| 1985 | 1 | | |

1983 तक के विषम दिनों का योग = 7 ≅ 0 विषम दिन

1988 तक के विषम दिनों का योग = 14 ≅ 0 विषम दिन

अर्थात् 18-9-1977 के जैसा समान दिन वर्ष 1983 और 1988 में होगा।

अतः 15 वर्षों में उनके विवाह की वर्षगाँठ 2 बार रविवार को पड़ेगी।

**123. (a)**

यदि एक दर्पण में देखने पर किसी घड़ी में समय 9 बजकर 30 मिनट प्रतीत होता है तो सही समय है –

सही समय ज्ञात करने के लिए 12.00 में से 9:30 को घटायेंगे

12.00 – 9.30 = 2.30

**124. (c)**

प्रश्नानुसार दिया गया वर्ग है-




चित्र से गणना करने पर स्पष्ट है कि कुल 13 वर्ग उपस्थित है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**125. (b)**

प्रथम शर्त के अनुसार-

C > A > B

दूसरी शर्त के अनुसार-

B > D > E

तीसरी शर्त के अनुसार-

D > E > F

तीनों शर्तों से स्पष्ट है-

C > A > B > D > E > F

अतः C सबसे लम्बा और F सबसे छोटा होगा।

**126.** (b)

दिसम्बर, 2023 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) एवं अन्य संगठनों ने भारत कौशल रिपोर्ट 2024 जारी की। इसकी थीम ''कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर AI का प्रभाव'' है। इस रिपोर्ट के अनुसार युवाओं के काम करने के लिए सर्वाधिक पसंदीदा स्थल कोच्चि एवं तिरुवनंतपुरम हैं।

**127.** (c)

9 फरवरी, 2024 को घोषित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान पुरस्कार, 2022 के तहत् विश्व भारती पुरस्कार प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को तथा महर्षि व्यास पुरस्कार प्रो. आंजनेय शास्त्री को प्रदान किया गया। विश्व भारती पुरस्कार के तहत् 501000 रुपये तथा महर्षि व्यास पुरस्कार के तहत् 201000 रुपये प्रदान किये जाते हैं।

**128.** (c)

28 फरवरी, 2024 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के तटीय गांव कुलाशेखरपट्टनम में भारत के द्वितीय अंतरिक्ष पोर्ट की आधारशिला रखी। यह स्पेक्ष पोर्ट निजी क्षेत्र द्वारा विकसित लघु प्रमोचक रांकेटों (छोटे उपग्रह) को लांच करने में मददगार होगा। अतः दोनों कथन सही है।

**129.** (c)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट प्रस्तुत किया। अतः कथन 1 सही है। वर्ष 2024-25 के लिए सरकार की कुल प्राप्तियों में 37.02 प्रतिशत हिस्सा पूंजीगत प्राप्तियों का एवं 62.98 प्रतिशत हिस्सा राजस्व प्राप्तियों का है। अतः दोनों ही कथन सही हैं।

**130.** (c)

30 जनवरी, 2024 को ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने भ्रष्टाचार बोध सूचकांक 2023 जारी किया। इस सूचकांक में कुल 180 देशों को शामिल किया गया। इन देशों में पहला स्थान डेनमार्क (सबसे ईमानदार) को, भारत को 93वां और सोमालिया को अंतिम स्थान प्रदान किया गया। अर्थात सबसे भ्रष्ट देश का दर्जा सोमालिया को प्रदान किया गया।

**131.** (a)

जनवरी, 2024 में विश्व बैंक ने प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने के उद्देश्य से प्लास्टिक अपशिष्ट न्यूनीकरण लिंक्ड बांड जारी किया। इन बांडो की कीमत 100 मिलियन डॉलर निर्धारित की है। इन बांडो को 7 वर्ष के लिए जारी किया गया है।

**132.** (c)

भारत पहली बार यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की अध्यक्षता कर रहा है। इस सत्र का आयोजन 21 से 31 जुलाई, 2024 के बीच नई दिल्ली में होगा। वर्तमान में भारत के कुल 42 स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल हैं। अतः दोनों कथन सत्य है।

**133.** (c)

फरवरी, 2024 में देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई। इनके अलावा यह पुरस्कार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिंहा राव और वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भी देने की घोषणा हुई। इस पुरस्कार की शुरुआत 2 जनवरी, 1954 को की गई थी।

**134.** (a)

भारत का पहला डिजिटल राष्ट्रीय पुरालेख संग्रहालय हैदराबाद शहर में बनाया जा रहा है। इस संग्रहालय की आधारशिला 5 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा रखी गई। इसका उद्देश्य समृद्धि पुरालेखीय विरासत को संरक्षित करना है।

**135.** (b)

6 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकीकृत समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण केन्द्र ओएनजीसी संस्थान का उद्घाटन 'गोवा' में किया। इसमें लगभग प्रतिवर्ष 10,000 से 15,000 कर्मी प्रशिक्षित किये जायेंगें।

**136.** (c)

उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना' का मुख्य फोकस 'किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना' है। इसके लिए सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया।

**137.** (d)

फरवरी, 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'PM-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' को 75000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ लांच किया, जिसमें देश के 1 करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे देश के एक करोड़ परिवार प्रत्येक माह 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे।

**138.** (a)

अंतरिम बजट 2024-25 मे भारत सरकार को दिये गए विकल्पों में से सर्वाधिक आय, आय कर (19 प्रतिशत) से हुई है। उसके बाद क्रमशः वस्तु और सेवा कर और अन्य कर (18 प्रतिशत), निगम कर (17 प्रतिशत) और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (5 प्रतिशत) से प्राप्त होता है।

**139.** (b)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश दिवस | – | 24 जनवरी |
| पराक्रम दिवस | – | 23 जनवरी |
| राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस | – | 16 जनवरी |
| प्रवासी भारतीय दिवस | – | 9 जनवरी |

**140.** (d)

19 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में श्री कल्कि धाम मन्दिर का शिलान्यास किया। इस प्रकार कथन (1) और (2), दोनों गलत हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 15. (a) | 29. (b) | 43. (b) | 57. (a) | 71. (d) | 85. (a) | 99. (d) | 113. (b) | 127. (a) |
| 2.(b) | 16. (a) | 30. (a) | 44. (a) | 58. (b) | 72. (a) | 86. (a) | 100. (d) | 114. (b) | 128. (c) |
| 3. (d) | 17. (b) | 31. (b) | 45. (c) | 59. (c) | 73. (b) | 87. (a) | 101. (c) | 115. (b) | 129. (c) |
| 4. (c) | 18. (d) | 32. (a) | 46. (a) | 60. (d) | 74. (c) | 88. (d) | 102. (c) | 116. (c) | 130. (d) |
| 5. (b) | 19. (b) | 33. (a) | 47. (c) | 61. (b) | 75. (d) | 89. (b) | 103. (d) | 117. (a) | 131. (b) |
| 6. (b) | 20. (a) | 34. (c) | 48. (c) | 62. (a) | 76. (d) | 90. (a) | 104. (a) | 118. (b) | 132. (c) |
| 7. (a) | 21. (c) | 35. (b) | 49. (c) | 63. (a) | 77. (b) | 91. (b) | 105. (c) | 119. (b) | 133. (b) |
| 8. (b) | 22. (b) | 36. (a) | 50. (b) | 64. (c) | 78. (a) | 92. (c) | 106. (b) | 120. (b) | 134. (d) |
| 9. (a) | 23. (d) | 37. (c) | 51. (c) | 65. (a) | 79. (b) | 93. (b) | 107. (c) | 121. (d) | 135. (a) |
| 10. (b) | 24. (a) | 38. (a) | 52. (a) | 66. (c) | 80. (a) | 94. (a) | 108. (d) | 122. (a) | 136. (c) |
| 11. (c) | 25. (a) | 39. (b) | 53. (d) | 67. (c) | 81. (b) | 95. (d) | 109. (c) | 123. (b) | 137. (a) |
| 12. (d) | 26. (a) | 40. (c) | 54. (b) | 68. (c) | 82. (d) | 96. (a) | 110. (c) | 124. (d) | 138. (c) |
| 13. (c) | 27. (d) | 41. (b) | 55. (d) | 69. (d) | 83. (b) | 97. (b) | 111. (a) | 125. (b) | 139. (b) |
| 14. (d) | 28. (b) | 42. (d) | 56. (c) | 70. (c) | 84. (b) | 98. (a) | 112. (b) | 126. (c) | 140. (c) |

## SOLUTION

**1. (a)**

आगरा और दार्जिलिंग एक ही अक्षांश पर स्थित हैं लेकिन ऊँचाई में भिन्नता के कारण जनवरी में आगरा का औसत तापमान 16ºC तथा दार्जिलिंग का 4ºC होता है। ऊँचाई के साथ तापमान घटता है तथा विरल वायु के कारण मैदानी प्रदेशों की तुलना में पर्वतीय प्रदेश अधिक ठंडे होते हैं। अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**2.(b)**

भारत की मुख्य भूमि का अक्षांशीय विस्तार $8^0$4' से $37^0$6' उत्तरी अक्षांश तथा देशान्तरीय विस्तार $68^0$7' से $97^0$25' पूर्वी देशांतर के मध्य है। कर्क रेखा भारत के मध्य से 8 राज्यों से गुजरती है तथा पूर्व से पश्चिम इसका क्रम निम्न है- मिजोरम, त्रिपुरा, पं0 बंगाल, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात। इनमें से 2 तटीय राज्य अर्थात गुजरात व पश्चिम बंगाल तथा 6 स्थलबद्ध राज्य शामिल हैं। भारत का मानक समय $82^0$30' पूर्वी देशांतर है, जो 5 राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश से गुजरता है।

**3. (d)**

भारत की उत्तरी सीमा पर यदि हिमालय नहीं होता तो देश के अधिकांश भाग में साइबेरिया से आने वाली शीत लहरों का अनुभव होता, जो उत्तर भारत के जनजीवन को अस्त व्यस्त कर देती और न ही मैदानी क्षेत्र में हिमालय के हिमनद से निकलने वाली नदियाँ ही होती जो इतने विस्तृत प्रदेशों में जलोढ़ मृदा का सृजन करती हैं, जिसमें विशाल जनसंख्या निवास करती है उससे उत्तरी भारत वंचित हो जाता। हिमालय के न रहने से उत्तरी भारत का विस्तृत क्षेत्र अरब सागरीय मानसून से वंचित हो जाता जिससे उत्तरी भारत का विस्तृत मैदानी क्षेत्र रेगिस्तान हो जाता।

**4. (c)**

कार्डमम पहाड़ियाँ दक्षिण भारत के केरल एवं तमिलनाडु राज्य में स्थित हैं। पूर्व की ओर विन्ध्य श्रेणी कैमूर पर्वत के नाम से जानी जाती है जो मध्य प्रदेश में स्थित है। मेघालय पठार के पश्चिमी सिरे पर गारो की पहाड़ियाँ तथा पूर्वी सिरे पर खासी, जयंतिया, रेंगमा तथा मिकिर की पहाड़ियाँ स्थित हैं। मिकिर पहाड़ियाँ असम राज्य में स्थित हैं। सतपुड़ा पर्वतमाला नर्मदा और ताप्ती नदियों के मध्य पश्चिम में राजपीपला की पहाड़ियों से प्रारम्भ होती है तथा पूर्व व उत्तर दिशा में आगे महादेव और मैकाल पहाड़ियों के रूप में छोटा नागपुर पठार तक फैली है। महादेव पहाड़ियाँ मध्य प्रदेश में स्थित हैं।

अतः विकल्प (c) सही है।

**5. (b)**

- दक्कन का पठार त्रिभुजाकार है, यह क्रमशः उत्तर से दक्षिण की ओर (महाराष्ट्र, म.प्र., छत्तीसगढ़, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु) विस्तृत है।
- पश्चिमी सतपुड़ा, श्रेणी के उत्तर में नर्मदा तथा दक्षिण में तापी नदी बहती है, इस प्रकार यह दोनों को पृथक करती है।
- छोटा नागपुर पठार आद्य महाकल्पी ग्रेनाइट और नाइस (नीस) चट्टानों से बना है। यह पठार प. बंगाल राज्य के पुरुलिया तथा झारखण्ड राज्य के पलामू, धनबाद, गया, हजारीबाग, संथाल, परगना व रांची जिलों में विस्तृत है।
- मालवा का पठार अरावली एवं विन्ध्य शृंखलाओं के मध्य स्थित है। इसकी औसत ऊँचाई 500मी. से 600मी. के मध्य है। जबकि विन्ध्याचल श्रेणी अत्यधिक पुरानी वह वलित मोड़दार पर्वत श्रेणी है। इसकी औसत ऊँचाई 700 से 1200 मी. है। अतः कथन (2) सत्य नहीं है।

**6. (b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

हिमालयी नदियाँ पर्वत श्रेणियों को आर-पार काट कर अपना मार्ग बनायी हैं। ये नदियाँ हिमालय भू-आकृतियों से पुरानी हैं। ये अपने धरातलीय ढाल तथा संरचना से समायोजित नहीं होती। इस तरह ये पर्वत श्रेणियों को काटकर अपना मार्ग कायम रखती हैं।

**7. (a)**

गंगा का आरम्भ भागीरथी व अलकनन्दा के रूप में होता है। अलकनन्दा की दो धाराएँ धौलीगंगा और विष्णुगंगा हैं जिनका संगम 'विष्णु प्रयाग' में होता है। आगे प्रवाहित होते हुए 'कर्ण प्रयाग' में पिण्डार नदी व 'रुद्र प्रयाग' में मन्दाकिनी नदी, अलकनन्दा से संगम करती हैं तथा 'देव प्रयाग' में भागीरथी व अलकनन्दा का संगम होता है जिसके पश्चात् इस संयुक्त धारा को 'गंगा' के नाम से जाना जाता है। भागीरथी का उद्‌गम गंगोत्री हिमनद के 'गोमुख' नामक स्थान से होता है। प्रसिद्ध बद्रीनाथ की घाटी जो हिन्दुओं का पवित्र तीर्थ स्थल है अलकनन्दा के तट पर स्थित है। केदारनाथ पीठ आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों में शामिल नहीं किया गया है। शंकराचार्य द्वारा भारत के चारों दिशाओं में स्थापित चार पीठ (मठ) प्रमुख निम्न हैं–

1. बद्रीनाथ ज्योतिर्मठ (उत्तराखण्ड) – उत्तर दिशा
2. द्वारका शारदा मठ (गुजरात) – पश्चिम दिशा
3. जगन्नाथ पुरी मठ (ओडिशा) – पूर्व दिशा
4. श्रृंगेरी गोवर्धन मठ (कर्नाटक) – दक्षिण दिशा

**8. (b)**

**सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-**

| **(नदी)** | **(सहायक नदी)** |
|---|---|
| गोदावरी | पेनगंगा |
| महानदी | शिवनाथ |
| दामोदर | बराकर |
| कावेरी | भवानी |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**9. (a)**

हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सतत् वाहिनी हैं क्योंकि हिमालयन नदियों का उद्‌गम स्रोत हिमानियों में स्थित है। अतः A और R दोनों सही है, R, A की पुष्टि करता है।

**10. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| दीघा | - | पश्चिम बंगाल |
| गोपालपुर-आन-सी | - | ओडिशा |
| कलांगुट | - | गोवा |
| मरीना | - | तमिलनाडु |

**11.(c)**

भारत में पायी जाने वाली उपर्युक्त घाटियों और उनके राज्यों का सही क्रम इस प्रकार है। जुकू घाटी — नागालैण्ड, युथांग घाटी — सिक्किम, न्योरा घाटी — पश्चिम बंगाल तथा सांग्ला घाटी—हिमाचल प्रदेश में स्थित हैं।

**12. (d)**

पश्चिम से पूर्व दर्रों का सही क्रम निम्नलिखित है- जोजिला दर्रा (लद्दाख) $\rightarrow$ शिपकी ला दर्रा (हिमाचल प्रदेश) $\rightarrow$ मुलिंग ला दर्रा (उत्तराखंड) $\rightarrow$ जेलेप ला दर्रा (सिक्किम) $\rightarrow$ बोमडिला दर्रा (अरूणाचल प्रदेश)।

**13. (c)**

अक्टूबर-नवम्बर में ITCZ का दक्षिण की ओर खिसकने से बंगाल की खाड़ी में उच्च वायुदाब का निर्माण होता है एवं स्थल भाग में कुछ समय के लिए तापमान में वृद्धि होती है तथा स्वच्छ आकाश मानसून के निवर्तन का संकेतक है। मानसून के निवर्तन की ऋतु में मौसम उत्तरी भारत मे सूखा होता है। जबकि प्रायद्वीप के पूर्वी भागों में वर्षा होती है।

**14.(d)**

मानसून से तात्पर्य मौसमी हवाओं में परिवर्तन से है, जिसके माध्यम से दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में वर्षा होती है। भारतीय मानसून की उत्पत्ति का मुख्य कारण जलीय तथा स्थलीय भाग के तापमान में भिन्नता होना है। भारत में कुल वर्षा का लगभग (90%) वर्षा दक्षिण-पश्चिम (South West) मानसून से प्राप्त होता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून का प्रारम्भ भारत के केरल राज्य (मालाबार तट) से होता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून से राजस्थान में अत्यंत ही कम वर्षा होती है, जिसका कारण मानसूनी हवाओं के सामान्तर अरावली श्रृंखला का होना, जिससे राजस्थान में हवाएँ नहीं रूक पाती। स्थायी पवन कटिबंध का दक्षिण की तरफ खिसकाव होने के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर (निवर्तित) हो जाता है।

**15. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(स्थान)** | **(सामान्य वनस्पति प्रकार)** |
|---|---|
| पश्चिमी घाट | उष्णकटिबंधीय सदाहरित |
| हिमाचल प्रदेश | हिमालयी आर्द्र वन |
| हरियाणा और पंजाब | उष्णकटिबंधीय कंटकी वन |
| छोटानागपुर पठार | उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**16. (a)**

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश भारत के प्रमुख गेहूँ उत्पादक राज्य हैं क्योंकि गेहूँ मुख्यतः एक ठण्डी एवं शुष्क जलवायु की फसल है। गेहूँ की खेती के लिए मध्यम ताप और मध्यम वर्षा की आवश्यकता होती है। अतः बोने के समय $10^oC$ से $15^oC$ तक तथा पकने के समय $20^oC$ से $25^oC$ का तापमान और 75 से 80 सेमी औसत वार्षिक वर्षा उत्तम माना जाता है। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार भारत में गेहूँ उत्पादक तीन प्रमुख राज्य इस प्रकार हैं–

1. उत्तर प्रदेश 2. मध्य प्रदेश 3. पंजाब

**17. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **सूची (I)** | **सूची (II)** |
|---|---|
| **फसल** | **मौसम** |
| सूरजमुखी | सभी मौसम |
| खरबूजा | जायद (गर्मी) |
| कपास | खरीफ (वर्षा) |
| अलसी | रबी (सर्दी) |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**18. (d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

उत्तर प्रदेश को 9 कृषि जलवायु क्षेत्र में बांटा गया है -

1. भावर एवं मैदानी तराई मैदान
2. पश्चिमी मैदानी क्षेत्र-सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, गाजियाबाद आदि
3. मध्य पश्चिमी मैदानी क्षेत्र-बिजनौर, मुरादाबाद, बदायूं, बरेली आदि
4. दक्षिणी-पश्चिमी अर्द्ध शुष्क क्षेत्र-अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मैनपुरी आदि
5. मध्य मैदानी क्षेत्र-कन्नौज, कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, इलाहाबाद आदि।
6. बुन्देलखण्ड क्षेत्र-झाँसी, चित्रकूट, ललितपुर आदि
7. उत्तरी-पूर्वी मैदानी क्षेत्र-सिद्धार्थनगर, बहराइच, बस्ती, गोरखपुर, आदि।
8. पूर्वी मैदानी क्षेत्र- बाराबंकी, फैजाबाद, जौनपुर, आजमगढ़, भदोही, वाराणसी आदि।
9. विन्ध्य क्षेत्र-मिर्जापुर एवं सोनभद्र

**19.(b)**

स्थानान्तरण कृषि से आशय जब कृषि भूमि पर एक फसल उगाकर एवं उपज को प्राप्त कर उसे जलाकर छोड़ दिया जाए एवं अगली उपज को उगाने के लिए किसी अन्य भूमि की तलाश की जाए। स्थानान्तरण कृषि पूर्वोत्तर राज्यों की विशेषता है। इसे झूम कृषि के नाम से भी जाना जाता है। इसके अतिरिक्त इसे भिन्न-भिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है।

| **राज्य** | **स्थानान्तरण कृषि के नाम** |
|---|---|
| ओडिशा एवं आन्ध्र प्रदेश | पोड़ू |
| मध्य प्रदेश | माशा |
| केरल | पोनम (बीवार, पेण्डा) |
| असोम | झूम |

**20. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **( प्रसिद्ध स्थान )** | | **( देश )** |
|---|---|---|
| बैकानूर | : | कज़ाखस्तान |
| कौरू | : | फ्रेन्च गुयाना |
| बोरोबदूर | : | इंडोनेशिया |
| कान्स | : | फ्रांस |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित नहीं है।

**21. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| **(सूची I)** **(देश)** | | **(सूची II)** **(राजधानी)** |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रिया | – | विएना |
| स्लोवाकिया | – | ब्रातीस्लावा |
| स्लोवेनिया | – | ल्जुब्लजाना |
| क्रोएशिया | – | जाग्रेब |

**22. (b)**

**सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -**

| **सूची- I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| नियाग्रा प्रपात | - | न्यूयार्क राज्य |
| हजारों झीलों की भूमि | - | फिनलैण्ड |
| एफिल टावर | - | पेरिस |
| विश्व की छत | - | पामीर |

इस प्रकार विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**23. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| सूची-I **(पर्वत)** | | सूची-II **(देश)** |
|---|---|---|
| किलिमंजारों | - | तंजानिया |
| टूबकल | - | मोरक्को |
| स्टेनली | - | युगांडा |
| होग्गार | - | अल्जीरिया |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**24.(a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **सूची-I (पर्वत)** | | **सूची-II (प्रकार)** |
|---|---|---|
| एंडीज | – | नवीन मोड़दार |
| अप्लेशियन | – | प्राचीन (पुरातन) मोड़दार |
| विसूवियस | – | ज्वालामुखीय |
| कैटस्किल | – | अवशिष्ट |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**25. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **ज्वालामुखी** | **देश** |
|---|---|
| असामा | जापान (सक्रिय) |
| क्राकाटोवा | इण्डोनेशिया (प्रसुप्त) |
| लाकी | आइसलैण्ड |
| ताल | फिलीपीन्स (सक्रिय) |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**26. (a)**

क्षेत्रफल की दृष्टि से उपर्युक्त झीलों का अवरोही क्रम - सुपीरियर झील (82350 वर्ग किमी., यू.एस.ए. + कनाडा), विक्टोरिया झील (69500 वर्ग किमी., अफ्रीका महाद्वीप), ह्यूरन (59600 वर्ग किमी. यू.एस.ए. + कनाडा) तथा मिशीगन (5800 वर्ग किमी. यू.एस.ए.) है। अतः विकल्प (a) सही है।

**27. (d)**

**सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–**

| **नदी** | | **( बाँध )** |
|---|---|---|
| यांग्त्सी नदी | – | थ्री गार्जेज |
| दामोदर नदी | – | पंचेत हिल |
| नील नदी | – | अस्वान |
| जाम्बेजी नदी | – | करीबा |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**28. (b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

क्रोएशिया काला सागर की सीमा से लगा देश नहीं है तथा लाल सागर के किनारे सीरिया अवस्थित नहीं है। **ऐड्रिएटिक समुद्र की सीमा से लगे देश–**इटली, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, बोस्निया, मांटेनेग्रो, अल्बानिया, ग्रीस

**काला सागर की सीमा से लगे देश-** पश्चिम में बुल्गारिया, रोमानिया, उत्तर-पूर्व में रूस और यूक्रेन, दक्षिण में तुर्की, जार्जिया।

**कैस्पियन सागर की सीमा से लगे देश -** अजरबैजान, रुस, तुर्कमेनिस्तान, ईरान, कजाखस्तान

**लाल सागर की सीमा से लगे देश-** सऊदी अरब, यमन, मिस्र, सूडान, इरीट्रिया, और जिबूती।

**भूमध्य सागर की सीमा से लगे देश-**स्पेन, फ्रांस, इटली, स्लोवेनिया, मोनाको, क्रोएशिया, बोस्निया, मोंटेनेग्रो, अल्बानिया, ग्रीस, तुर्की, सीरिया, लेबनान, इजराइल, मिस्र, लीबिया, ट्यूनीशिया, आदि।

**29. (b)**

भारत वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर जैविक खेती के केन्द्रित व सुव्यवस्थित विकास हेतु भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2001 में अपने उपक्रम कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) के माध्यम से जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए NPOP (National Programme for Organic Production-राष्ट्रीय जैविक उत्पाद कार्यक्रम) की शुरुआत की गई है। इस प्रमाणीकरण व्यवस्था के तहत NPOP द्वारा सफल प्रसंस्करण इकाइयों, भंडारों और खेतों को 'इंडिया आर्गेनिक' का लोगो प्रदान कराया जाता है। APEDA की स्थापना दिसंबर, 1985 में संसद द्वारा पारित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा की गयी थी। सिक्किम भारत सहित विश्व का पहला पूर्णतः जैविक खेती पर आधारित राज्य है। जहाँ पर शतप्रतिशत कृषि जैविक खेती कृषि के अन्तर्गत की जाती है।

**30. (a)**

बायोम पारिस्थितिक तंत्र का ही एक प्रमुख भाग है। इसके अन्तर्गत वनस्पति एवं जीवों के समस्त क्रियाशील समूह शामिल किये जाते हैं। किसी प्रदेश विशेष की जलवायु, मिट्टी आदि कारकों से सामंजस्य स्थापित कर जो जटिल जैव समुदाय विकसित होता है, वही बायोम कहलाता है। अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

**31. (b)**

सही सुमेल है–**नोकरेक –** मेघालय, **मानस–**असम, **दिहांग–दिबांग**–अरुणाचल प्रदेश और **अगस्त्यमलाई –** केरल तथा तमिलनाडु। इस प्रकार विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**32.(a)**

भोजन जालों में विविधिता वृद्धि परिस्थितिकी तन्त्र की स्थिरता को बढ़ावा देती है क्योंकि वह पारिस्थितिकी तन्त्र की समुत्थान शक्ति को बढ़ाती है। भोजन की दृष्टि से खाद्य शृंखला में उत्पादक (पौधे), उपभोक्ता (जन्तु) एवं अपघटक (कवक एवं जीवाणु) के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। अनेक खाद्य शृंखला के पारस्परिक सम्बन्ध को खाद्य जाल (Food Web) कहते हैं। खाद्य जाल एक संपूर्ण समुदाय के सभी जीवों में सम्बन्ध स्थापित करता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खाद्य जाल में ऊर्जा का प्रभाव एक दिशीय होते हुए भी कई पथों से होकर होता है।

अतः A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है।

**33. (a)**

एरोसॉल वातावरण में सूक्ष्म कण होते हैं जो जल, बर्फ, राख, खनिज, धूल या अम्लीय बूंदों से बने होते हैं। वातावरणीय एरोसॉल के अंतर्गत ज्वालामुखीय धूल जीवाश्म ईंधनों के दोहन से उत्सर्जित राख एवं वनों के जलने से निर्मित कण आदि सभी आते हैं। एरोसॉल जलवायु परिवर्तन की क्षमता रखते हैं एवं एरोसॉल लघु तरंगे एवं अवरक्त विकिरणों से अन्योन्यक्रिया करते हैं। अधिकांश एरोसॉल विकिरण के परावर्तन को बढ़ाकर एल्बिडो में वृद्धि करते हैं जिससे ग्लोबल कूलिंग की संभावना बनती है।

**34. (c)**

कार्बन संग्रहण, वायुमंडलीय कार्बन को अवशोषित करने की एक विधि है। मृदा, कार्बन संग्रहण का एक प्रमुख घटक है। कृषि पद्धतियों में परिवर्तन कर मृदा को कार्बन सिंक के रूप में विकसित किया जा सकता है। शून्य जुताई में फसलोत्पादन के लिए मृदा से छेड़छाड़ कम होती है। इसके अंतर्गत मल्चिंग को भी शामिल किया जाता है जिसके तहत फसल के अवशेषों को खेत में ही फैला दिया जाता है। यह प्रक्रिया मृदा के ऊपरी भाग में कार्बन की मात्रा को बढ़ावा देती है तथा मृदा अपरदन में कमी लाती है। शून्य जुताई को कार्बन संग्रहण/प्रच्छादन की एक महत्वपूर्ण विधि के रूप में अपनाया जा रहा है। कार्बन संग्रहण के लिए कुछ अन्य कृषि पद्धतियां जैसे आवरण फसल बोना, फसल चक्रीकरण इत्यादि को अपनाकर मृदा में उपस्थित कार्बन को वातावरण में निर्मुक्त होने से रोका जा सकता है। समोच्च बांध एवं अनुपद शस्यन भी मृदा में कार्बन संग्रहण के लिये महत्वपूर्ण हैं तथा मृदा उर्वरता को बनाये रखने में सहायक होते हैं।

**35. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| क्रायोप्रिजर्वेशन | – बहुत ही कम ताप पर भंडारण |
| भूकम्प | – अधिकेन्द्र |
| जैव मंडल संरक्षित | – विशिष्ट संवर्ग का संरक्षित क्षेत्र |
| रेड क्षेत्र डाटा बुक | – संकटापन्न प्रजातियों का अभिलेख |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**36. (a)**

निम्नलिखित सही सुमेलित हैं-

| अधिकारी | कार्य |
|---|---|
| तलार | रात्रि सुरक्षाकर्मियों का अधिकारी |
| पट्टकोल | ग्रामीण कर वसूली करने वाला अधिकारी |
| साहसाधिपति | चोरी-डकैती के मुकदमे का अधिकारी |
| बलाधिप | चुंगी का सुरक्षक |

**37. (c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| हड़प्पा स्थल | आधुनिक नाम |
|---|---|
| धौलावीरा | कादिर टापू (द्वीप) (कच्छ जिला) |
| राखीगढ़ी | हिसार (हरियाणा) |
| भिरड़ाना | हरियाणा (फतेहाबाद जिला) |
| भोगवा | सौराष्ट्र (गुजरात) |
| आलमगीरपुर, हुलास, माण्डी, सनौली, चाँदीपुर, मूसानगर | उत्तर प्रदेश |
| बनावली, राखीगढ़ी, बालू | हरियाणा |
| दायमाबाद | महाराष्ट्र |
| लोथल, पाडरी | गुजरात |
| माण्डा | जम्मू और कश्मीर |
| कालीबंगा | राजस्थान |
| रोपड़, धादेरी | पंजाब |
| हड़प्पा | पंजाब (पाकिस्तान) |

**38. (a)**

जैनों के पवित्र ग्रंथ सिद्धान्त या आगम के रूप में जाने जाते हैं । जैन साहित्य को 'आगम' या सिद्धान्त भी कहते हैं। इनकी रचना प्राकृत भाषा (अर्धमागधी) में की गयी है। पाली भाषा का शाब्दिक अर्थ है पवित्र रचना। बौद्ध ग्रंथ त्रिपिटक की रचना पाली भाषा में हुई है। अर्ध-मागधी भाषा पालि की पूर्वी बोली न होकर उसकी सहायक भाषा है। अर्ध-मागधी भाषा मागधी तथा शौरसेनी भाषा का मिश्रित रूप है। जैन साहित्य अर्ध-मागधी के अतिरिक्त संस्कृत तथा अप्रभंश भाषा में भी लिखा गया है।

**39. (b)**

हर्यंक वंश की स्थापना राजा बिम्बिसार ने (लगभग 544-412 ई. पू.) में की थी। मत्स्य पुराण में उसका नाम 'क्षेत्रोजस' दिया गया है। जैन साहित्य में उसे 'श्रेणिक' कहा गया है। इस वंश के शासकों ने 412 ई. पू. तक शासन किया। नंद वंश ने 344 से 324-23 ई. पू. तक मगध पर शासन किया। मौर्य वंश की स्थापना 323 ई. पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य ने की थी। अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या कर पुष्यमित्र शुंग ने 184 ई. पू. में शुंग वंश की स्थापना की।

**40.(c)**

महमूद गजनवी ने 1000 ई. से लेकर 1027 ई. के मध्य भारत पर 17 बार आक्रमण (सर हेनरी इलियट ने बताया है कि महमूद ने भारत पर 17 बार आक्रमण किया था।) किया था। महमूद गजनवी के आक्रमणों का मुख्य उद्देश्य सम्पत्ति लूटना था न कि भारत में स्थायी मुस्लिम शासन की स्थापना करना।

**41.(b)**

सही सुमेल निम्न है–

| **रियासत** | | **शासक** |
|---|---|---|
| देवगिरी | – | रामचन्द्र देव, शंकर देव |
| वारंगल | – | प्रताप रुद्रदेव |
| होयसल | – | वीर वल्लाल |
| मदुरा | – | वीर पाण्ड्य |

शंकर देव राजा रामचन्द्र देव का पुत्र था जो 1310 ई. में गद्दी पर बैठा।

**42. (d)**

1481 ई. में महमूद गवाँ की हत्या के बाद बहमनी साम्राज्य में अराजकता फैल गई और लगभग दो दशकों के अन्दर ही बहमनी साम्राज्य विघटन का शिकार हो गया। कालान्तर में इस क्षेत्र में पाँच नए राज्यों का उदय हुआ—

1. बीजापुर का आदिलशाही राज्य (1489 ई.)
2. अहमदनगर का निजामशाही राज्य (1490 ई.)
3. बरार का इमादशाही राज्य (1490 ई.)
4. गोलकुण्डा का कुतुबशाही राज्य (1512 ई.)
5. बीदर का बरीदशाही राज्य (1527 ई.)

**43. (b)**

दिये गये सूफी सन्तों का सही कालानुक्रम इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| शेख मुइनुद्दीन सिजजी (चिश्ती) | 1143-1236 ई. |
| कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी | 1173-1235 ई. |
| बाबा फरीद | 1175-1265 ई. |
| निजामुद्दीन औलिया | 1236-1325 ई. |
| नासीरुद्दीन चिराग-ए-दिल्ली | 1274-1356 ई. |
| अमीर खुसरो | 1253-1325 ई. |
| सैय्यद मुहम्मद गेसूदराज | 1320-1422 ई. |

**44. (a)**

भारत में पुर्तगालियों का प्रथम आगमन वास्कोडिगामा के रुप में 1498 ई० में हुआ। उन्होंने अपना प्रथम कारखाना 1503 ई० में कोचीन में और 1510 में गोवा व 1535 ई० में दीव आदि स्थानों पर अपने कारखाने स्थापित किए। पुर्तगालियों ने 1661 ई० में बम्बई को ब्रिटेन को दहेज के स्वरूप में दे दिया। इसके पहले बम्बई तथा पूर्वी व्यापार पर पुर्तगालियों का एकाधिकार था। मुगलों ने पुर्तगालियों को व्यापारिक छूटें प्रदान की थी।

**45. (c)**

22 अक्टूबर, 1764 ई. को बक्सर के युद्ध में ईस्ट इंडिया कंपनी की सफलता ने अंग्रेजों को भारत में अपना राज्य स्थापित करने की कुंजी प्रदान की। इस युद्ध के पश्चात अवध के नवाब शुजाउद्दौला एवं मुगल बादशाह शाहआलम द्वितीय से क्लाइव ने दो अलग-अलग संधियां की जो इलाहाबाद की संधि (1765 ई.) के नाम से प्रसिद्ध है। जिसमें कुल 11 उपबंध थे।

इलाहाबाद की प्रथम संधि (12 अगस्त 1765 ई.) प्रमुख शर्तें–

1. मुगल बादशाह को ब्रिटिश कंपनी के संरक्षण में ले लिया गया और इलाहाबाद में रहने के लिए कहा गया।
2. इलाहाबाद एवं कड़ा क्षेत्र शाह आलम को दे दिए गए।
3. शाह आलम ने 26 लाख रूपये वार्षिक भुगतान के बदले ब्रिटिश कंपनी को बंगाल, बिहार एवं ओडिशा की दीवानी प्रदान की।
4. शाह आलम को निजामत व्यय हेतु ब्रिटिश कंपनी 53 लाख रूपये देगी।
5. कंपनी को 'उत्तरी सरकार' (हैदाराबाद का उत्तरी क्षेत्र) की जागीरदारी प्राप्त हो गयी।

इस प्रकार संधि के तहत मुगल बादशाह रबड़ की मुहर और कंपनी का पेंशनर बन गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**46. (a)**

चौथा आंग्ल-मैसूर युद्ध वेलेजली और टीपू सुल्तान के मध्य हुआ। जिसके परिणामस्वरूप मैसूर पर अंग्रेजों का कब्जा हो गया। इस युद्ध में लॉर्ड वेलेजली ने त्रिराष्ट्रीय संधि को जीवित करने की कोशिश की थी। यह युद्ध 1799 ई. में हुआ। इस युद्ध में टीपू मारा गया। अंग्रेजों के विरुद्ध समर्थन प्राप्त करने हेतु टीपू ने अरब, कुस्तुनतुनिया, वर्साय, मॉरिशस तथा काबुल दूत भेजे थे।

**47. (c)**

अंग्रेजों तथा विरोधी सिक्ख राज्यों के भय के कारण रणजीत सिंह ने 25 अप्रैल, 1809 ई. में लार्ड मिंटो के दूत चार्ल्स मेटकाफ से अमृतसर की संधि की। इस संधि के द्वारा पंजाब और ब्रिटिश भारत के बीच सतलज नदी को सीमा के रूप में निर्धारित किया गया। नदी के पूर्वी तट पर रणजीत सिंह ने राज्य विस्तार न करने का वायदा किया। संधि के पश्चात् रणजीत सिंह ने जम्मू, मुल्तान और कश्मीर को अपने अधिकार क्षेत्र में मिला लिया। महाराजा रणजीत सिंह के उत्तराधिकारी खड़ग सिंह थे।

**48. (c)**

लार्ड कर्जन (1899-1905) के द्वारा गठित आयोगों और उसके अध्यक्षों की सूची निम्नलिखित है-

| आयोग | अध्यक्ष |
|---|---|
| अकाल आयोग (1900) | सर एण्टनी मैकडोनल |
| रेलवे आयोग (1901) | मिस्टर टॉमस राबर्टसन |
| सिंचाई आयोग (1901) | सर कॉलिन स्कॉट मॉनक्रीफ |
| पुलिस सुधार आयोग (1902) | सर एण्ड्रयू फ्रेजर |

**49. (c)**

औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप विदेशों में औद्योगीकरण होने लगा और उत्पादन बढ़ने लगा। भारत में औद्योगिक पतन हुआ जिसे अनौद्योगीकरण का काल कहते हैं। 1813 के चार्टर एक्ट द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के व्यापारिक एकाधिकारों की समाप्ति तथा ब्रिटिश नागरिकों को भारत से व्यापार करने की छूट मिलने के फलस्वरूप भारतीय बाजार सस्ते एवं मशीन-निर्मित वस्तुओं के आयात से भर गया। ब्रिटिश सरकार की नीति भारत को कच्चे माल का आपूर्तिकर्ता तथा ब्रिटिश निर्मित वस्तुओं के लिए बाजार के रूप में बदलनी थी जिसमें वे सफल भी हुए।

**50. (b)**

| सही सुमेलित है– | | | |
|---|---|---|---|
| A. | रम्पा विद्रोह | – | 1879-80 |
| B. | पाबना किसान विद्रोह | – | 1873-76 |
| C. | बंगाल नील विद्रोह | – | 1859-60 |
| D. | जयंतिया विद्रोह | – | 1860-63 |

**51. (c)**

| नायक | | कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| बख्त खाँ | – | दिल्ली |
| कुँवर सिंह | – | आरा |
| मौलवी अहमदुल्लाह | – | अवध |
| नाना साहेब | – | कानपुर |

**52. (a)**

ब्रह्म समाज सभा की स्थापना 1828 ई. में राजा राममोहन राय ने की थी। यह एकेश्वरवाद का समर्थक था। आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 ई. में बम्बई में की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म की शुद्ध रूप से पुनः स्थापना करना था। आर्य समाज ने शिक्षा तथा ज्ञान के प्रसार पर बहुत बल दिया। 1886 ई. में लाहौर में दयानन्द ऐंग्लो-वैदिक कॉलेज की स्थापना की गई। रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द ने 1897 ई. में की। ये रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे, इनका प्रारम्भिक नाम नरेन्द्रनाथ था।

**53.** (d)

सूची-I (सुधार आंदोलन) व सूची-II (संस्थापक) का सही सुमेल निम्न प्रकार है–

| सूची I | | सूची II |
|---|---|---|
| (a) अहमदिया आन्दोलन | - | मिर्जा गुलाम अहमद कादियानी |
| (b) देवबन्द आन्दोलन | - | मुहम्मद कासिम ननौतवी |
| (c) नदवत-अल-उलेमा आन्दोलन | - | शिब्ली नुमानी |
| (d) अहल-ए-हदीथ आन्दोलन | - | वली उल्लाह |

**54. (b)**

बंगाल में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना गवर्नर जनरल वारेन हेंस्टिंग्स के कार्यकाल में 1784 ई. में सर विलियम जोंस ने की थी। हेस्टिंग्स ने विलियम जोंस के पक्ष में संस्था की अध्यक्षता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। वारेन हेस्टिंग्स (1772 - 1785 ई.) बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल था। वह एक प्राच्य विद्वान था, जो प्राच्य विद्या का प्रखर समर्थक तथा संस्कृत, उर्दू और फारसी के अध्ययन को प्रोत्साहित किया था। कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं करता है, क्योंकि वारेन हेस्टिंग्ज विलियम जोन्स की योग्यता एवं विद्वता का सम्मान करता था।

**55. (d)**

सही सुमेलन है–

| संगठन | | संस्थापक |
|---|---|---|
| A. इंडियन एसोसिएशन | – | सुरेन्द्रनाथ बनर्जी |
| B. एशियाटिक सोसायटी | – | विलियम जोन्स |
| C. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | – | ए.ओ. ह्यूम |
| D. बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन | – | के.टी. तैलंग, बदरुद्दीन तैयब जी फिरोजशाह मेहता |

- फारवर्ड ब्लाक की स्थापना सुभाषचन्द्र बोस ने की थी।

**56. (c)**

ऐनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष थी। उन्होंने 1917 में कलकत्ता सत्र की अध्यक्षता की थी। 1916 के लखनऊ सत्र के अध्यक्ष अंबिकाचरण मजूमदार थे, जिसमें नरम व गरम दल का समझौता तथा मुस्लिम लीग व कांग्रेस के मध्य सहमति बनी थी। महात्मा गाँधी ने केवल एक बार 1924 में कर्नाटक के बेलगाँव में कांग्रेस की अध्यक्षता की थी। पहली भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोजिनी नायडू (1925 का कानपुर सत्र) थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**57.(a)**

भारत में होमरूल लीग की स्थापना बाल गंगाधर तिलक एवं एनी बेसेंट ने आयरलैंड की तर्ज पर की थी। अप्रैल, 1916 में तिलक ने होमरूल लीग का गठन किया। एनी बेसेन्ट ने होमरूल आन्दोलन के दौरान काँग्रेस और मुस्लिम लीग के साथ-साथ काम किया। क्योंकि एनी बेसेन्ट ने महसूस किया कि होमरूल आन्दोलन के लिए आम जनता का समर्थन पाना आवश्यक था। सितम्बर, 1916 में एनी बेसेन्ट ने अड्यार (मद्रास) से होमरूल लीग आंदोलन शुरू किया। एनी बेसेन्ट की होमरूल लीग में मोतीलाल नेहरू, चितरंजनदास, मदन मोहन मालवीय, जवाहर लाल नेहरू एवं मुहम्मद अली जिन्ना आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

**58. (b)**

| **प्रमुख घटना** | **वर्ष** |
|---|---|
| चम्पारण सत्याग्रह | 1917 ई. |
| अहमदाबाद मिल हड़ताल | 1918 ई. |
| सत्याग्रह सभा की स्थापना | फरवरी 1919 ई. |
| जलियाँवाला बाग हत्याकांड | 13 अप्रैल, 1919 ई. |

**59. (c)**

| **भौतिक राशियाँ** | **मात्रक** |
|---|---|
| त्वरण | मीटर/सेकेण्ड$^2$ |
| बल | न्यूटन |
| कार्य | जूल |
| आवेग | न्यूटन-सेकेण्ड |

**60. (d)**

सीटी बजाने से पूर्णतः घर्षणहीन पृष्ठ पर कोई भी व्यक्ति गति नहीं कर सकता, क्योंकि किसी भी प्रकार की गति के लिए घर्षण (Friction) या क्रिया-प्रतिक्रिया बल आवश्यक है। व्यक्ति की किसी पृष्ठ पर गति के प्रतिक्रिया स्वरूप उसके पैरों पर घर्षण बल या प्रतिक्रिया बल कार्य करता है। इसी आधार पर न्यूटन ने क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम प्रतिपादित किया है। जबकि किसी तंत्र पर लगा बल उस तंत्र के संवेग परिवर्तन कि दर के बराबर होता है अतः यदि किसी तंत्र पर कोई वाह्य बल क्रियाशील नहीं है तो इसका संवेग अपरिवर्तित रहता है। अतः कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

**61. (b)**

यद्यपि तांबे का घनत्व काँच के घनत्व से अधिक होता है किन्तु तांबे के अधिक गर्म प्रतीत होने का कारण काँच की अपेक्षा इसकी ऊष्मा चालकता का अधिक होना है। अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य है किन्तु कारण, (R) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**62. (a)**

सही सुमेलित है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| मृगतृष्णा | पूर्ण आन्तरिक परावर्तन |
| साबुन-पानी की परतों का रंग | व्यतिकरण |
| आकाश का नीला रंग | प्रकीर्णन |
| प्रिज्म से प्राप्त दृष्ट वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) | विक्षेपण |

**63. (a)**

तड़ित आघातों (आकाशीय बिजली) से इमारतों/भवनों को बचाने के लिए तड़ित चालकों का प्रयोग भवनों/इमारतों की छतों पर होता है। तड़ित चालक जो तांबे की तार का बना होता है यह अपने शीर्ष पर एक विद्युत क्षेत्र बनाता है जिससे कि आकाशीय बिजली इस पर अधिमान्य रूप से आघात करें। इसका दूसरा सिरा भवन के नीचे जमीन में दबा दिया जाता है जिससे अब आकाशीय बिजली भवन या इमारत पर गिरती है तो इसे तड़ित चालक द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है और (इमारतों को बिना नुकसान के) जमीन में बिजली की तार के माध्यम से स्थानांतरित कर दिया जाता है। अतः A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या करता है।

**64. (c)**

सही सुमेलन है –

| | | |
|---|---|---|
| आमाशय रस में उपस्थित अम्ल | – | हाइड्रोक्लोरिक अम्ल |
| हड्डियों में उपस्थित यौगिक | – | कैल्शियम फॉस्फेट |
| सिरका में उपस्थित अम्ल | – | एसीटिक अम्ल |
| दूध का खट्टा होना | – | लैक्टिक अम्ल |

**65. (a)**

सही सुमेलित सूची निम्नवत् हैं–

| **पदार्थ** | | **उपयोग** |
|---|---|---|
| सिल्वर ब्रोमाइड | – | फोटोग्राफी |
| सिल्वर आयोडाइड | – | कृत्रिम वर्षा |
| लिथियम बाईकार्बोनेट | – | गठिया का उपचार |
| दूधिया मैग्नीशिया | – | प्रति-अम्ल |

**66. (c)**

| **सूची I (कोशिका अंगक)** | **सूची II (प्रकार्य)** |
|---|---|
| माइटोकॉन्ड्रिया | ATP निर्माण (समावास) |
| क्लोरोप्लास्ट | प्रकाश-संश्लेषण |
| राइबोसोम | प्रोटीन संश्लेषण |
| लाइसोसोम | अंतः कोशिकीय पाचन |

**67. (c)**

माइटोकॉन्ड्रियल रिप्लेसमेंट थेरेपी (MRT) रिप्रोडक्टिव इनविट्रों फर्टिलाइजेशन (IVF) का एक नया रूप है जो महिलाओं के असामान्य माइटोकॉन्ड्रियल DNA (MT-DNA) को डोनर के स्वस्थ DNA से बदलने के सिद्धान्त पर काम करता है।

MRT में स्पिंडल ट्रांसफर (ST), प्रोन्यूक्लियर ट्रांसफर (PNT), पोलर बॉडी ट्रांसफर (PBT), जैसी विभिन्न तकनीकें शामिल हैं। आनुवंशिक विकारों से मुक्त स्वस्थ बच्चों का विकास और घातक माइटोकॉन्ड्रियल विकारों को समाप्त करना इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य है। लगभग सभी स्तनधारियों में, यह माइटोकॉन्ड्रियल जीनोम विशेष रूप से माँ से विरासत में मिला है और पैतृक माइटोकॉन्ड्रियल DNA (MTDNA) के संचरण को मनुष्यों में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया है। अतः कथन 1 और 2 दोनों सही है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**68. (c)**

प्रोबायोटिक खाद्य में सजीव जीवाणु विद्यमान होते हैं, जो मानव के लिए लाभकारी माने जाते हैं। प्रोबायोटिक खाद्य अन्त्र फ्लोरा के अनुरक्षण में सहायता देता है। उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं।

**69. (d)**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| रोग | कारक |
|---|---|
| प्लेग | जीवाणु |
| एड्स | विषाणु |
| गंजापन | कवक |
| मलेरिया | प्रोटोजोआ |

**70. (c)**

| कोशिका का प्रकार | प्रकार्य/कार्य |
|---|---|
| लाल रक्त कोशिका | - ऑक्सीजन का परिवहन |
| श्वेत रक्त कोशिका | - संक्रमण से संघर्ष |
| पट्टिकाणु (प्लेटलेट्स) | - रक्त के थक्का बनाने में सहायता करना |
| प्लाज्मा | - विलयित पदार्थों का वाहक |

**71. (d)**

मानव रक्त में पोटैशियम, सोडियम, लौह, कैल्शियम, हृदय की गति तथा माँसपेशियों को उत्तेजित एवं उनमें संकुचन के लिए आवश्यक है।

**72. (a)**

विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है। इसकी खोज मैकुलम ने की थी। इसका स्रोत गाजर, दूध, अण्डा, पनीर, मछली, यकृत तेल आदि है। इसकी कमी से होने वाले प्रमुख रोग रतौंधी, जीरोप्थैल्मिया, संक्रमण का खतरा आदि है।

विटामिन-सी का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक एसिड है। इसकी कमी से स्कर्वी, मसूड़े का फूलना आदि रोग होता है। विटामिन सी नींबू, संतरा, टमाटर, नारंगी, खट्टे पदार्थ आदि से मिलता है।

विटामिन-डी का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है। इसकी कमी से रिकेट्स रोग होता है।

विटामिन $B_6$ का रासायनिक नाम पाइरीडॉक्सिन है। इसकी कमी से एनीमिया, त्वचा रोग होते हैं।

**73. (b)**

कथन और कारण दोनो सत्य हैं किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। उल्लेखनीय है कि विटामिन $B_{12}$ अर्थात सायनोकोबालमिन जन्तु उद्गम खाद्य पदार्थों जैसे- मांस, मछली, अण्डा, दूध से प्राप्त किए जाते हैं। इसकी कमी से मनुष्य में तंत्रिका तंत्र की कार्यिकी तथा घातक रूधिर क्षीणता की स्थिति उत्पन्न होती है।

**74.(c)**

भारत में शिशु लिंगानुपात (0-6 वर्ष) 2001-11 में घटा है। 2001 में यह अनुपात 927 था जबकि 2011 में घटकर 919 हो गया। शिशु लिंगानुपात 1961 से निरंतर घट रहा है। हरियाणा का शिशु लिंगानुपात 2001-11 की अवधि में बढ़कर 834 हो गया है। भारत का ग्रामीण लिंगानुपात (949) नगरीय लिंगानुपात (929) से अधिक है। भारत में महिला शिशु मृत्यु दर पुरूष शिशु मृत्यु दर से अधिक है।

**75. (d)**

2001-2011 के दशक में जनसंख्या परिवर्तन का न्यूनतम प्रतिशतांश (17.7%) दर्ज किया गया था। जबकि भारत की जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि 1961-71 के दशक में 24.80% हुई थी।

**76. (d)**

जनगणना नगरों के अंतर्गत ऐसे सभी स्थान सम्मिलित किए गए हैं, जहाँ 2011 की जनगणना के अनुसार नगर पालिका, नगर निगम, छावनी बोर्ड तथा अधिसूचित नगर क्षेत्र समिति आदि स्थापित हो। इसके अतिरिक्त उक्त नगरीय क्षेत्र एक साथ निम्नलिखित तीन विशिष्टताओं को पूरा करता हो-

(1) वहां की जनसंख्या 5000 या अधिक हो।

(2) 75% कार्यशील पुरुष श्रमिक गैर कृषि कार्यों में नियोजित हो।

(3) वहां का जनसंख्या घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. हो।

**77.(b)**

कोविड़ के कारण आर्थिक गतिविधियों के रुकने से भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में कमी आयी थी। अतः पिछले दशक में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। अतः कथन 1 गलत है। विकास दर गिरने के बावजूद पिछले दशक में बाजार कीमतों पर (रुपयों में) सकल घरेलू उत्पाद लगातार बढ़ता रहा है।

**78. (a)**

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (GDP) एक देश के कुल उत्पादन का एक उपाय है। इसकी गणना के लिए सकल घरेलू उत्पाद में देश की जनसंख्या को भाग दिया जाता है। जीडीपी की वृद्धि से प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि को दर्शाता है। लेकिन मुद्रा स्फीति से उत्पादक वर्ग को लाभ होता है। लेकिन ऋणात्मक स्फीति से उत्पादक वर्ग को हानि होती है। लेकिन उपभोक्ता वर्ग को व निश्चित आय व ऋण देने वाले को लाभ होता है और वह उपभोग बढ़ा कर, ऋण को बढ़ा कर GDP की कमी को पूरा कर देता है। जिसे ऋणात्मक स्फीति से निर्यात भी बढ़ जाता है और उत्पादन एक सामान्य रफ्तार लगभग बनी रहती है। अतः ऋणात्मक स्फीति से GDP घट रही है। का अनुभव निश्चित नहीं है।

**79.(b)**

भारत में दालों की कमी है, परंतु प्रोटीन की नहीं क्योंकि यहाँ प्रोटीन के अन्य स्रोत भी उपलब्ध है। चूँकि भारत में दालों की माँग में वरीयता है। इसलिए दालों की कमी की समस्या आती है। अतः कथन एवं कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की व्याख्या नहीं करता है।

**80. (a)**

प्रश्नानुसार दिए गए घटनाओं का कालानुक्रम इस प्रकार है–

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना – 2 अक्टूबर, 1975

नाबार्ड की स्थापना– 12 जुलाई 1982

स्वयं सहायता समूह का बैंक लिंकेज कार्यक्रम– 1992

किसान क्रेडिट कार्य योजना – 1998



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**81. (b)**
'मेक इन इण्डिया' पहल की शुरुआत 25 सितम्बर, 2014 को देशव्यापी स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र के संवर्धन हेतु भारत को महत्वपूर्ण विनिर्माण निवेश तथा अभिनव प्रयोगों के वैश्विक केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के लिए हुई। इसके लिए 25 औद्योगिक क्षेत्रों की पहचान की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना तथा लक्षित क्षेत्रों अर्थात दूरसंचार फार्मास्यूटिल्स, पर्यटन आदि में निवेश को सुगम बनाना है। साथ ही युवा उद्यमियों के अभिनव विचारों को बढ़ावा देना है।

**82.(d)**
भारत में वित्तीय समावेशन प्राप्त करने के लिए निम्न कदम उठाए गए–
(i) बैंकों का दो चरणों में राष्ट्रीयकरण
1969 में 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण
1980 में 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण
(ii) 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का गठन
(iii) 1969 से बैंक की शाखाओं का गाँवों तक विस्तार

**83. (b)**
प्रश्न में दिये गये रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर का सही कालक्रम निम्न है-

| (गवर्नर) | | (कार्यकाल) |
|---|---|---|
| डॉ. आई.जी. पटेल | – | दिसम्बर 1977 से सितम्बर 1982 |
| डॉ. मनमोहन सिंह | – | सितम्बर 1982 से जनवरी 1985 |
| डॉ. सी. रंगराजन | – | दिसम्बर 1992 से नवम्बर 1997 |
| डॉ. सुब्बाराव | – | सितम्बर 2008 से सितम्बर 2013 |

**नोट-** वर्तमान में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास हैं।

**84. (b)**
सिंगापुर का स्टॉक एक्सचेंज स्ट्रैड्स टाइम्स है। जबकि अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

**85. (a)**

| घाटे का प्रकार | व्याख्या |
|---|---|
| वित्तीय घाटा | कुल व्यय-राजस्व प्राप्तियाँ एवं ऋणरहित पूँजीगत प्राप्तियाँ |
| राजस्व घाटा | राजस्व व्यय - राजस्व प्राप्तियाँ |
| प्रभावी राजस्व घाटा | राजस्व घाटा-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सर्जन हेतु अनुदान |
| प्राथमिक घाटा | वित्तीय घाटा-ब्याज भुगतान |

**86. (a)**
चालू खाते में रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता की घोषणा 28 फरवरी, 1994 को की गई। रुपये की पूर्ण विनिमेयता/परिवर्तनीयता का अर्थ है चालू खाते तथा पूँजी खाते पर होने वाली सभी व्यवहारों को पूरा करने के लिए रुपये को किसी भी अंतरराष्ट्रीय स्वीकृत मुद्रा में परिवर्तित करने की स्वतंत्रता तथा विदेशी मुद्रा को देश की मुद्रा में परिवर्तित करने की स्वतंत्रता। पूँजी खाते पर परिवर्तनीयता का अर्थ हुआ पूँजी के अंतर्प्रवाह तथा बहिर्प्रवाह, भारतीयों द्वारा भारत में भारत से बाहर सम्पत्ति को बेचना तथा खरीदना तथा प्राप्त रुपये को देश से बाहर ले जाने पर या किसी विदेशी करेंसी में अपना जमा रखने की पूर्ण स्वतंत्रता। पूँजी खाता पर परिवर्तनीयता के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, एस०एस० तारापोर की अध्यक्षता में गठित समिति ने् जून, 1997 में कुछ निश्चित दशाओं की पूर्ति पर क्रमिक ढंग से पूंजी खाते पर परिवर्तनीयता की संस्तुति की। यद्यपि पूँजी खाते पर पूर्ण परिवर्तनीयता नहीं हुयी है पर पूँजी खाते पर उदारीकरण के संबंध में अनेक कदम उठाए गए हैं।

**87. (a)**
20वीं शताब्दी में निर्धनता एवं निर्धन व्यक्ति हमारी चिन्ता एवं कर्तव्य के विषय बने, क्योंकि 20वीं शताब्दी में दो विश्व युद्धों और वैश्विक स्तर पर हुए विविध परिवर्तनों के कारण इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा सका। रणनीतिक रुप से यहाँ लक्ष्य भेदन क्रियाओं का अभाव था, जिसके फलस्वरुप इस मुद्दे को गति मिली। यह कारण सत्य है। अभिकथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही है **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

**88.(d)**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना | 2001 |
| B. स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना | 1999 |
| C. रोजगार गारंटी योजना | 1993 |
| D. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना | 2000 |

**89.(b)**
संसदात्मक सरकार-सामूहिक उत्तरदायित्व; अध्यक्षात्मक सरकार-शक्ति पृथक्करण; संघात्मक शासन व्यवस्था – शक्तियों का विभाजन तथा एकात्मक शासन व्यवस्था – शक्तियों का केन्द्रीकरण। संसदात्मक सरकार तथा एकात्मक शासन व्यवस्था का सबसे अच्छा उदाहरण ग्रेट ब्रिटेन है तथा संघात्मक शासन और अध्यक्षात्मक सरकार का सबसे अच्छा उदाहरण संयुक्त राज्य अमेरिका है।

**90. (a)**
के.सी. व्हीयर ने भारतीय संविधान को **अर्द्धसंघीय** कहा है। यानी भारतीय संविधान न तो संघात्मक है और न ही एकात्मक। अतः कथन एवं कारण दोनों सही है, एवं कारण, कथन की व्याख्या करता है।

**91. (b)**
भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित प्रावधान अमेरिकन संविधान से लिए गए हैं, परन्तु भारतीय संविधान के लम्बा होने का यह एकमात्र कारण नहीं है। ज्ञातव्य है कि भारतीय संविधान में **22** भाग एवं **395 अनुच्छेद** (मूल रूप से) तथा **12 अनुसूचियां** हैं। अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**92.(c)**
86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा **अनुच्छेद 21 (क)** जोड़कर 6 से 14 वर्ष के सभी बालकों को निःशुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने का मूल अधिकार प्रदान किया गया है। **अनुच्छेद 24** में कारखानों तथा अन्य जोखिमपूर्ण कार्यों में बच्चों के नियोजन का निषेध किया गया है। अतः प्रश्न का विकल्प (3) सुमेलित नहीं है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**93. (b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| प्रावधान | अनुच्छेद |
|---|---|
| विधि के सम्मुख समानता | 14 |
| कार्य करने का अधिकार | 41 |
| कार्य करने हेतु सही और मानवीय स्थितियाँ | 42 |
| ग्राम पंचायतों का गठन | 40 |

**94. (a)**

हरियाणा राज्य का गठन **1966** में (पंजाब से अलग करके) किया गया। चौथा आम चुनाव **1967** ई0 में सम्पन्न हुआ था। मेघालय तथा त्रिपुरा राज्य का गठन 1972 ई0 में किया गया। जबकि मैसूर राज्य का नाम **1973** ई0 में बदलकर **कर्नाटक** कर दिया गया। अतः सही क्रम 2,1,4,3 होगा।

**95. (d)**

- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नालसा मामले में ट्रांसजेण्डर (विपरीत-लिंगियों) व्यक्तियों के लिए नागरिक अधिकारों को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। विपरीत लिंगियों के अधिकारों को अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत स्थापित किया ।
- आरुषि धसमाना बनाम भारत संघ के वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह धारित किया कि क्रेनियोपैगस जुड़वाओं के अधिकार अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत शामिल है।
- सुचिता श्रीवास्तव और एक अन्य बनाम चण्डीगढ़ शासन प्रबन्ध मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने धारित किया कि बच्चे को जन्म देने का मंदितमना महिलाओं का अधिकार अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत शामिल है।

**96. (a)**

भारतीय संविधान के भाग-IV(A) के अनुच्छेद 51 (क) के अन्तर्गत 10 मूल कर्तव्यों का वर्णन था लेकिन 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 से 11वाँ मूल कर्तव्य जोड़ा गया।

भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह –

1. संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे,
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे,
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें,
4. देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें,
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।
6. हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परीरक्षण करे।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणि मात्र के प्रति दयाभाव रखे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें,
9. सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढने का सतत् प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढते हुए प्रयत्न एवं उपलब्धि की नई ऊँचाईयों को छू ले।
11. यदि माता-पिता या संरक्षक है, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

**97. (b)**

संविधान के **अनुच्छेद 361 (2)** के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल पर उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी कार्य के लिए न्यायालीय कार्यवाही नहीं की जा सकती। राष्ट्रपति पर संविधान के अतिक्रमण के आधार पर महाभियोग चलाया जा सकता है और राज्यपालों को असंवैधानिक कृत्यों के करने पर पदच्युत किया जा सकता है।

**98. (a)**

राष्ट्रपति का **अप्रत्यक्ष** चुनाव, संविधान में परिकल्पित सरकार की **संसदीय व्यवस्था** के साथ सद्भाव रखता है। इस व्यवस्था में राष्ट्रपति केवल नाममात्र का कार्यकारी होता है तथा मुख्य शक्तियाँ प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले **मंत्रिमण्डल** में निहित होती हैं। यह उचित नहीं होता, यदि राष्ट्रपति का प्रत्यक्ष चुनाव होता और उसे वास्तविक शक्तियाँ न दी जातीं।

**99.(d)**

| राज्य | लोक सभा सीट |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 25 |
| तमिलनाडु | 39 |
| महाराष्ट्र | 48 |
| छत्तीसगढ़ | 11 |
| पश्चिम बंगाल | 42 |

**100. (d)**

प्रश्न में दिए गए पूर्व प्रधानमंत्रियों में से श्री चंद्रशेखर ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो प्रधानमंत्री बनने के पूर्व किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री नहीं रहे। श्री चंद्रशेखर, वी. पी. सिंह की सरकार गिरने के पश्चात् कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से 10 नवम्बर, 1990 से 21 जून, 1991 तक भारत के प्रधानमंत्री थे, जबकि चौधरी चरण सिंह तथा वी. पी. सिंह प्रधानमंत्री बनने के पूर्व **उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे। नरसिम्हा राव जो 1991 से 1996 तक भारत के प्रधानमंत्री थे, प्रधानमंत्री बनने के पूर्व 1971-73 तक आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोरारजी देसाई, जो जनता पार्टी के शासनकाल में 24 मार्च, 1977 से 28 जुलाई, 1979 तक भारत के प्रधानमंत्री थे, भी प्रधानमंत्री बनने के पूर्व सन् 1952 से 1956 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**101. (c)**

अनुच्छेद 202(3)क के अनुसार **राज्यपाल की परिलब्धियाँ (वेतन)** और **भत्ते** तथा उसके पद से सम्बन्धित अन्य **व्यय राज्य की संचित निधि** (Consolidated Fund of state) पर भारित होते हैं।

**अनु. 158 (3क)** के अनुसार जब **एक ही व्यक्ति दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त** किया जाता है, वहाँ उस **राज्यपाल** को **संदेय उपलब्धियाँ** और **भत्ते** उन राज्यों के बीच ऐसे अनुपात में आवंटित किए जाएंगे जो **राष्ट्रपति आदेश** द्वारा अवधारित करे।

राष्ट्रपति की तरह राज्यपाल को भी अनेक विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ प्राप्त हैं। उसे अपने **शासकीय कृत्यों के लिए विधिक** दायित्व से निजी उन्मुक्ति प्राप्त होती है। अपने कार्यकाल के दौरान उसे आपराधिक कार्यवाही की सुनवाई से उन्मुक्ति प्राप्त है। संविधान के **अनुच्छेद 158(4)** में **राज्यपाल की उपलब्धियाँ** और **भत्ते उसकी पदावधि** के दौरान कम नहीं किये जायेंगे।

**102. (c)**

सही सुमेल इस प्रकार है–

| **(वन्य जीव अभयारण्य)** | **- (अवस्थिति)** |
|---|---|
| (a) महावीर स्वामी अभयारण्य | - जनपद ललितपुर |
| (b) लाख बहोशी अभयारण्य | - जनपद कन्नौज |
| (c) किशनपुर वन्य जीव अभयारण्य | - जनपद लखीमपुर खीरी |
| (d) कैमूर अभयारण्य | - मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद |

**103. (d)**

सरसई झील उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में स्थित है। प्रश्नगत् सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| **(झील)** | **–** | **(स्थान)** |
|---|---|---|
| सौज झील | – | मैनपुरी |
| शेखा झील | – | अलीगढ़ |
| बखीरा झील | – | संत कबीर नगर |
| सरसई झील | – | इटावा |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**104.(a)**

| | |
|---|---|
| आई.आई.वी.आर. (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजीटेबल रिसर्च) | वाराणसी |
| आई.आई.पी.आर. (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पल्सेस रिसर्च) | कानपुर |
| आई.वी.आर.आई. (इंडियन वेटेनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट) | इज्जत नगर, बरेली |
| आई.जी.एफ.आर.आई. (इंडियन ग्रासलैंड एंड फॉडर रिसर्च इंस्टीट्यूट | झांसी |

**105.(c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| **(शहर)** | **(विशेषता)** |
|---|---|
| वाराणसी | संस्कृति एवं धर्म |
| लखनऊ | प्रदेश की राजधानी |
| झाँसी | ऐतिहासिक पर्यटन स्थल |
| मुरादाबाद | पीतल उद्योग |

**106. (b)**

सही सुमेलन निम्नलिखित है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| काले मिट्टी के बर्तन | निजामाबाद |
| चीनी मिट्टी के बर्तन | खुर्जा |
| पीतल शिल्पकृति | मुरादाबाद |
| शीशा शिल्पकृति | फिरोजाबाद |

**107. (c)**

सही सुमेलन है-

| **उद्योग** | - | **शहर** |
|---|---|---|
| कृत्रिम अंग निर्माण | - | कानपुर |
| काँच उद्योग | - | फिरोजाबाद |
| डीजल लोकोमोटिव वर्क्स | - | वाराणसी |
| परमाणु विद्युत संयंत्र | - | नरौरा (बुलंदशहर) |

**108.(d)**

उक्त कूट का सही विकल्प इस प्रकार है—

| **नगर** | **हवाई अड्डा** |
|---|---|
| A. लखनऊ | - अमौसी |
| B. वाराणसी | - बाबतपुर |
| C. कानपुर | - चकेरी |
| D. आगरा | - खेरिया |

**109.(c)**

कथन सत्य है क्योंकि भोजपुरी पूर्वी उत्तर प्रदेश की लोकभाषा है किन्तु इसका कारण असत्य है क्योंकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग भोजपुरी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं को बोलने में भी सहज होते हैं।

**110.(c)**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यकांत त्रिपाठी | – | निराला |
| रघुपति सहाय | – | फिराक गोरखपुरी |
| वैद्यनाथ मिश्र | – | नागार्जुन |
| धनपत राय श्रीवास्तव | – | मुंशी प्रेमचन्द |

**111. (a)**

श्रेणी 5, 7, 9, 11, 13 ........... 100वाँ पद तक

nवाँ पद $t_n = a + (n - 1)d$

जहाँ a– प्रथम पद

n– पदों की संख्या

d– सार्वन्तर

100वां पद $t_{100} = 5 + (100 - 1) \times 2$

$= 5 + (100 - 1) \times 2$

$= 5 + 198 = 203$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**112.** (b)

3, 11, 13, 17 ,  3, 5, 41, 47 ,  3, 7, 17, 71

विकल्प (a) (c) व (d) में सभी विषम अभाज्य संख्याएं है, जबकि विकल्प (b) 7, 14, 18, 37 में 14, 18 दो सम तथा भाज्य संख्याएं है।

**113.** (b)

परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों का % = 35%

$\therefore$ परीक्षा में फेल हुए छात्रों का प्रतिशत = 100 – 35 = 65%

$\therefore$ प्रश्न के अनुसार 65% = 455

$\therefore 1\% = \frac{455}{65}$

$\therefore 100\% = \frac{455\times100}{65} = 700$

अतः छात्रों की कुल सं. = 700

**114. (b)**

टी.वी. सेट का क्रयमूल्य (CP) = 3500

लाभ (P) = 20%

विक्रय मूल्य (SP) = $\frac{CP(100+P)}{100}$

$= \frac{3500(100+20)}{100}$

= 35 × 120

= 4200 रु.

**115. (b)**

$\frac{M_1H_1D_1}{W_1} = \frac{M_2H_2D_2}{W_2}$ से,

$10\times 9\times 20 = 25\times 6\times D_2$

$D_2 = \frac{10\times9\times20}{25\times6} = 12$ दिन

**116. (c)**

श्रेणी निम्नवत् है–




Dele: ? = 132

**117. (a)**

शृंखला निम्नवत है–




अतः लुप्त संख्यायें क्रमशः 8 और 0 हैं।

**118. (b)**

जिस प्रकार

S I S T E R और A R C
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓  ↓ ↓ ↓
2 1 2 3 4 5  6 5 8

उसी प्रकार सुमेलित करने पर

A R R E S T
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
6 5 5 4 2 3

अतः A R R E S T, 655423 से सुमेलित है।

**119. (b)**

A —27 – 1 = 26— Z
B —27 – 2 = 25— Y
S —27 – 19 = 8— H
E —27 – 5 = 22— V
N —27 – 14 = 13— M
T —27 – 20 = 7— G

P —27 – 16 = 11— K
R —27 – 18 = 9— I
E —27 – 5 = 22— V
S —27 – 19 = 8— H
E —27 – 5 = 22— V
N —27 – 14 = 13— M
T —27 – 20 = 7— G

प्रत्येक अक्षर को उनकी अंग्रेजी वर्णमाला क्रम की स्थिति के अनुसार घटाया गया तथा उनके विपरीत क्रम से नए अक्षरों को प्राप्त किया गया है जैसे A की स्थिति अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पहली है अतः उसकी विपरीत संख्या प्राप्त करने के लिए 27 – 1 = Z प्राप्त की गई है।

**120. (b)**

आरेख निम्नवत् है–




अतः D के चाचा A होंगे।

**121. (d)**

प्रश्न को शर्तों के अनुसार आरेख निम्नवत होगा-




पाइथागोरस के नियम से X और W के मध्य की दूरी

$= \sqrt{xv^2 + vw^2} \quad = \sqrt{6^2+8^2}$

$= \sqrt{36+64} \quad = \sqrt{100} = 10$ किमी.

**122. (a)**

प्रश्नानुसार 7 तारीख का दिन = रविवार – 2 = शुक्रवार

7 से 28 तक के कुल दिन = 28 – 7 = 21

अतः शेष दिन = $\frac{21}{7} \Rightarrow 0$ दिन

अतः 27 का अगला दिन अर्थात् 28 तारीख को शुक्रवार होगा।

**123. (b)**

मंगलवार दोपहर 1 बजे से वृहस्पतिवार दोपहर 1 बजे अर्थात् 48 घण्टे में घड़ी के समय में आया कुल परिवर्तन = 3 मिनट

अतः घड़ी में प्रति मिनट हुआ परिवर्तन = $\frac{48}{3} = 16$ घण्टे

अर्थात् घड़ी ने 16 घण्टे पश्चात् सही समय बताया था।

अतः मंगलवार दोपहर 1 बजे + 16 घण्टे = बुधवार प्रातः 5 बजे।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**124. (d)**




एक अक्षर से बनने वाले वर्गों की संख्या = 16
चार अक्षरों से बनने वाले वर्गों की संख्या = 9
नौ अक्षरों से बनने वाले वर्गों की संख्या = 4
सभी अक्षरों से बनने वाले वर्गों की संख्या = 1
अतः कुल वर्गों की संख्या = 16 + 9 + 1 + 4 = 30

**125. (b)**
प्रथम शर्त के अनुसार Q के दायी तरफ व्यक्तियों की संख्या 11 है।
अतः पंक्ति में कुल व्यक्तियों की संख्या
= 18+11
= 29
इस प्रकार पंक्ति में P व Q के अतिरिक्त व्यक्तियों की संख्या
= 29 –2
= 27 उत्तर

**126.** (c)
देश का पहला सूर्य मिशन आदित्य L-1, 2 सितम्बर, 2023 को PSLV-C57 रॉकेट का प्रयोग कर लांच किया गया। 127 दिनों में लगभग 15 लाख किमी. दूरी तय करने के बाद यह मिशन लग्रेंज बिन्दु L-1 पर पहुंच गया।

**127.** (a)
फरवरी, 2024 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य संवर्धन के लिए नेल्सन मंडेला अवार्ड, 2024 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 2024 में बंगलूरु स्थित निमहांस (NIMHANS) नामक मेंटल हेल्थ संगठन को प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा हुई थी।

**128.** (c)
जनवरी 2024 में जापानी अंतरिक्ष एजेन्सी JAXA के 'SLIM' लैंडर ने सफलतापूर्वक चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इस लैंडर को 'मून स्नाइपर' नामक रॉकेट से लांच किया गया।
अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद जापान यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का 5वां देश बन गया।

**129.** (c)
केन्द्रीय बजट 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.1%, प्राथमिक घाटा 1.5% तथा राजस्व घाटा 2.0% अनुमानित है। अतः उपर्युक्त प्रश्न में कथन 1 एवं 2 सत्य तथा कथन 3 असत्य है।

**130.** (d)
10 जनवरी, 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोले जाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। 2024 में इसकी थीम ''हिंदी-पारंपरिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ना'' है।

**131.** (b)
7 फरवरी, 2024 को उत्तराखण्ड, समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने वाला पहला राज्य बन गया है। समान नागरिक संहिता से तात्पर्य सभी धर्मों एवं जातियों के व्यक्तियों के लिए एक समान कानून से है।

**132.** (c)
श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह में 18 जनवरी, 2024 को श्री रामलला की प्रतिमा स्थापित की गई। 22 जनवरी, 2024 को इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा की गई। इस प्रतिमा की ऊँचाई 4.24 फीट है और इसका वजन 200 किग्रा. है। इस प्रतिमा के मूर्तिकार कर्नाटक के अरुण योगीराज हैं। अतः चारो कथन सत्य है।

**133.** (b)
फरवरी 2024 में महाराष्ट्र राज्य में मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री वयोश्री योजना शुरु करने के लिए सामाजिक न्याय विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। यह योजना 480 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के सभी जिलों में लागू की जायेगी। इस योजना के तहत् 65 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र लोगों को 3000 रुपये प्रदान किए जायेंगे।

**134.** (d)
6 फरवरी, 2024 को दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण किया गया। इसका आयोजन भारत में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 6 टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ, एशियाई हैंडबॉल महासंघ तथा भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से आयोजित की जाएगी।

**135.** (a)
फरवरी, 2024 में संपन्न टेनिस प्रतियोगिता थाईलैंड ओपन, 2024 के महिला एकल का खिताब 'डायना श्नाइडर' ने लिन झू को हराकर जीता।

**136.** (c)
बजट 2024-25 में सकल कर राजस्व (Gross Tax Receipt) GDP का 11.7 प्रतिशत है। जिसमें प्रत्यक्ष कर का हिस्सा 57.4 प्रतिशत एवं अप्रत्यक्ष कर का हिस्सा 42.6 प्रतिशत है।

**137.** (a)
बजट अनुमान 2024-25 में ब्याज भुगतान हेतु लगभग 11.9 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जो वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान लगभग 10.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। विगत वर्षों में ब्याज भुगतान राशि में निरंतर वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गई है। अतः दोनों ही कथन सही है।

**138.** (c)
5 फरवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट अनुमान प्रस्तुत किया। जिसका कुल आकार 736437.71 करोड़ रुपये है। बजट में 24863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गई है।

**139.** (b)
जनवरी 2024 में उष्णकटिबन्धीय चक्रवात किरिली ने ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैण्ड को सर्वाधिक प्रभावित किया।

**140.** (c)
2-18 फरवरी, 2024 के बीच हरियाणा के फरीदाबाद में 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन प्रतिवर्ष हरियाणा सरकार द्वारा किया जाता है। इस बार इस मेले में अफ्रीकी देश तंजानिया भागीदार देश है। मेले की थीम गुजरात राज्य पर आधारित थी। इस प्रकार तीनों कथन सही हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 15. (a) | 29. (b) | 43. (c) | 57. (a) | 71. (d) | 85. (c) | 99. (c) | 113. (c) | 127. (b) |
| 2. (a) | 16. (d) | 30. (d) | 44. (c) | 58. (a) | 72. (b) | 86. (c) | 100. (c) | 114. (a) | 128. (b) |
| 3. (b) | 17. (a) | 31. (b) | 45. (d) | 59. (b) | 73. (d) | 87. (d) | 101. (a) | 115. (a) | 129. (d) |
| 4. (c) | 18. (c) | 32. (d) | 46. (a) | 60. (c) | 74. (b) | 88. (d) | 102. (d) | 116. (d) | 130. (b) |
| 5. (b) | 19. (d) | 33. (c) | 47. (a) | 61. (a) | 75. (d) | 89. (c) | 103. (c) | 117. (c) | 131. (d) |
| 6. (b) | 20. (d) | 34. (b) | 48. (c) | 62. (c) | 76. (a) | 90. (a) | 104. (b) | 118. (a) | 132. (c) |
| 7. (a) | 21. (a) | 35. (c) | 49. (a) | 63. (b) | 77. (c) | 91. (c) | 105. (b) | 119. (c) | 133. (a) |
| 8. (b) | 22. (c) | 36. (c) | 50. (b) | 64. (c) | 78. (d) | 92. (b) | 106. (b) | 120. (c) | 134. (a) |
| 9. (b) | 23. (b) | 37. (b) | 51. (c) | 65. (d) | 79. (a) | 93. (c) | 107. (b) | 121. (c) | 135. (d) |
| 10. (d) | 24. (a) | 38. (b) | 52. (c) | 66. (b) | 80. (b) | 94. (d) | 108. (c) | 122. (c) | 136. (a) |
| 11. (c) | 25. (c) | 39. (c) | 53. (c) | 67. (d) | 81. (b) | 95. (c) | 109. (c) | 123. (b) | 137. (d) |
| 12. (a) | 26. (c) | 40. (a) | 54. (c) | 68. (c) | 82. (d) | 96. (b) | 110. (d) | 124. (d) | 138. (a) |
| 13. (b) | 27. (a) | 41. (a) | 55. (a) | 69. (c) | 83. (d) | 97. (c) | 111. (a) | 125. (c) | 139. (b) |
| 14. (a) | 28. (c) | 42. (b) | 56. (c) | 70. (a) | 84. (d) | 98. (d) | 112. (b) | 126. (a) | 140. (d) |

## SOLUTION

**1. (c)**

दिये गए प्रश्न में तीन युग्म सही सुमेलित नही है।

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **जलाशय** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| घाटप्रभा | - | कर्नाटक |
| गांधी सागर | - | मध्य प्रदेश |
| इंदिरा सागर | - | मध्य प्रदेश |
| मैथॉन | - | झारखण्ड |

**2. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **सूची–I/(क्षेत्र)** | **सूची–II/(राज्य)** |
|---|---|
| बघेलखण्ड | मध्य प्रदेश |
| कुट्टनाड | केरल |
| सौराष्ट्र | गुजरात |
| राढ़ | पश्चिम बंगाल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**3.(b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| (a) पीरपंजाल | – | लघु हिमालय |
| (b) पोटवार | – | पाकिस्तान पठार |
| (c) $K_2$या गॉडविन ऑस्टिन | – | काराकोरम की पर्वत चोटी |
| (d) करेवा | – | कश्मीर घाटी में स्थित उपजाऊ मैदान |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**4. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| **(पर्वत शिखर)** | **(पर्वतमाला)** |
|---|---|
| डोडाबेट्टा | नीलगिरी पहाड़ियाँ |
| नंदा देवी | हिमालय पर्वत |
| अमरकंटक | मैकाल पर्वत |
| गुरू शिखर | अरावली पर्वत |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**5. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| दक्कन ट्रैप | क्रिटेशिस-आदिनूतन |
| पश्चिमी घाट | उत्तर नूतन जैव |
| अरावली | पूर्व कैम्ब्रियन |
| नर्मदा-ताप्ती जलोढ़ निक्षेप | अत्यन्त नूतन |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**6. (b)**

झेलम नदी लद्दाख में स्थित वेरीनाग झील से निकलती है और पश्चिम की ओर बहते हुए चिनाब नदी में मिल जाती है। चिनाब में मिलने से पहले यह नदी वुलर झील में मिलती है और फिर आगे बहती है। अतः कथन (1) सत्य है।

- कृष्णा नदी पूर्व की ओर बहते हुए बंगाल की खाड़ी में मिलती है। कोलेरू झील से इसका कोई सम्पर्क नहीं है अतः (2) गलत है।
- कॉवर ताल अभ्यारण्य बिहार राज्य में स्थित एक रामसर स्थल है। यह गंडक नदी के विपथन के कारण बनी एक गोखुर झील है। अतः कथन (3) सही है।

उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही है अतः विकल्प (b) सही है।

**7. (a)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

यमुना नदी यमुनोत्री से निकलती है एवं प्रयागराज में गंगा नदी में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियों का पश्चिम से पूर्व क्रम इस प्रकार है- चम्बल → सिन्ध → बेतवा → केन।

**8. (b)**

प्रश्नगत नदियों का पूर्व से पश्चिम दिशा में क्रम निम्न है- तीस्ता → कोसी → गंडक → शारदा

* तीस्ता नदी, ब्रह्मपुत्र की दाहिने तट की प्रमुख सहायक नदी है, जो तिब्बत तथा सिक्किम राज्य की सीमा पर स्थित 'पहुनरी' ग्लेशियर से 7068 मी. की ऊंचाई से निकलती है तथा रंगपुर जिले (बांग्लादेश) में ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है।
* कोसी नदी, माउंट एवरेस्ट के पास गोंसाई थान चोटी से निकलकर भागलपुर जनपद में कारगोला के दक्षिण पश्चिम में गंगा नदी में मिल जाती है।
* गण्डक नदी, तिब्बत-नेपाल सीमा पर धौलागिरी पर्वत श्रेणी से निकलकर पटना के निकट सोनपुर में गंगा नदी में मिल जाती है।
* शारदा नदी, तिब्बत के सीमांत पूर्वोत्तर कुमायूँ के निकट मिलाम हिमनद से निकलकर भारत-नेपाल सीमा के साथ बहते हुए घाघरा नदी में मिल जाती है।

**9. (b)**

सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-

| (अपवाह प्रतिरूप) | (नदियाँ) |
|---|---|
| अनुवर्ती | सारावती, पेरियार |
| परवर्ती | चम्बल, बेतवा |
| पूर्ववर्ती | सिन्धु, ब्रह्मपुत्र |
| अध्यारोपित | स्वर्णरेखा, सोन |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**10. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है:–

| बीच (समुद्र तट) | | (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| कोलवा | – | गोवा |
| मंगरोल | – | गुजरात |
| कन्नूर | – | केरल |
| बक्खाली | – | पश्चिम बंगाल |

**11. (c)**

सही सुमेलित हैं –

| (जल प्रपात) | | (नदी) |
|---|---|---|
| शिवसुन्दरम जलप्रपात | - | कावेरी नदी |
| जोग जलप्रपात | - | शरावती नदी |
| वट्टापराई जलप्रपात | - | पड़यार/पझायर नदी (तमिलनाडु) |
| धुआंधार जलप्रपात | - | नर्मदा नदी |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**12. (a)**

प्रश्नगत विकल्पों में दिए गए दर्रे और उनकी अवस्थिति इस प्रकार है-

| दर्रे | राज्य में स्थिति |
|---|---|
| शिपकीला दर्रा | हिमाचल प्रदेश |
| जेलेप्ला दर्रा | सिक्किम |
| बोमडिला दर्रा | अरुणाचल प्रदेश |
| माना और नीति दर्रा | उत्तराखण्ड |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित नही है। शेष विकल्प सुमेलित हैं।

**13. (b)**

उत्तर भारत से दक्षिण भारत की तरफ दर्ज तापमान बढ़ता है क्योंकि दक्षिण भारत उष्ण कटिबन्ध में स्थित है जबकि उत्तर भारत उपोष्ण कटिबन्ध में अतः कथन (i) गलत है। उत्तर भारत के मैदानों में वर्षा पश्चिम से पूर्व की तरफ बढ़ती जाती है क्योंकि समुद्र से बढ़ती दूरी के साथ मानसूनी वर्षा में घटने की प्रवृत्ति पायी जाती है। दक्षिण भारत से उत्तर भारत की ओर मानसून की अवधि घटती जाती है। पंजाब में मानसून की अवधि ढाई मास है जबकि कोरोमण्डल तट (केरल) पर मानसून की अवधि साढ़े छः माह है।

**14. (a)**

वन क्षेत्र एवं जनसंख्या वृद्धि में प्रायः नकारात्मक सम्बन्ध होता है और भारत में वन क्षेत्र का ह्रास भारत के जनांकिकीय संक्रमण से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है। अतः प्रश्नगत कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कथन कारण की सही व्याख्या भी कर रहा है।

**15. (a)**

महाराष्ट्र राज्य का कोयना क्षेत्र निकट भविष्य में अधिक भूकम्प प्रभावित होगा, इसका कारण कोयना बाँध एक पुराने भ्रंश तल पर अवस्थित है जो कोयना जलाशय में जलस्तर के परिवर्तन के साथ अधिक सक्रिय हो सकता है। जल स्तर के परिवर्तन से विवर्तनिकी के सिद्धान्त के अनुसार भारी प्लेट के ऊपर हल्की प्लेट विक्षेपित हो जाएगी जिससे भूकम्प आ सकता है।

**16 (d)**

हरित क्रान्ति के प्रथम चरण (1966-77) में उच्च उपज देने वाली फसलों की किस्में आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में प्रवर्तित की गयी थी। 1960 के दशक के मध्य में गेहूँ (मैक्सिको) तथा चावल (फिलीपींस) की किस्में अधिक उपज देने वाली थी जो कृषि के लिए उपलब्ध हुई तथा देश ने सिंचाई की सुविधा तथा रासायनिक खादों का उपयोग कर खाद्यान्न की उपज में वृद्धि की।

**17. (a)**

सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-

| क्षेत्र | स्थानान्तरित खेती |
|---|---|
| पश्चिमी घाट | कुमारी |
| दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान | वाल्तरे |
| उत्तरी-पूर्वी भारत | झूम |
| मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ | दहिया |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**18. (c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

गहन कृषि में निश्चित समयावधि में फसलों का अधिकाधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए भूमि की प्रत्येक ईकाई पर अधिक मात्रा में पूँजी एवं श्रम का उपयोग किया जाता है। अधिक जनसंख्या घनत्व तथा भूमि की कम उपलब्धता वाले क्षेत्रों में रासायनिक उर्वरकों, उन्नत बीजों, कीटनाशक दवाइयों, सिंचाई, फसल परिवर्तन, एवं कृत्रिम उपकरणों जैसे–ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि के प्रयोग से इस प्रकार की कृषि सम्पन्न की जाती है। इसके क्षेत्र जापान, भारत, चीन आदि है। सामान्यतः 200% से अधिक सस्य गहनता वाला क्षेत्र सघन कृषि क्षेत्र माना जाता है। अतः यहाँ पशुपालन की भूमिका नगण्य है। अतः कथन (A) सही है जबकि कारण (R) गलत है।

**19. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं–

| **( भाषा )** | | **( देश )** |
|---|---|---|
| डेनिश | – | डेनमार्क |
| डच | – | नीदरलैण्ड |
| मंदारिन | – | चीन |
| थाई | – | थाईलैण्ड |

• ध्यातव्य है कि बहासा, इण्डोनेशिया की आधिकारिक भाषा है। अतः विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**20. (d)**

अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान को स्वर्णिम अर्द्धचन्द्र (Golden Crescent) कहा जाता है। ये अफीम उत्पादक देश हैं। थाइलैण्ड, लाओस एवं म्यांमार को मिलाकर स्वर्णिम त्रिभुज (golden tringle) कहते है।

**21. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I (देश)** | | **सूची-II (राजधानी)** |
|---|---|---|
| अजरबैजान | – | बाकू |
| गैम्बिया | – | बांजुल |
| कजाखस्तान | – | नूर सुल्ताना (अस्ताना) |
| लाटविया | – | रिगा |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**22.(c)**

सही सुमेल इस प्रकार है–

| **सूची-I (असांतत्य)** | **सूची-I (असांतत्य से सम्बद्ध भूगर्भ की परतें)** |
|---|---|
| वाइचर्ट-गुटेनबर्ग असांतत्य | निचला मैंटिल और बाहरी क्रोड |
| मोहरोविसिक (मोहो) | निचली पर्पटी और ऊपरी मैंटिल |
| लेहमेन असांतत्य | बाहरी क्रोड और भीतरी क्रोड |
| कोनराड असांतत्य | निचली पर्पटी एवं ऊपरी पर्पटी |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**23.(b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I (पर्वत शिखर)** | **सूची-II (महाद्वीप)** |
|---|---|
| कोसिस्को | आस्ट्रेलिया |
| मैकिन्ले | उत्तरी अमेरिका |
| एल्ब्रुश | यूरोप |
| किलिमंजारो | अफ्रीका |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**24. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची - I (मरुस्थल)** | | **सूची - II (अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| सिम्पसन मरुस्थल | – | ऑस्ट्रेलिया |
| काराकुम मरुस्थल | – | तुर्कमेनिस्तान |
| सिचुरा | – | पेरु |
| नेगेव | – | इज़रायल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**25. (c)**

भूकम्प एक धरातलीय अभिक्रिया से उत्पन्न भौगोलिक परिणाम है जिसमें धरती एकाएक कम्पन करने लगती है। यह भूकंप के दौरान उत्पन्न तरंगों के कारण होती है। ये तरंगें तीन प्रकार (P, S और L) की होती है। सिस्मोग्राफ भूकम्प तरंगों के मापन का एक यंत्र है। सिस्मोग्राफ पर 'S' तरंगों से पहले 'P' तरंगों का अभिलेखन किया जाता है क्योंकि 'P' तरंग का वेग 'S' तरंग से अधिक होती है।

- 'P' तरंगें प्रसार की दिशा में गति करते हुए आगे-पीछे कम्पन करते हुए चलती है, जबकि 'S' तरंगें प्रसार कम्पन करते हुए चलती हैं। 'S' तरंगे प्रसार की दिशा में समकोणीय ऊपर-नीचे कम्पन करते हुए आगे बढ़ती हैं। इस प्रकार दोनों कथन सही हैं।

**26. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -

| **नदी** | | **सागर** |
|---|---|---|
| मेकांग | – | दक्षिणी चीन सागर |
| टेम्स | – | उत्तरी सागर |
| वोल्गा | – | कैस्पियन सागर |
| .जाम्बेज़ी | – | हिन्द महासागर |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**27. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं –

| **सूची-I (महासागर)** | **सूची-II (अधिकतम गहरा बिन्दु)** |
|---|---|
| प्रशांत | मेरियाना गर्त |
| आर्कटिक | मोलॉय गर्त |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | |
|---|---|
| हिंद | सुंडा गर्त |
| अटलांटिक | प्यूर्टोरिको गर्त |

**28.(c)**

लघु ज्वार-भाटा के समय उच्च ज्वार सामान्य से निम्नतर तथा निम्न ज्वार सामान्य से उच्चतर होता है। जबकि लघु ज्वार-भाटा वृहत ज्वार-भाटा के विपरीत पूर्ण चन्द्र के स्थान पर नव चन्द्र का समय नहीं हो सकता, क्योंकि लघु ज्वार आने की स्थिति में सूर्य, चंद्रमा तथा पृथ्वी की स्थिति समकोणीय होती है तथा वृहद ज्वार के लिए इनकी स्थिति एक सीध में होती है।

अतः कथन (A) सत्य है तथा कारण (R) गलत है।

**29. (b)**

प्राकृतिक पर्यावरण स्वच्छ होता है जबकि पर्यावरण को प्रदूषित करने में मानव क्रियाएं उत्तरदायी होती हैं। उत्पत्ति के स्रोत के आधार पर पर्यावरणीय प्रदूषण को दो भागों में विभाजित किया जाता है, प्राकृतिक प्रदूषण एवं मानवीय प्रदूषण। प्रकृति अपनी साइबरनेटिक्स क्षमता के कारण प्राकृतिक रूप से हुए प्रदूषण को आत्मसात करने में सक्षम है। परन्तु मानव जनित परिवर्तनों के कारण पर्यावरण में होने वाला प्रदूषण अपनी तीव्रता के कारण सामान्यतः अनुत्क्रमणीय होता है। अतः (A) एवं (R) दोनों सही है परन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**30. (d)**

प्रवाल मुख्य रूप से उष्णकटिबन्धीय महासागरों में जाये जाते हैं, क्योंकि इनको जीवित रहने के लिए (20°–21°C) तापक्रम आवश्यक होता है। 200 से 250 फीट (60–77 मीटर) से अधिक गहराई में प्रवाल मर जाते हैं।

प्रवाल के समुचित विकास के लिए सागरीय लवणता 27‰ से 30‰ होनी चाहिए। विश्व की एक तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य क्षेत्रों में स्थित हैं। उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों की अपेक्षा, प्रवाल भित्तियाँ कहीं अधिक संख्या में जन्तु संघों का परपोषण करती हैं, क्योंकि प्रवालों की 1000000 प्रजातियाँ है, जिनमें से केवल 10 प्रतिशत प्रजातियों का ही अध्ययन किया है।

**31. (b)**

प्राकृतिक वनस्पति जलवायु का सही सूचकांक है। वायुमण्डल में वैश्विक तापन से प्राकृतिक वनस्पति में भी परिवर्तन हो रहे हैं। जल प्रिय पौधे आर्द्र या दलदली भूमि में पाये जाते हैं। अर्थात् कथन एवं कारण दोनों सही हैं लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं कर रहा है।

**32. (d)**

**कथन-1** सही हैः फर्नेस तेल या ईंधन तेल पेट्रोलियम रिफाइनरीज का एक उप-उत्पाद है, यह एक गहरे रंग का चिपचिपा अवशिष्ट ईंधन है जो मुख्य रूप से कच्चे आसवन इकाई, लघु अवशेष और द्रवीकृत उत्प्रेरक क्रैकर इकाई से स्पष्ट तेल से भारी घटकों को मिलाकर प्राप्त किया जाता है।

**कथन-2** सही हैः इसका उपयोग मुख्य रूप से बिजली संयंत्रों, जहाजों पर और औद्योगिक संयंत्रों में भाप बॉयलरों के लिए किया जाता है।

**कथन-3** सही हैः ईंधन में निहित सल्फर, सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) के उत्सर्जन का कारण बनता है और द्वितीयक कण पदार्थ (PM) के निर्माण में भी योगदान देता है।

**33. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| **प्रदूषक** | **प्रभाव** |
|---|---|
| A. कार्बन मोनोऑक्साइड | 1. लीवर और किडनी को क्षति |
| B. नाइट्रोजन के ऑक्साइड | 2. कैन्सर |
| C. धूल कण | 3. श्वास सम्बन्धी रोग |
| D. सीसा | 4. केन्द्रीय नर्वस सिस्टम |

अतः इस प्रकार विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**34. (b)**

रेड पांडा उच्च तुंगता के वर्षा वनों में पाया जाता है। यह मुख्यतः नेपाल, उत्तरी-पूर्वी भारत के सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश तथा उत्तरी म्यांमार एवं दक्षिणी चीन में पाया जाता है। जबकि स्लोलोरिस पूर्वोत्तर भारत, चीन के युन्नान प्रांत, वर्मा, जावाद्वीप तक के विस्तृत क्षेत्रों में सघन वनों में पाया जाता है।

**35. (c)**

केवला देव राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के भरतपुर में स्थित एक पक्षी संरक्षण क्षेत्र है, जिसे 1982 में राष्ट्रीय पार्क का दर्जा दिया गया। अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**36. (c)**

सही सुमेल इस प्रकार है-

| **अभिलेख** | **शासक** |
|---|---|
| नासिक | गौतमीपुत्र |
| हाथीगुम्फा | खारवेल |
| भितरी | स्कंदगुप्त |
| गिरनार | रुद्रदामन प्रथम |
| ऐहोल | पुलकेशिन द्वितीय |

**37. (b)**

| | |
|---|---|
| मोहनजोदड़ो | पट्टेदार जलनिकास, नर्तकी की मूर्ति |
| लोथल | युग्म शवाधान, गोदी |
| बनावली | हल की पकी मिट्टी की प्रतिकृति |
| कालीबंगा | जुता खेत |
| धौलावीरा | हड़प्पन लिपि के बड़े आकार के 10 चिह्नों का शिला लेख |
| हड़प्पा | शवाधान आर-37 |

**38. (b)**

बौद्ध धर्म का सबसे अधिक प्रचार कोशल राज्य में हुआ था। इसकी राजधानी श्रावस्ती थी। यहाँ पर बुद्ध ने 21 वर्षा-वास (सर्वाधिक) किये। श्रावस्ती में ही अनाथपिण्डक नामक एक अत्यन्त धनी व्यापारी ने उनकी शिष्यता ग्रहण की तथा संघ के लिए जेतवन विहार को, 1.8 करोड़ स्वर्ण मुद्राओं में राजकुमार जेत से खरीदकर प्रदान किया है।

कोशल नरेश प्रसेनजित एवं अवन्ती नरेश प्रद्योत गौतमबुद्ध के समकालीन थे। प्रसेनजित ने अपने परिवार के साथ बुद्ध की शिष्यता



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

ग्रहण की थी तथा संघ के लिए 'पुब्बाराम' नामक विहार बनवाया था। कोशल राज्य में बुद्ध के सर्वाधिक अनुयायी बन गये थे। अतः दोनों कथन सही हैं किन्तु कथन A की सही व्याख्या R नहीं है।

**39. (c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| चन्द्रगुप्त | सैन्ड्रोकोड्स |
| बिन्दुसार | अमित्रघात |
| अशोक | प्रियदर्शी |
| चाणक्य | विष्णुगुप्त |

**40.(a)**

तुर्की आक्रमण के समय उत्तर भारत में राजनीतिक एकता का अभाव था, जिससे तुर्की आक्रमण काफी सफल हुए थे। इस प्रकार कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या भी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि अरबों के पश्चात तुर्कों ने भारत पर आक्रमण किया। भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम मुस्लिम मुहम्मद बिन कासिम (अरबी) था, जबकि भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम तुर्की मुसलमान सुबुक्तगीन था। सुबुक्तगीन की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्र महमूद गजनवी ने भारत पर कुल 17 बार आक्रमण किया था। सल्तनत काल के अधिकांश अमीर एवं सुल्तानों का संबंध तुर्क वर्ग से था।

**41. (a)**

मुहम्मद बिन तुगलक का समय उसकी असफल योजनाओं के साथ प्राकृतिक आपदाओं के लिए भी जाना जाता है। इसी क्रम में उसके राज्य में 12 वर्ष का अकाल पड़ा। इसके कारण देश के विभिन्न हिस्सों से लोग केन्द्र की तरफ पलायन करने लगे। अचानक जनसंख्या दबाव बढ़ने एवं उसके अनुरूप सुविधाओं के अभाव के कारण महामारी फैल गयी। इस समय सुल्तान ने स्वर्ग-द्वारी नामक अस्थायी शिविर में निवास किया। यह शिविर गंगा नदी के किनारे बिलग्राम के पास अवस्थित था। सुल्तान ने काफी राहत के उपाय किये और करों को माफ कर दिया। अन्य योजनाओं की तरह इस समस्या के समाधान में भी सुल्तान पूर्णतः सफल नहीं रहा।

**42. (b)**

सही सुमेल निम्नवत् है–

| सूची-I ( राजवंश ) | सूची-II ( राजधानी ) |
|---|---|
| पल्लव | कांची |
| पाण्ड्य | मदुरा |
| यादव | देवगिरि |
| काकतीय | वारंगल |

**43. (c)**

सही सुमेल है –

| | | |
|---|---|---|
| (1) ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती | – | चिश्तिया सम्प्रदाय |
| (2) शेख अहमद सरहिन्दी | – | नक्शबंदिया सम्प्रदाय |
| (3) दारा शिकोह | – | कादिरिया सम्प्रदाय |
| (4) शेख शहाबुद्दीन | – | सुहरावर्दिया सम्प्रदाय |

**44. (c)**

| | | |
|---|---|---|
| (a) डच | – | पुलीकट |
| (b) अंग्रेज | – | हुगली |
| (c) पुर्तगाली | – | गोवा |
| (d) फ्रांसीसी | – | चिन्सुरा |

**45. (d)**

सही सुमेल निम्नवत है–

| व्यक्ति | | पद |
|---|---|---|
| राय दुर्लभ | – | बंगाल नवाब सिराजुद्दौला का कोषाध्यक्ष |
| जगत सेठ | – | मुर्शिदाबाद (बंगाल) का सेठ |
| मुहम्मद रजा खाँ | – | बंगाल का दीवान |
| राजा शिताब राय | – | बिहार का दीवान |
| राय नारायण | – | मीर जाफर का दीवान |
| मीर मदान | – | प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की सैन्य टुकड़ी का नेतृत्वकर्ता |

**46. (a)**

सूची–I (घटनाएं) व सूची-II (व्यक्ति) का सही सुमेलन निम्न प्रकार है–

| ( घटनाएं ) | ( व्यक्ति ) | ( समय ) |
|---|---|---|
| प्रथम मैसूर युद्ध | कर्नल स्मिथ | 1767-69 |
| द्वितीय मैसूर युद्ध | वॉरेन हेस्टिंग्स | 1780-84 |
| तृतीय मैसूर युद्ध | लार्ड कॉर्नवालिस | 1790-92 |
| चतुर्थ मैसूर युद्ध | वेलेजली | 1799 |

**47. (a)**

हैदराबाद राज्य से आरकोट की निजामत का उदय हुआ। आरकोट, कर्नाटक की राजधानी थी। स्वतंत्र कर्नाटक राज्य का संस्थापक सआदतउल्ला खाँ था। कर्नाटक राज्य, हैदराबाद रियासत के अधीन था, परन्तु सआदतउल्ला खाँ ने यहाँ अपनी स्वतंत्र स्थिति कायम कर ली थी।

– विजयनगर साम्राज्य के पतन के पश्चात उसके अवशेषों पर स्वतंत्र मैसूर राज्य की स्थापना हुई थी। मैसूर पर वाडियार वंश का शासन था। इस वंश के अंतिम शासक 'चिक्का कृष्णराज द्वितीय के शासन काल में राज्य की वास्तविक सत्ता देवराज एवं नंदराज के हाथों में थी। इसी समय हैदर अली जो मैसूर राज्य का सैन्य अधिकारी था ने आंतरिक राजनीतिक कलह का लाभ उठाते हुए शासन पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार कथन एक और दो दोनों सही है।

स्वतंत्र रूहेलखण्ड राज्य की स्थापना गंगाघाटी क्षेत्र में वीरदाऊद एवं उसके पुत्र अली मुहम्मद खाँ ने किया था।

**48. (c)**

रैय्यतवाड़ी बन्दोबस्त में किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था, सरकार रैय्यत को पट्टे देती थी तथा कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य निर्धारण किया जाता था। बम्बई तथा मद्रास के अधिकांश भाग में रैय्यतवाड़ी व्यवस्था लागू की गई थी। इस व्यवस्था का सूत्रपात टॉमस मुनरो ने किया था, जिसे मई, 1820 में मद्रास का गवर्नर बनाया गया था। रैय्यतवाड़ी बन्दोबस्त व्यवस्था में काश्तकारों को भू-स्वामी (मालिक) माना गया।

**49.(a)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

महात्मा गांधी ने हिन्द स्वराज नामक पुस्तक 1909 में गुजराती भाषा में लिखी थी। इस पुस्तक में गांधीजी आधुनिक सभ्यता की आलोचना करते हैं। उनके अनुसार रेलवे, डॉक्टर तथा वकील भारत की गरीबी के कारण हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे ने ब्रिटिशों को भारत पर नियंत्रण रखने में सुविधा प्रदान की तथा अकाल, प्लेग तथा वर्ग-विभेद आदि समस्याओं का कारण है। रेलवे ने भारत में राष्ट्रवाद को बढ़ाया है, इस तर्क को गांधी जी ने नकार दिया तथा कहा कि ब्रिटिशों के आगमन से पूर्व भी भारत एक राष्ट्र था।

**50. (b)**

पाबना विद्रोह बंगाल में 1873 से 1876 ई0 के मध्य हुआ था इस विद्रोह का कारण जमीदारों द्वारा की गयी लगान वृद्धि थी। इस विद्रोह का सहयोग बंकिमचन्द्र चटर्जी और रमेश दत्त में किया था।

⇒ एका आंदोलन 1921-22 में अवध के किसानों ने चलाया था इसके प्रमुख नेता मदारी पासी थे। आन्दोलन का कारण अत्यधिक लगान और गैरकानूनी रूप से किसानों से खेत छीनना था।

⇒ संथाल विद्रोह 1855-56 ई0 में आदिवासियों के द्वारा सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में दामन-ए-कोह (भागलपुर और राजमहल का संथाल क्षेत्र) में चलाया गया था। बिहार में 1914 ई. में ताना भगत आंदोलन की शुरूआत हुई थी। इस आन्दोलन के प्रवर्तक 'जतरा भगत' थे।

**51. (c)**

उपर्युक्त की सुमेलित सूची निम्न है–

| सूची –1 | | सूची–2 | |
|---|---|---|---|
| A. | लक्ष्मीबाई | 1. | युद्ध में मारी गयी |
| B. | तात्याँ टोपे | 2. | गिरफ्तार हुए और फाँसी दी गयी |
| C. | नाना साहब | 3. | नेपाल पलायन |
| D. | बहादुर शाह | 4. | रंगून निर्वासित |

**52. (c)**

प्रार्थना समाज की स्थापना वर्ष 1867 में बम्बई में आत्माराम पाण्डुरंग ने किया था। प्रार्थना समाज ने हिन्दू धर्म में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठायी तथा हिन्दू समाज में सुधार करने का प्रयास किया। प्रार्थना समाज का एकेश्वरवाद में गहरा विश्वास था। इन्होंने बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहु विवाह एवं जाति-प्रथा आदि का विरोध किया तथा स्त्री शिक्षा एवं विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। लड़की एवं लड़के की आयु सीमा में वृद्धि हेतु मांग की। प्रार्थना समाज को लोकप्रिय बनाने का कार्य रानाडे ने किया।

**53. (c)**

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| ब्रह्म समाज | 1828 | राजा राममोहन राय |
| परमहंस मण्डली | 1849 | ददोबा पाण्डुरंग |
| आदि ब्रह्म समाज | 1866 | देवेन्द्र नाथ टैगोर |
| प्रार्थना समाज | 1867 | आत्माराम पांडुरंग/रानाडे |
| आर्य समाज | 1875 | दयानन्द सरस्वती |
| रामकृष्ण मिशन | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| थियोसाफिकल सोसाइटी | 1875 | ब्लावत्सकी एवं ऑल्काट |

**54. (c)**

| आयोग/कमीशन | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| वुड् डिस्पैच | 1854 ई. |
| हण्टर आयोग | 1882 ई. |
| भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | 1904 ई. |
| सैडलर आयोग | 1917 ई. |
| काशी विद्यापीठ की स्थापना | 1921 ई. |
| हार्टोग समिति | 1929 ई. |
| सार्जेंट योजना | 1944 ई. |

**55. (a)**

| | संगठन | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|---|
| 1 | बंग भाषा प्रकाशक सभा (बंगाल) | 1836 | राजा राममोहन राय के अनुयायी |
| 2 | लैंड हेल्डर्स सोसाइटी (कलकत्ता) | 1838 | द्वारिका नाथ टैगोर |
| 3 | ब्रिटिश इण्डिया सोसाइटी (लंदन) | 1839 | विलियम एडम |
| 4 | बंगाल ब्रिटिश इण्डिया सोसाइटी (बंगाल) | 1843 | जॉर्ज थॉम्पसन |
| 5 | ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन (कलकत्ता) | 1851 | राधाकान्त देव |
| 6 | इण्डियन लीग (कलकत्ता) | 1875 | शिशिर कुमार घोष |
| 7 | इण्डियन नेशनल एसोसिएशन (कलकत्ता) अथवा इण्डियन एसोसिएशन | 1876 | सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, आनन्द मोहन बोस |

**56.**(c)

स्वदेशी आंदोलन वास्तव में बंगाल विभाजन के विरोध में एक आंदोलन के रूप में उभरा। इस आंदोलन की घोषणा 7 अगस्त, 1905 को की गयी। 16 अक्टूबर, 1905 का दिन (जिस दिन बंगाल विभाजन प्रभावी हुआ) पूरे बंगाल में 'शोक दिवस' के रूप में मनाया गया। वंदेमातरम् समूचे आंदोलन की ओर से युद्ध की दुंदुभी था। इस आंदोलन में सबसे अधिक सफलता विदेशी माल के बहिष्कार से मिली। जहाँ तक इस आंदोलन में भागीदारी का सवाल है जनता का एक बहुत बड़ा हिस्सा पहली बार सक्रिय राष्ट्रवादी राजनीति में भाग लिया। स्वदेशी आंदोलन में बंगाल के छात्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई एवं पहली बार स्त्रियाँ घर से बाहर निकली और आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायीं। किसानों के संबंध में स्वदेशी आंदोलन असफल रहा केवल बारीसाल इसका अपवाद रहा। जहाँ तक मुसलमानों का सवाल है, इस आंदोलन में कुछ विशिष्ट मुसलमान जैसे अब्दुर्रसूल, लियाकत हुसैन, अब्दुल हलीम गजनवी, मौलाना अबुल कलाम आजाद ने ही साथ दिया, बहुसंख्यक मुसलमानों ने साथ नहीं दिया, विशेषकर खेतिहर



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

मुसलमानों ने क्योंकि उस समय बंगाल में अधिकतर हिन्दू भूस्वामी थे और मुसलमान खेतिहर मजदूर। साथ ही कुछ उग्रवादियों द्वारा उत्साह के अतिरेक में हिन्दू धर्म के अतीत एवं प्रतीकों का राग अलापने के कारण मुसलमानों ने स्वयं को उग्रवादी आन्दोलन से अलग कर लिया था। स्वदेशी आंदोलन उपनिवेशवाद के खिलाफ पहला सशक्त राष्ट्रीय आंदोलन था। यह बंगाल के बाहर उ0प्र0, हरिद्वार, बम्बई, पूना, पंजाब, दिल्ली में भी था।

**57.(a)**

बी.जी. तिलक ने अप्रैल, 1916 में बेलगाँव (कर्नाटक) की बैठक में होमरूल लीग की स्थापना की। इसका मुख्यालय पूणे (महाराष्ट्र) में था। तिलक जी ने मराठा एवं केसरी पत्र द्वारा इसका प्रचार-प्रसार किया। तिलक जी के होमरूल लीग में जोसेफ बैपटिस्टा को अध्यक्ष और एन.सी. केलकर को सचिव बनाया गया था। इन्हें 'लोकमान्य' का विशेषण होमरूल आन्दोलन के समय दिया गया था। 'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूँगा।' यह कथन बी.जी. तिलक का है। ज्ञातव्य है कि एनी बेसेन्ट ने सितम्बर, 1916 में होम रूल लीग की स्थापना अडयार (मद्रास) में की तथा सचिव जॉर्ज अरूण्डेल को बनाया। एस. सुब्रह्मण्यम अय्यर (मद्रास) ने होमरूल आंदोलन में प्रमुख योगदान दिया।

**58. (a)**

चंपारण सत्याग्रह (1917) के समय ही पहली बार गाँधी जी ने भारत में सत्याग्रह करने की धमकी दी थी। चंपारण सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के बाद ही रवीन्द्रनाथ टैगोर ने गाँधी जी को पहली बार 'महात्मा' कहा। खेड़ा 22 मार्च 1918 के किसानों का आंदोलन था। यह भारत में गाँधी जी द्वारा चलाया गया। 1918 में ही फरवरी-मार्च, 1918 ई. (गुजरात) अहमदाबाद के कपड़ा मिल मजदूरों ने हड़ताल की।

1919 में रौलेट एक्ट को भारतीय जनता ने 'काला कानून' कहकर आलोचना की गाँधी जी ने रौलेट एक्ट की आलोचना करते हुए इसके विरुद्ध सत्याग्रह करने के लिए सत्याग्रह सभा की स्थापना की।

**59. (b)**

पारसेक लम्बाई की खगोलीय इकाई है। पारसेक का प्रयोग खगोलशास्त्र में होता है। एक पारसेक = $3.085 \times 10^{16}$ मीटर होता है। अतः सही सुमेल निम्न है–

| **प्रकाश वर्ष** | **खगोलीय दूरी की इकाई** |
|---|---|
| पारसेक | लम्बाई की खगोलीय इकाई |
| डेसीबल | ध्वनि तीव्रता की इकाई |
| हर्ट्ज | आवृत्ति की इकाई |

**60.(c)**

लोहे का गोला पारे पर तैरता है लेकिन जल में डूब जाता है। इसका कारण लोहे का आपेक्षिक घनत्व, पारे के आपेक्षिक घनत्व से कम तथा जल के आपेक्षिक घनत्व से अधिक होता है। कम आपेक्षिक घनत्व वाले तत्व अपने से अधिक आपेक्षिक घनत्व वाले द्रव में तैरते है जबकि अपने से कम आपेक्षिक घनत्व वाले द्रव में डूब जाते हैं।

अतः (A) सही व (R) गलत है।

**61. (a)**

रेफ्रिजरेटर के फ्रीजर में बर्फ जमा होने से रेफ्रिजरेटर में शीतलन बुरी तरह से प्रभावित होता है, क्योंकि बर्फ ऊष्मा की कुचालक है अतः दोनों A और R सही है तब A का सही स्पष्टीकरण R है।

**62. (c)**

यदि मैजेंटा (रक्ताभ नीललोहित) और पीले रंग के दो वृत्त एक दूसरे को काटते हों तो प्रतिच्छेदित क्षेत्र का रंग लाल होगा क्योंकि मैजेन्टा और पीले रंग के मिश्रण का रंग लाल होता है और यदि श्यान (हरिताभ नीला) और मैजेंटा (रक्ताभ नीललोहित) रंग के दो वृत्त एक-दूसरे को काटते हैं तो प्रतिच्छेदित क्षेत्र का रंग नीला होगा। क्योंकि श्यान और मैजेंटा रंग का मिश्रण नीला रंग होता है। अतः कथन 1 व 2 दोनों सही हैं।

**63. (b)**

वह पदार्थ जो दो या दो से अधिक परस्पर अभिक्रिया ना करने वाले तत्वों या यौगिकों के किसी भी अनुपात में मिलाने से प्राप्त होता है मिश्रण कहलाता है। सोडियम क्लोराइड को वाष्पीकरण की भौतिक प्रक्रिया द्वारा जल से पृथक किया जा सकता है। एक पदार्थ को किसी भौतिक प्रक्रिया द्वारा अन्य प्रकार के द्रव्यों में विभक्त (पृथक्) नही किया जा सकता है।

**64.(c)**

रेडियोधर्मी प्रदूषण मृदा में विद्यमान विभिन्न खनिजों को असंतुलित नहीं करता इसके अतिरिक्त सभी विकल्प सही हैं।

**65. (d)**

कॉपर सल्फेट जिसका रासायनिक सूत्र ($CuSO_4.5H_2O$) है, का व्यापारिक नाम नीला थोथा या तूतिया है। मैग्नीशियम सल्फेट जिसका रासायनिक सूत्र ($MgSO_4.7H_2O$) है, को एप्सम साल्ट कहा जाता है। सोडियम हाइड्राक्साइड जिसका रासायनिक सूत्र (NaOH) है, को कास्टिक सोडा कहते हैं तथा सोडियम बाइकार्बोनेट जिसका रासायनिक सूत्र ($NaHCO_3$) होता है, को बेकिंग सोडा या खाने वाला सोडा कहते हैं।

**66. (b)**

RBC एवं पट्टिकाणु (प्लेटलेट) में नाभिक नही होता है जबकि मूल रोम कोशिका एवं एककेन्द्रकाणु के कोशिकाओं में केन्द्रक होता है।

**67.(d)**

मानव में संतान के लिंग निर्धारण में पुरुष की भूमिका प्रमुख होती है, क्योंकि पुरुष में XY गुणसूत्र पाये जाते हैं तथा महिला में XX गुण सूत्र पाये जाते हैं। विदित हो कि XX गुणसूत्र से बालिका संतान तथा XY गुणसूत्र से बालक संतान का जन्म होता है।

**68.(c)**

मोनेरा जगत में एककोशकीय प्रोकैरियोट पाये जाते है, प्रोकैरियोट में झिल्लीयुक्त अगंक (memberane bound orgenell) नहीं पाये जाते है। जैसे माइट्रोकाण्ड्रिया, लवक (क्लोरोप्लास्ट, ल्यूकोप्लास्ट, इत्यादि) रिक्तिका। उपापचय की दृष्टि से अन्य जीवधारियों की तुलना में बैक्टीरिया ये बहुत अधिक विविधता पायी जाती है। उदाहरण स्वरूप वे अपना भोजन अकार्बनिक पदार्थो से संश्लेषित कर सकते हैं ये प्रकाश संश्लेषी स्वपोषी अथवा रसायन संश्लेषी स्वपोषी होते है, अर्थात वे अपना भोजन स्वयं संश्लेषित नहीं करते है; अपितु भोजन के लिए अन्य जीवधारियों अथवा मृत कार्बनिक पदार्थो पर निर्भर रहते है। इनमें हरित लवक नहीं पाया जाता है।

**69. (c)**

बैक्टीरियोफेज (जीवाणुभोजी) ऐसे विषाणु (वायरस) होते है, जो केवल जीवाणुओं के ऊपर आश्रित रहते हैं और उन्हें संक्रमित करते



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

हैं। इनमें डी.एन.ए. पाया जाता है और ये आनुवंशिक अभियांत्रिकी में प्रयुक्त होते हैं। इस प्रकार प्रश्नगत दोनों कथन सत्य है।

**70.(a)**

AB रक्त समूह वाले व्यक्ति सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता होते हैं, क्योंकि इनमें कोई भी प्रतिपिण्ड (Antibody) नहीं होता है और रक्त समूह AB में प्रतिजन (Antigen) A और B दोनों पाए जाते हैं। इसीलिए इस समूह के व्यक्ति को किसी भी समूह के व्यक्ति का रक्त दिया जा सकता है। अतः कथन, कारण दोनों सही है एवं एक-दूसरे का विवेचन भी करते है।

**71. (d)**

सूची-I (हड्डी) और सूची-II (नाम) का सुमेल इस प्रकार है-

| **सूची-I (हड्डी)** | **सूची-II (नाम)** |
|---|---|
| उरोस्थि | स्टर्नम |
| जत्रुक | क्लेविकल |
| जानु फलक | पटेला |
| स्कंध फलक | स्कैपुला |

**72. (b)**

सही सुमेलित है-

| **(विटामिन)** | – | **(रोग)** |
|---|---|---|
| विटामिन डी (D) | – | रिकेट्स |
| विटामिन के (K) | – | रक्तस्रावरोधी, ऐंठन, हीमोफीलिया |
| थायमीन (B1) | – | बेरीबेरी |
| नियासिन (B5) | – | पेलाग्रा |
| विटामिन (E) | – | बाँझपन |

**73.(d)**

वह पोषण जिससे जीव के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, संतुलित पोषण कहलाता है। संतुलित पोषण के लिए कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, न्यूक्लिक अम्ल, खनिज लवण तथा जल की आवश्यकता होती है। इनके आवश्यकता से कम या आवश्यकता से अधिक होने पर व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो जाता है। अतः कुपोषण में अतिपोषण, अल्पपोषण तथा असंतुलित पोषण शामिल हैं।

**74. (b)**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यू.एन.एफ.पी.ए.) के अनुसार जनसांख्यिकीय लाभांश वह स्थिति है जब किसी जनसंख्या के आयुगत संरचना में परिवर्तन के परिणामस्वरूप उससे मिलने वाला सम्भावित विकास, विशेषतया यदि काम करने वाले (15-64 की आयु वाले) लोगों की संख्या उन पर आश्रित (14 वर्ष या 64 वर्ष से अधिक आयु वाले) लोगों की संख्या से अधिक है। अतः जनांकिकीय लाभांश के अन्तर्गत 15-60 आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया जाता है। वहीं विकासशील देशों के संदर्भ में 15 से 59 आयु वर्ग के लोगों को जनांकिकीय लाभांश में शामिल किया जाता है। जनसंख्या 2011 के अनुसार भारत की 62.5 प्रतिशत जनसंख्या जनाकिकीय लाभांश के अन्तर्गत आती है।

**75. (d)**

किसी देश की जनसंख्या जनांकिकीय विकास की अनेक अवस्थाओं से होकर गुजरती है। प्रथम अवस्था में, जन्मदर व मृत्युदर दोनों उच्च बने रहते हैं, द्वितीय अवस्था में जन्मदर उच्च बनी रहती है, मृत्युदर में गिरावट होती है। तृतीय अवस्था में जन्म दर व मृत्यु दर दोनों में कमी आती है। वर्तमान में भारत की जनसंख्या वृद्धि निश्चित रूप से गिरावट का रुझान प्रकट करते हुए उच्च वृद्धि के दौर से गुजर रही है।

**76. (a)**

जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, देश के कुल 121.08 करोड़ जनसंख्या में 37.71 करोड़ जनसंख्या शहरों में निवास करती हैं जो जनगणना 2001 के अनुसार, 28.61 करोड़ थी। वर्ष 2001 की जनगणना में शहरी प्रतिशत जहां 27.81% था। वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार, यह 31.16% है। स्पष्टतः 2001-11 के मध्य, भारत में नगरीकरण की प्रवृत्ति और प्रतिशत बढ़ा है। शहरों में अवस्थापना सुविधाएं, रोजगार एवं अन्य उद्देश्यों से ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों में प्रवास भारतीय जनसंख्या की एक प्रमुख विशेषता रही है। इन्हीं कारणों से ही भारत में नगरीय प्रवास की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है।

**77. (c)**

विकास न केवल आर्थिक अपितु एक सामाजिक एवं राजनैतिक प्रक्रिया है। अतः आर्थिक विकास एक बहुआयामी उपागम है जो लोगों को जीवन की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रेरित करती है। वर्तमान भारत सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक क्रिया-कलापों के साथ-साथ सामाजिक आधारभूत संरचना, कौशल, शिक्षा आदि वृहत उपागमों के उत्थान के विषय में भी कार्यशील हैं।

**78. (d)**

सामान्य रूप से भूमि सुधारों तथा विशेष रूप से पट्टेदारी सुधारों का उद्देश्य सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से पट्टों या जोतों के स्वामित्व का पुनर्वितरण तथा भूमि के अनुकूलतम उपयोग की दृष्टि से प्रचलानात्मक जोतों को पुनर्संगठित करना है। भूमि सुधारों के तहत मध्यवर्तियों का उन्मूलन और पट्टेदारी सुधार जिसके तहत लगान का विनियमन, पट्टेदारों हेतु पट्टा अवधि की सुरक्षा तथा उन्हें पट्टेदारी का स्वामित्व प्रदान करना शामिल है। इस पूरी अवधारणा का उद्देश्य वास्तविक कृषकों को अधिकार प्रदान कर उन्हें राज्य के प्रत्यक्ष संपर्क में लाना है। पट्टेदारी की सुरक्षा और लगान के विनियमन के साथ वास्तविक कृषकों के पट्टेदारी पर स्वामित्व प्रदान करना कृषकों को उनके श्रम का समुचित प्रतिफल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक है।

**79. (a)**

प्रश्न में उल्लिखित फसलों और उनके रोगों का सही सुमेल इस प्रकार है–

| **फसल** | **रोग** |
|---|---|
| चना | उकठा |
| मटर | बुकनी |
| तिल | फाइलोडी |
| गन्ना | लाल सड़न |
| मूंगफली | टिक्का/पर्णचित्ती |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**80. (b)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) लांच किया गया। जिसे वर्ष 2016 के खरीफ सत्र से लागू किया गया। इस योजना के तहत फसल के नुकसान पर 25% बीमित राशि का तुरंत भुगतान तथा शेष 75% राशि का भुगतान 30 से 45 दिनों में किया जाएगा। इस योजना के तहत किसानों द्वारा देय प्रीमियम खरीफ फसलों के लिए 2%, रबी फसलों के लिए 1.5% और बागवानी एवं नकदी फसलों के लिए 5% होगा। अतः कथन (1) असत्य है। इस योजना के तहत खड़ी फसल के अतिरिक्त खलिहान में पड़ी उपज अथवा बुवाई के बाद पौधों का भी बीमा होगा। साथ ही साथ प्राकृतिक आपदा (चक्रवात, गैर मौसमी वर्षा आदि) के कारण प्रभावित फसल पर भी दावा राशि प्राप्त की जा सकेगी। अतः कथन (2) सत्य है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के अंतर्गत यदि प्राकृतिक आपदा के कारण किसान बुवाई नहीं कर पाते तो भी उसे दावा राशि मिल सकेगी।

ओला, जलभराव और भू-स्खलन जैसी आपदाओं को स्थानीय आपदा माना जायेगा व प्रभावित किसानों का सर्वे कर उन्हें दावा राशि प्रदान की जायेगी।

इस योजना के अन्तर्गत फसल के कटाई उपरांत (Post harvest) नुकसान को भी शामिल किया जाता है। फसल कटने के 14 दिन के भीतर यदि फसल खेत में है और इस दौरान किसी प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसानों पर दावा राशि प्रदान की जायेगी।

**81.(b)**

यदि मुद्रास्फीति अधिक है तो भारतीय रिजर्व बैंक परिमाणात्मक और गुणात्मक दोनों तरीके अपनाता है। परिमाणात्मक तरीके में खुले बाजार की क्रिया का प्रयोग चलन में तरलता को डालने और निकालने के लिए करता है। मुद्रास्फीति की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय करता है। अतः कथन (1) असत्य है। दूसरी ओर अगर रूपये का तेजी से मूल्यह्रास हो रहा है तो भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में डॉलरों का सम्भावित रूप से विक्रय कर सकता है जिससे रूपये के मूल्यह्रास में कमी आती है। अतः कथन (2) सत्य है। USA या यूरोपीय संघ आदि में ब्याज दरें गिरती होती, तो इससे सम्भावित रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की डॉलरों की खरीद प्रेरित हो सकती है। अतः कथन (3) भी सत्य है।

**82. (d)**

- कई आर्थिक कारक हैं जो सरकारी बॉन्ड प्रतिफल को प्रभावित करते हैं, जैसे कि ब्याज दरें, मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास आदि।
- प्रतिफल को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति, विशेष रूप से ब्याज दरों का क्रम, सरकार की राजकोषीय स्थिति, वैश्विक बाजार, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति हैं।
- यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिज़र्व की कार्रवाई भी इसे प्रभावित करती है।

**83. (d)**

सही सुमेलित है–

| | | |
|---|---|---|
| A. इंडियन बैंक | – | सार्वजनिक |
| B. आई.सी.आई.सी.आई. बैंक | – | निजी |
| C. सिटी बैंक | – | विदेशी |
| D. सारस्वत बैंक | – | सहकारी |

**84. (d)**

बजट पास करने की प्रक्रिया बजट पेश किए जाने से लेकर इस पर चर्चा करने और अनुदानों की माँगें स्वीकृत करने और विनियोग तथा वित्त विधेयकों के पास होने तक सामान्यतः चालू वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होने के बाद तक भी चलती रहती है। जब तक संसद माँगें स्वीकृत नहीं कर लेती है तब तक के लिए यह आवश्यक है कि देश का प्रशासन चलाने के लिए सरकार के पास पर्याप्त धन उपलब्ध हो। इसलिए लेखानुदान के लिए विशेष उपबंध किया गया है। जिसके द्वारा लोकसभा को शक्ति दी गई है कि वह बजट की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी वित्तीय वर्ष के एक भाग के लिए पेशगी अनुदान दे सकती है। अतः विकल्प (d) सुमेलित नहीं है।

**85. (c)**

वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (FSDC) का विचार सबसे पहले वर्ष 2008 में वैश्विक मंदी के पश्चात् रघुराम राजन समिति की अनुशंसा पर आया। जिसने सरकार को भारत के सम्पूर्ण वित्तीय क्षेत्र के लिए अन्तर नियामक पर्यवेक्षण हेतु संकेत किया। इन्हीं समस्याओं के निराकरण हेतु दिसंबर, 2010 में FSDC की स्थापना की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं जिसके सदस्यों में RBI के गवर्नर तथा सेबी, इरडा, पीएफआरडीए के अध्यक्षों सहित वित्त सचिव आदि शामिल हैं। यह निकाय नीति आयोग का अंग नहीं है। इस प्रकार प्रश्नगत कथन (1) असत्य है जबकि कथन (2) और (3) सत्य है।

**86.(c)**

देश के कुल निर्यात और आयात के बीच के अंतर को चालू खाता घाटा कहा जाता है। ध्यान रहे यहाँ निर्यात और आयात सिर्फ वस्तुओं से नहीं बल्कि वस्तुओं और सेवाओं के संदर्भ में लिया जाना चाहिए। यानि किसी देश में वस्तुओं और सेवाओं के आयात-निर्यात के जरिए, कितनी विदेशी मुद्रा आती है और कितनी बाहर जाती है, उसके अंतर को चालू खाता घाटा कहते हैं। सिर्फ वस्तुओं के निर्यात और आयात के अंतर को व्यापार घाटा (ट्रेड डिफिसिट) कहा जाता है। लघु अवधि के लिए चालू खाता घाटा फायदेमंद साबित हो सकता है क्योंकि निवेशक ऐसी अर्थव्यवस्थाओं में पैसा लगा सकते हैं। अतः स्पष्ट है कि देश के कुल निर्यात से कुल आयात अधिक होने वाला घाटा चालू लेखा घाटा (CAD) कहलाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**87. (d)**

बहुआयामी निर्धनता सुचकांक तीन आयामों स्वास्थ्य, शिक्षा व जीवन स्तर पर आधारित होता है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक UNDP तथा आक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल द्वारा वर्ष 2010 में जारी किया गया है। वर्ष 2023 में जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2023 के अनुसार भारत में अभी भी 230 मिलियन से अधिक लोग गरीब है।

**88.(d)**

| | | |
|---|---|---|
| स्वजल धारा योजना | – | ग्रामीण जलापूर्ति |
| हरियाली योजना | – | वाटरशेड प्रबन्धन |
| स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना | – | ग्रामीण स्वरोजगार |
| प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना | – | ग्रामीण सम्पर्क |

**89. (c)**

राष्ट्रपति प्रणाली में कार्यपालिका का प्रमुख राज्य का भी प्रमुख होता है। राष्ट्रपति प्रणाली में कार्यपालिका और विधायिका एक दूसरे से स्वतंत्र रहते हैं। सरकार के तीनों अंग (कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका) परस्पर एक दूसरे पर अंकुश रखते हैं। कार्यपालिका विधायी कार्यों को वीटो कर सकती है।

**90. (a)**

मार्च 1942 के क्रिप्स प्रस्ताव के प्रावधान निम्न थे-

(1) युद्ध के पश्चात् संविधान निर्माण हेतु एक संविधान निर्मात्री सभा का गठन किया जायेगा। जिसमें ब्रिटिश प्रांतों के चुने हुये प्रतिनिधि तथा देशी रियासतों के प्रतिनिधि शामिल होगें।

(2) डोमिनियन (उपनिवेश) राज्य के दर्जे के साथ एक भारतीय संघ की स्थापना की जायेगी। संघ को राष्ट्रकुल से भी अलग होने का अधिकार होगा।

(3) संविधान निर्मात्री सभा द्वारा तैयार किये गये संविधान को सरकार दो शर्तों पर ही लागू कर सकेगी- (i) जिन भारतीय राज्यों (प्रान्तों) को संविधान स्वीकार नहीं है, वे भारतीय संघ से पृथक होने के अधिकारी होगें एवं अपना पृथक संविधान बनाने के लिए स्वतंत्र होगें। (ii) संविधान सभा तथा ब्रिटिश सरकार के मध्य अल्पसंख्यकों के हितों को लेकर एक समझौता होगा।

(4) उक्त व्यवस्था होने तक भारत के सुरक्षा संबंधी दायित्वों का निर्वहन ब्रिटेन करेगा तथा गवर्नर- जनरल की शक्तियाँ पूर्ववत् बनी रहेगी। अतः केवल कथन (1) एवं (2) सही है।

**91. (c)**

सही सुमेलित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| A. मूल कर्त्तव्य | – | भाग–IVक |
| B. राज्य | – | भाग–VI |
| C. भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य और समागम | – | भाग–XIII |
| D. संघ और राज्य के अधीन सेवाएं | – | भाग–XIV |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। भारत के महान्यायवादी का वर्णन संविधान के अनु. 76 में किया गया है, जो भाग–5 के अंतर्गत आता है।

**92. (b)**

| | | |
|---|---|---|
| अस्पृश्यता का अंत | – | अनु.– 17 |
| गिरफ्तारी एवं निरोध के विरुद्ध संरक्षण | – | अनु.– 22 |
| धर्म की स्वतंत्रता | – | अनु.– 25 |
| अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण | – | अनु.– 29 |

जबकि अनु.–23 में बलात्श्रम व मानव दुर्व्यापार का निषेध है।

**93.(c)**

अनुच्छेद 54 - राष्ट्रपति का निर्वाचन

अनुच्छेद 55 - राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति

अनुच्छेद 60 - राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान

**अनुच्छेद 61** - राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया

अनुच्छेद 123 - अध्यादेश प्रख्यापित करने की राष्ट्रपति की शक्ति

**94. (d)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-1 में 'Union of States' अर्थात 'राज्यों का संघ' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका तात्पर्य यह है कि भारतीय संघ, राज्यों के बीच किसी समझौते का परिणाम नहीं है बल्कि पूरा देश एक इकाई है जो विभिन्न राज्यों में प्रशासनिक सुविधा के आधार पर बँटा हुआ है। इस कारण राज्य को संघ से अलग होने का अधिकार नहीं है। एस.के. धर समिति तथा जे.वी.पी. (जवाहर लाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, पट्टाभि सीतारमैया) समिति दोनों द्वारा भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन को अस्वीकार कर दिया गया था।

**95. (c)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 के अंतर्गत शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार है। अनुच्छेद 30 (1) के अनुसार धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा। अनुच्छेद 30 (2) के अनुसार शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरुद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्गों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का 15 प्वाइंट कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। अतः कथन 1 एवं 3 सत्य है।

**96.(b)**

राष्ट्रपति भारत का संवैधानिक प्रधान होता है जो अप्रत्यक्ष निर्वाचन से चुना जाता है। **अनुच्छेद 54** के अनुसार राष्ट्रपति का निर्वाचन ऐसे निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जायेगा, जिसमें संसद (लोकसभा



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

और राज्य सभा) तथा राज्य विधानमण्डल के निर्वाचित सदस्य शामिल होंगे। राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल में संसद के मनोनीत सदस्य, राज्य विधान मण्डलों के मनोनीत सदस्य तथा राज्य विधान परिषदों के सदस्य (निर्वाचित एवं मनोनीत दोनों) शामिल नहीं किये जाते हैं।

**नोट- 70वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992** द्वारा दिल्ली और पुदुचेरी विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों को राष्ट्रपति के चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली।

**97. (c)**

संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत राष्ट्रपति संसद के सत्रावसान की अवधि में अस्थायी अवधि के लिए अध्यादेश जारी कर सकता है। यह अध्यादेश संसद की पुनः बैठक के छः हफ्तों के भीतर संसद द्वारा अनुमोदित करना आवश्यक है। राष्ट्रपति अध्यादेश को किसी भी समय वापस ले सकता है।

**98. (d)**

कुछ महत्वपूर्ण विधियों का संसद में पुरःस्थापन राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से होता है अधिकांश विधियों का नही अतः कथन (1) असत्य है। भारतीय संसद को संविधान द्वारा निर्धारित अधिकारिता के भीतर ही क्रियाशील होना होता है। अतः कथन (2) सही है।

**99. (c)**

लोक सभा की कुल निर्वाचित सदस्यता राज्यों में राज्य की जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर वितरित है। लोक सभा भारतीय संसद का निम्न सदन है। भारतीय संविधान के 84वें संशोधन अधिनियम ने 42वें संशोधन द्वारा लगाए गये निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर लगी रोक को हटा दिया। संविधान संशोधन के बाद 2009 में लोकसभा चुनाव नए परिसीमन कानून के आधार पर हुए थे।

**100. (c)**

निम्नलिखित प्रवर्ग, कटौती-प्रस्ताव के रूप में वर्गीकृत किये जाते है-

**(1) नीति-विषयक कटौतियों का अनुमोदन-** इस प्रस्ताव के अन्तर्गत सरकार की नीति का विरोध किया जाता है, इसमें कहा जाता है कि मांग की राशि में से उल्लिखित राशि घटाकर एक रूपये कर दिया जाये।

**(2) मितव्ययता कटौती प्रस्ताव-** इसमें इस बात का उल्लेख होता है कि प्रस्तावित व्यय से अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है अतः मांग की राशि को एक निश्चित सीमा तक कम किया जाये।

**(3) प्रतीक या सांकेतिक कटौती प्रस्ताव-** इस प्रस्ताव का उद्देश्य बजट की किसी कमी की ओर संकेत करना है। इसमें कहा जाता है कि मांग में 100 रूपये की कमी की जाये।

**101. (a)**

संविधान के **अनुच्छेद 179 में** विधान सभा के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के रूप में पद धारण करने वाला सदस्य–

(क) यदि **विधान सभा का सदस्य नहीं रहता** तो अपना पद रिक्त कर देगा।

(ख) यदि वह **उपाध्यक्ष** को अपना लिखित में त्याग पत्र दे दें और

(ग) यदि विधान सभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा उसे अपने पद से हटाया जाए। इस तरह का कोई भी प्रावधान केवल 14 दिन की पूर्व सूचना के बाद ही लाया जा सकता है परंतु विधानसभा के विघटन के पश्चात् होने वाले **विधानसभा के प्रथम अधिवेशन** के ठीक पहले तक **अध्यक्ष अपने पद को रिक्त नहीं** करेगा।

अतः स्पष्ट है कि कथन (1) सही है कथन (2) गलत है।

**102. (d)**

चित्रांगुडी पक्षी अभयारण्य तमिलनाडु व उधवा पक्षी अभयारण्य झारखंड में स्थित है। पटना पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश के एटा जिले व जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल) बलिया जिले में स्थित है।

**103.(c)**

गोरखपुर-राप्ती नदी, वाराणसी-गंगा नदी, सुल्तानपुर - गोमती नदी तथा अयोध्या-सरयू नदी के किनारे अवस्थित है।

**104. (b)**

उत्तर प्रदेश में कृषक समृद्धि आयोग की स्थापना नवंबर 2017 में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित की गई थी। कृषक समृद्धि आयोग का उद्देश्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना है।

**105. (b)**

आई.टी./आई.टी.एस. हेतु ट्रोनिका सिटी की स्थापना गाजियाबाद में की गई है। बायो टेक्नोलोजी पार्क (जैव प्रौद्योगिकी पार्क) लखनऊ में अवस्थित है। प्लास्टिक उद्योगों हेतु प्लास्टिक सिटी कानपुर (देहात) और औरैया में स्थापित की गयी है। चर्म (लेदर) प्रौद्योगिकी पार्क बन्थरा (उन्नाव) में अवस्थित है।

**106. (b)**

सही सुमेल निम्न है–

| **उद्योग** | **केन्द्र** |
|---|---|
| खेल का सामान | मेरठ |
| दियासलाई | बरेली |
| पीतल का सामान | मुरादाबाद |
| लकड़ी पर नक्काशी | सहारनपुर |

**107. (b)**

उत्तर प्रदेश में कोयला आधारित बिजली दादरी और सिंगरौली में स्थित है। डार्लीपल्ली सयंत्र ओडिशा में तथा विंध्याचल ताप विद्युत स्टेशन मध्य प्रदेश में स्थित है।

**108. (c)**

उत्तर प्रदेश में आयोजित 'भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस' के अधिवेशनों का सही सुमेलित इस प्रकार है-



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| (अधिवेशन स्थान) | | (वर्ष) | (अध्यक्ष) |
|---|---|---|---|
| मेरठ (55वाँ) | – | 1946 | जे.बी कृपलानी |
| कानपुर (41वाँ) | – | 1925 | सरोजिनी नायडू |
| लखनऊ (32वाँ) | – | 1916 | अंबिका चरण मजूमदार |
| बनारस (21वाँ) | – | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |

**109.(c)**

सही सुमेल इस प्रकार है-

| उ.प्र. के लोकगीत | | क्षेत्र/स्थान |
|---|---|---|
| **आल्हा** | – | बुन्देलखंड |
| **बिरहा** | – | पूर्वी उत्तर प्रदेश |
| **कजरी** | – | मिर्जापुर |
| **चैता** | – | अवध एवं भोजपुर क्षेत्र |
| **लावणी** | – | रुहेलखंड |

**110.(d)**

2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 11,34,273 (0.6%) है। राज्य में निवास करने वाली प्रमुख अनुसूचित जनजातियों में थारू, बुक्सा, खरवार, सहरिया आदि मुख्य हैं। जनसंख्या की दृष्टि से राज्य की सबसे बड़ी जनजाति थारू है।

**111. (a)**

माना तीन संख्याएं x, y, z है।

$x + y = 45$ ........... (i)

$y + z = 55$ ........... (ii)

$3z + 3x = 90$

$z + x = 30$ ...........(iii)

$\Rightarrow 55 - y + x = 30$ [समी. (ii) से]

$x - y = -25$ .......... (iv)

समी. (i) और समी. (iv) को जोड़ने पर–

$2x = 20$

$\boxed{x = 10}$

समी. (iii) से–

$\boxed{z = 20}$

तथा समी. (ii) से–

$y = 55 - 20$

$= 35$

अभीष्ट तीसरी संख्या = 20

**112.** (b)

विवेच्य प्रश्न में प्रदत्त विकल्पों के क्रमानुसार

(a) $(0.25)^2 = 0.0625 < \frac{1}{4} = 0.25$

(b) $\sqrt{\frac{1}{4}} = \frac{1}{2} > \frac{1}{4}$

(c) $0.04 = \frac{4}{100} = \frac{1}{25} < \frac{1}{4}$

(d) $\frac{1}{25} = .04 < \frac{1}{4}$

∴ विकल्प b सही उत्तर है।

**113. (c)**

माना B की आय x है

अतः A की आय = B की आय का 40% ज्यादा

$= x + x \times \frac{40}{100} = \frac{140x}{100} = \frac{7x}{5}$

B की आय A की आय से कम है $= \frac{7x}{5} - x = \frac{2x}{5}$

B की आय A की आय से प्रतिशत कम है $= \frac{\frac{2x}{5} \times 100}{\frac{7x}{5}}$

$= \frac{2x \times 100 \times 5}{7x \times 5} = \frac{200}{7} = 28\frac{4}{7}$

**114. (a)**

∵ 10 कमीजों का क्रयमूल्य = 8 कमीजों का विक्रय मूल्य

$\frac{\text{क्रय मूल्य}}{\text{विक्रय मूल्य}} = \frac{8}{10}$

माना क्रय मूल्य = 8 x

विक्रय मूल्य = 10x

∵ विक्रय मूल्य > क्रय मूल्य

$\text{लाभ \%} = \frac{\text{विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100\%$

$= \frac{10x - 8x}{8x} \times 100\%$

$= \frac{2x}{8x} \times 100\%$

लाभ = 25%

**115. (a)**

$x$ का एक दिन का काम $= \frac{1}{12}$

y का एक दिन का काम $= \frac{1}{15}$

z का एक दिन का काम $= \frac{1}{18}$

तीनों का मिलकर एक दिन का काम $= \frac{1}{12} + \frac{1}{15} + \frac{1}{18}$

$= \frac{15 + 12 + 10}{180} = \frac{37}{180}$

तीनों मिलकर उस काम को समाप्त करेंगे $= \frac{180}{37} = 4\frac{32}{37}$ दिन में

**116. (d)**

शृंखला निम्नवत् है–

1592

1 → 12 → 65 → 264 → 795 → $\boxed{1590}$ → 1593

×6+6 ×5+5 ×4+4 ×3+3 ×2+2 ×1+1



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

स्पष्ट है कि 1590 के स्थान पर 1592 होना चाहिए। अतः संख्या 1590 गलत पद है।

**117. (c)**

शृंखला निम्नवत् है–




अतः अगली संख्यायें क्रमशः 64 व 82 हैं।

**118. (a)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः ? = GHST

**119. (c)**

Z = 26

NET = 14 + 5 + 20 = 39

इसी प्रकार, NUT = 14 + 21 + 20

= 55

**120. (c)**

आरेख निम्नवत् है–




अतः फोटो वाली लड़की राम की भांजी होगी।

**121. (c)**

प्रश्नानुसार–




AB = 4 किमी0, BC = 6 किमी0, CD = 4 किमी0, AD = ?

$\Delta ABE = \Delta ECD$

$CE = \frac{BC}{2} = \frac{6}{2} = 3$ किमी0

$DE^2 = DC^2 + CE^2$ (पाइथागोरस प्रमेय से)

$DE^2 = 4^2 + 3^2$ $DE^2 = 16 + 9$

$DE = \sqrt{25}$ DE = 5 किमी0

AD = 5 × 2 (दोनों त्रिभुज बराबर है तथा DE, AD का आधा है।)

AD = 10 किमी0

अतः राम की प्रारम्भिक बिन्दु से अंतिम बिन्दु तक की दूरी 10 किमी0 है।

**122.(c)**

वर्ष 1997 से 1998 में जाने पर अतिरिक्त दिन = 1

वर्ष 1998 से 1999 में जाने पर अतिरिक्त दिन = 1

वर्ष 1999 से 2000 में जाने पर अतिरिक्त दिन = 1

अतः कुल अतिरिक्त दिन = 3

∴ 18 फरवरी, 1997 को मंगलवार था, तो 18 फरवरी 2000 को शुक्रवार होगा।

**123. (b)**

प्रश्न से प्रत्येक 45 मिनट बाद दिल्ली के लिए एक ट्रेन छूटती है तथा अगली ट्रेन 8 : 30 पर छूटेगी अर्थात् इसके पहले की ट्रेन का छूटने का समय 8 : 30 – 0 : 45 = 7 : 45 (रात्रि)

चूंकि यात्री को बताया गया कि एक ट्रेन 15 मिनट पहले जा चुकी है

अतः यात्री को दी गयी सूचना का समय

= 7 : 45 + 0 : 15 = 8 : 00 बजे (रात्रि)

**124. (d)**




वर्गों की संख्या = JIHK, KHGL, LGFE, AJKB, BKLC, CLED, AIGC, BHFD, CKGE = 9

**125. (c)**

प्रश्नानुसार,




स्थान बदलने पर–




अतः पंक्ति में कुल विद्यार्थियों की संख्या = (15 + 7 –1)

= 21 विद्यार्थी



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**126.** (a)

नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक का आयोजन 4-5 जनवरी, 2024 को काठमांडू में किया गया। इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किया। इस बैठक में नेपाल ने भारत को अगले 10 वर्षों के लिए 10,000 मेगावाट (MW) बिजली बेचने का निर्णय लिया।

**127.** (b)

फरवरी 2024 में फिट इंडिया मूवमेंट का नया ब्रांड एंबेसडर नरेन्द्र कुमार यादव को चुना गया। ये वर्ष 2009 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। फिट इंडिया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य व्यवहार में परिवर्तन लाना है और शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन शैली की ओर बढ़ना है। इसे 29 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच किया गया था।

**128.** (b)

मार्च 2024 में आयोजित महिला प्रीमियर लीग 2024 के दूसरे संस्करण के फाइनल मुकाबले को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर जीता। विजेता टीम एवं उपविजेता टीम की कप्तान क्रमशः स्मृति मंधाना एवं मेग लैनिंग थी। इस संस्करण में कुल पांच टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

**129.** (d)

बजट 2024-25 में प्रमुख योजनाओं को आवंटित धन में मनरेगा को कुल 86000 करोड़ रुपये आवंटित किया गया। अतः विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है। शेष विकल्प सही है।

**130.** (b)

सही सुमेलन निम्नलिखित है–

| | | |
|---|---|---|
| फ्रंटियर (अमेरिका) | – | दुनिया का सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर |
| ऐरावत PSAI | – | भारत का सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर |
| PSLV-C57 | – | आदित्य L-1 मिशन |
| LVM3-M4 | – | चन्द्रयान-3 मिशन |

**131.** (d)

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अनुसार शीर्ष गंगा नगर क्रमशः वाराणसी और प्रयागराज हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर नहीं है।

**132.** (c)

जनवरी 2024 में आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने विजयवाड़ा में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 206 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। जो कि डॉ. अम्बेडकर की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

**133.** (a)

फरवरी, 2024 में 9वां महाकवि कन्हैयालाल सेठिया कविता पुरस्कार, 2024 प्रसिद्ध लेखिका एवं कवयित्री अरुंधति सुब्रमण्यम को प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के तहत् 1 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्हें यह पुरस्कार जयपुर साहित्य महोत्सव, 2024 के दौरान प्रदान किया गया।

**134.** (a)

फरवरी, 2024 में आरईसी (REC) को द एसेट ट्रिपल ए अवार्डस फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस, 2024 में सर्वश्रेष्ठ हरित बॉण्ड कॉर्पोरेट पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कंपनी की स्थापना वर्ष 1969 में हुई थी। ध्यातव्य है कि आरईसी (REC) विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न कंपनी और अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है।

**135.** (d)

हाल ही में प्रसिद्ध उर्दू कवि संपूर्ण सिंह कालरा (गुलज़ार) वं जगद्गुरू रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2022 का ज्ञानपीठ पुरस्कार गोवा के लेखक दामोदर मौजो को प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की स्थापना 1961 में हुई थी। भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार 1965 से दिया जा रहा है। 1965 में पहला पुरस्कार जी शंकर कुरुप को प्रदान किया गया। अतः कोई भी कथन सही नहीं है।

**136.** (a)

उत्तर प्रदेश बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत प्रावधानित राशि 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये किया गया। अतः कथन 3 सही नहीं है, लेकिन कथन 1 एवं 2 सत्य है। अतः उत्तर (a) सही है।

**137.** (d)

केन्द्रीय बजट 2024-25 में प्राथमिक घाटा को 1.5% अनुमानित किया गया है। अतः विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**138.** (a)

अन्तरिम बजट 2024-25 में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' को 19000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। अतः कथन 3 असत्य है, जबकि कथन 1 एवं 2 सही है। अतः उत्तर (a) सही है।

**139.** (b)

इस मेले का आयोजन दिल्ली सरकार के बजाय भारत सरकार द्वारा किया जाता है। अन्य सभी विकल्प सही है।

**140.** (d)

वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 का आयोजन 12-14 फरवरी, 2024 को यूएई में किया गया। इस सम्मेलन में भारत, तुर्किये और कतर अतिथि देश के रूप में शामिल हुए थे। अन्य सभी विकल्प सही हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 4

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 15. (a) | 29. (a) | 43. (d) | 57. (d) | 71. (d) | 85. (a) | 99. (b) | 113. (a) | 127. (a) |
| 2. (c) | 16. (c) | 30. (d) | 44. (a) | 58. (c) | 72. (d) | 86. (a) | 100. (b) | 114. (a) | 128. (c) |
| 3. (c) | 17. (b) | 31. (d) | 45. (c) | 59. (a) | 73. (d) | 87. (d) | 101. (c) | 115. (b) | 129. (c) |
| 4. (c) | 18. (a) | 32. (b) | 46. (d) | 60. (c) | 74. (d) | 88. (d) | 102. (b) | 116. (c) | 130. (a) |
| 5. (a) | 19. (c) | 33. (b) | 47. (a) | 61. (a) | 75. (c) | 89. (b) | 103. (b) | 117. (d) | 131. (a) |
| 6. (a) | 20. (a) | 34. (d) | 48. (a) | 62. (c) | 76. (d) | 90. (c) | 104. (c) | 118. (b) | 132. (c) |
| 7. (d) | 21. (a) | 35. (c) | 49. (b) | 63. (a) | 77. (b) | 91. (a) | 105. (c) | 119. (c) | 133. (a) |
| 8. (a) | 22. (d) | 36. (c) | 50. (a) | 64. (d) | 78. (d) | 92. (d) | 106. (b) | 120. (d) | 134. (b) |
| 9. (b) | 23. (a) | 37. (d) | 51. (a) | 65. (b) | 79. (d) | 93. (b) | 107. (b) | 121. (b) | 135. (c) |
| 10. (d) | 24. (a) | 38. (b) | 52. (a) | 66. (d) | 80. (a) | 94. (c) | 108. (c) | 122. (a) | 136. (c) |
| 11. (b) | 25. (d) | 39. (b) | 53. (c) | 67. (b) | 81. (a) | 95. (a) | 109. (b) | 123. (c) | 137. (c) |
| 12. (b) | 26. (d) | 40. (a) | 54. (b) | 68. (a) | 82. (a) | 96. (a) | 110. (c) | 124. (c) | 138. (b) |
| 13. (c) | 27. (a) | 41. (a) | 55. (b) | 69. (d) | 83. (a) | 97. (a) | 111. (d) | 125. (a) | 139. (b) |
| 14. (c) | 28. (d) | 42. (b) | 56. (d) | 70. (c) | 84. (b) | 98. (a) | 112. (d) | 126. (b) | 140. (c) |

## SOLUTION

**1. (b)**

राजस्थान में स्थित भादला सोलर पार्क विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। इसकी स्थापना 14000 एकड़ में 10 मिलियन सोलर पैनल लगाकर की गई है। इसकी परिचालन क्षमता 2245 मेगावॉट है। CIAL (कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) दुनिया का पहला हवाई अड्डा है जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा संचालित है। हाल ही में 100 मेगावाट की रामागुंडम फ्लोटिंग सोलर पीवी प्रोजेक्ट अर्थात तैरती सौर ऊर्जा परियोजना के वाणिज्यिक संचालन की अंतिम 20 मेगावाट की घोषणा की गई है यह भारत की सबसे बड़ी परियोजना है। अतः विकल्प (2) सही है।

**2. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| दिल्ली | अर्द्धशुष्क |
| मुंबई | उष्ण आर्द्र |
| जोधपुर | शुष्क |
| शिलांग | आर्द्र |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**3.(c)**

हर्सीनियन पर्वतीकरण के बाद एक शान्त काल के पश्चात् टर्शियरी युग में पुनः चतुर्थ पर्वत निर्माणकारी घटना घटित हुई, जिससे विश्व के वर्तमान उच्चतम एवं नवीनतम वलित पर्वतों का सृजन हुआ। इसका निर्माण विनाशात्मक प्लेट किनारों के सहारे हुआ है। प्रमुख वलित पर्वत हैं– राकीज, एण्डीज, एटलस, हिमालय आदि। रचनात्मक किनारों के सहारे नये पदार्थों का निर्माण होता है। यह प्रक्रिया मध्य अटलांटिक कटक के सहारे सम्पन्न होती है।

**4. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **शिखर** | | **पहाड़ी का नाम** |
|---|---|---|
| अनाइमुडी | - | अन्नामलाई |
| डोडाबेट्टा | - | नीलगिरी |
| धूपगढ़ | - | सतपुड़ा |
| गुरू शिखर | - | अरावली |

अतः विकल्प (c) सही है।

**5. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I (दोआब)** | | **सूची-II (नदियाँ)** |
|---|---|---|
| बिस्ट दोआब | - | व्यास तथा सतलज के मध्य |
| बारी दोआब | - | रावी तथा व्यास के मध्य |
| रचना दोआब | - | रावी तथा चिनाब के मध्य |
| चाज दोआब | - | चिनाब तथा झेलम के मध्य |
| सिंध सागर दोआब | - | झेलम, चिनाब एवं सिंधु के बीच |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**6. (a)**

नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है इसका सर्वोत्तम उदाहरण तिस्ता नदी है जो पहले गंगा की सहायक नदी थी परन्तु 1787 के आकस्मिक बाढ़ में तिस्ता नदी अपना मार्ग बदलकर वर्तमान में ब्रम्हपुत्र की सहायक नदी है। तिस्ता नदी ब्रम्हपुत्र की



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

सबसे पश्चिमी दाहिनी तट की सहायक नदी है जो कंचनजंघा से निकलकर दार्जिलिंग की पहाड़ियों से प्रवाहित होते हुए आगे बढ़ती है जिसमें रांगपों, रंगीत तथा सेबक जैसी सहायक नदियाँ आकर मिलती हैं। अतः स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**7. (d)**

नर्मदा नदी अपने मुहाने पर एश्चुरी का निर्माण करती है न कि डेल्टा का निर्माण। नर्मदा नदी भ्रंश घाटी से बहती है। नर्मदा नदी का उद्गम अमरकंटक पहाड़ी से होता है तथा यह भारत की पश्चिम वाहिनी नदियों में सबसे प्रमुख है। इस प्रकार कारण सही है, परन्तु कथन गलत है।

**8.(a)**

प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियों का उद्गम पश्चिमी घाट से होता है। पश्चिमी घाट से निकलकर पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ लम्बे मार्ग का अनुसरण करती हैं तथा डेल्टा का निर्माण करती हैं जबकि पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ कठोर चट्टानों से होकर प्रवाहित होती हैं तथा छोटे मार्ग का अनुसरण करती हैं। ये नदियाँ इसी कारण डेल्टा का निर्माण नहीं कर पाती हैं क्योंकि उन्मज्जन तथा निमज्जन की घटनाओं के कारण प्रायद्वीपीय भारत के पश्चिमी तट से लगा अरब सागर का भाग निमज्जित हो गया है जिससे यहाँ खड़े कगार का निर्माण होता है, जहाँ नदियों द्वारा निक्षेपित मलवा सागरीय लहरें बहा ले जाती हैं और डेल्टा नहीं बन पाता। यहाँ पर नदियाँ 'एश्चुअरी' का निर्माण करती हैं।

अतः स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है।

**9. (b)**

सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-

| **नदियाँ** | **-** | **प्रमुख सहायक नदियाँ** |
|---|---|---|
| गोदावरी | - | इन्द्रावती |
| गंगा | - | यमुना |
| कृष्णा | - | भीमा |
| लूनी | - | सुकरी (सूखड़ी) |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**10.(d)**

प्रवाल-भित्तियाँ या मूँगें की चट्टानें (Coral reefs) समुद्र के अन्दर स्थित प्रवाल जीवों द्वारा छोड़े गये कैल्शियम कार्बोनेट से बनी होती है। प्रवाल भित्तियों को विश्व के सागरीय जैव विविधता का उष्ण स्थल (Hot Spot) माना जाता है तथा इन्हें समुद्रीय वर्षा वन भी कहा जाता है। भारतीय समुद्री क्षेत्र में कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी, लक्षद्वीप एवं अण्डमान निकोबार द्वीप समूह प्रमुख प्रवालभित्ति क्षेत्र है। ध्यातव्य है कि आस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्व तट पर स्थित ग्रेट बैरियर रीफ विश्व की सबसे बड़ी और प्रमुख अवरोधक प्रवालभित्ति है। सुन्दर वन में मैंग्रोव वन पाये जाते हैं।

**11.(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **जलप्रपात** | **राज्य** |
|---|---|
| बरकना | कर्नाटक |
| दूधसागर | गोवा |
| डुडुमा | ओडिशा |
| किलियुर | तमिलनाडु |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**12. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **(दर्रा)** | **(राज्य)** |
|---|---|
| बनिहाल | जम्मू व कश्मीर |
| नाथुला | सिक्किम |
| नीति | उत्तराखण्ड |
| शिपकीला | हिमाचल प्रदेश |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**13. (c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. प्रथम कर्नाटक युद्ध (1746-48) | – एक्स लॉ चैपल की संधि से अंत |
| B. तृतीय कर्नाटक युद्ध (1758-63) | – पेरिस की संधि से अंत |
| C. द्वितीय कर्नाटक युद्ध (1749-54) | – अनिर्णायक युद्ध |
| D. प्रथम मैसूर युद्ध (1767-69) | – ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की हार |

**14. (c)**

फार्म वानिकी वैयक्तिक किसानों को अपनी खुद की फार्म भूमि पर, अपने परिवार की घरेलू आवश्यकता के पूर्ति के लिए, वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित करती है। जबकि ग्रामीण वानिकी का उद्देश्य सामुदायिक भूमि और निजी स्वामित्व की भूमि पर पेड़ लगाना है।

**15. (a)**

भारत का सामान्य ढाल पश्चिम से पूरब है। फलस्वरूप बरसात का जल पूर्वी तटीय मैदान तथा मध्य एवं निचले गंगा मैदान में एकत्र होकर बाढ़ का कारण बनता है। सतलज-व्यास संगम क्षेत्र, गंगा के मैदान की नदियों के किनारे एवं उनके संगम का क्षेत्र तथा पूर्वी तट के डेल्टा प्रदेश ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ बाढ़ लगभग प्रतिवर्ष आती है। बाढ़ के कारणों में मुख्यतः वननाशन, नदियों का अवसादन, बांधों का निर्माण आदि प्रमुख हैं। वननाशन से वर्षा ऋतु में मृदा अपरदन अधिक होता है, जो नदियों के गहराई को कम कर देता है, जिससे बाढ़ की बारंबारता बढ़ जाती है।

**16. (c)**

कॉफी उष्णकटिबन्धीय सदाबहार पौधा है किन्तु इसके लिए उष्ण के साथ-साथ आर्द्र जलवायु होना चाहिए। इसीलिए कॉफी के बागान मुख्य रूप से उष्णकटिबन्धीय क्षेत्रों में लगाये जाते हैं। चाय की खेती उष्ण और उपोष्ण (Tropical and Subtropical) दोनों क्षेत्रों में की जा सकती है। ऐसे क्षेत्रों में वर्षा की अधिकता तथा जल-निकास की अच्छी व्यवस्था के कारण पहाड़ी/पठारी ढालों पर लैटेराइट मिट्टी का निर्माण होता है, जो कि चाय की खेती के लिए सर्वोत्तम मिट्टी है। इसी प्रकार कॉफी और चाय के प्रवर्धन के संदर्भ में दोनों कथन सही हैं। अर्थात् कॉफी का प्रवर्धन बीजों द्वारा होता है, वहीं चाय के लिए डाली कलम की जाती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**17.(b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| **(फसल)** | | **(प्रजातियाँ)** |
| धान | – | रत्ना |
| सरसों | – | वरुणा |
| अलसी | – | नीलम |
| मटर | – | रचना |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**18. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **(फसल/पौधारोपण)** | **(सर्वाधिक उत्पादक राज्य)** |
| जूट | पश्चिम बंगाल |
| चाय | असम |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश |
| रबर | केरल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**19. (c)**

नाइजर व इथियोपिया अफ्रीका महाद्वीप के स्थलबद्ध देश है। इस महाद्वीप के अन्य स्थलबद्ध देश बोत्सवाना, बुर्किनाफासो, मध्य अफ्रीकन गणतंत्र, बुरूण्डी, चाड, लेसोथो, मलावी, माली, रवांडा, दक्षिणी सूडान, स्वाजीलैण्ड, युगाण्डा, जाम्बिया, जिम्बाब्वे आदि है। अफ्रीका महाद्वीप में कुल 16 स्थलबद्ध देश हैं।

**20.(a)**

सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-

| **नया नाम** | | **पुराना नाम** |
|---|---|---|
| किंगडम आफ इस्वातिनी | : | स्वाजीलैण्ड |
| मलावी | : | न्यासालैण्ड |
| बोत्सवाना | : | बेचुआनालैण्ड |
| जिम्बाम्बे | : | रोडेशिया |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**21. (a)**

टिम्बकटू शहर नाइजर नदी के किनारे स्थित माली देश का ऐतिहासिक नगर है। यह सहारा मरुस्थल की दक्षिणी सीमा पर स्थित है। यह इस्लामी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र भी है।

⇒ विदित है कि माली की राजधानी बमाको है। माली पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है। यह एक स्थलबद्ध देश है।

**22.(d)**

अवसादी चट्टानों का निर्माण अवसादों के एकत्रीकरण से होता है। अवसादों के विभिन्न परतों के जमें होने के कारण इन्हें परतदार चट्टान कहते हैं।

अवसादी शैलों की रचना एक निश्चित क्रम में होती है।

इनका निर्माण चट्टान चूर्ण, जीव अवशेष एवं वनस्पतियों के एकत्रीकरण से होता है। अतः अवसादी शैलों में जीवाश्म पाये जाते हैं।

**शेल**, चूना पत्थर, बालुका पत्थर, कोयला, खड़िया आदि अवसादी चट्टानों की सूची में प्राप्त होते हैं।

**23. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| माउंट ब्लैक | आल्प्स |
| एकांकागुआ | एंडीज |
| मैकिन्ले | रॉकीज |
| एल्बुर्ज | काकेशस |

अतः विकल्प (a) से सही सुमेलित है।

**24.(a)**

विश्व के अधिकांश उष्ण मरूस्थल $15^o$–$30^o$ उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों के मध्य महाद्वीप के पश्चिमी किनारे पर स्थित हैं क्योंकि व्यापारिक पवने जैसे-जैसे महाद्वीपों के पश्चिम की ओर जाती हैं उनकी नमी और आर्द्रता में कमी आती जाती है। (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

**25. (d)**

भूकम्पीय सिद्धांत में रिक्टर स्केल की कोई ऊपरी सीमा नहीं है, रिक्टर स्केल भूकम्प की तीव्रता को नापता है। इसको 1935 में चार्ल्स एफ. रिक्टर तथा बेनो गुटेनबर्ग द्वारा प्रकल्पित किया गया था। रिक्टर स्केल पर एक यूनिट तीव्रता बढ़ने पर 31 गुना ज्यादा ऊर्जा निर्मुक्त होती है।

**26. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| **(नगर)** | | **(नदी)** |
|---|---|---|
| वाशिंगटन डी.सी. | – | पोटोमेक |
| बर्लिन | – | स्प्री |
| पेरिस | – | सीन |
| मेड्रिड | – | मेंजेनरेस |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**27. (a)**

प्रशान्त महासागर में स्थित द्वीपों और उसके चारों ओर तटीय भाग में ज्वालामुखियों की संख्या अत्यधिक पायी जाती है। यहाँ विनाशात्मक प्लेट किनारों के सहारे ज्वालामुखी मिलते हैं। विश्व के ज्वालामुखियों का लगभग 2/3 भाग प्रशान्त महासागर के दोनों तटीय भागों, द्वीप चापों तथा समुद्री द्वीपीय के सहारे पाया जाता है। इसे 'प्रशान्त महासागर का अग्निवलय' (Fire Ring of the Pacific Ocean) कहते हैं। यह पेटी अंटार्कटिका के माउन्ट इरेबस से शुरु होकर दक्षिण अमेरिका के एंडीज पर्वतमाला व उत्तर अमेरिका के रॉकीज पर्वतमाला का अनुसरण करते हुये अलास्का, पूर्वी रुस, जापान, फिलीपींस आदि द्वीपों से होते हुये 'मध्य महाद्वीपीय पेटी' में मिल जाती है।

**28. (d)**

खुले समुद्र की लवणता अंतःसमुद्रों की लवणता से कम होती है क्योंकि बहुत सारी नदियाँ खुले समुद्र में गिरती हैं इसलिए लवणता कम रहती है। दूसरे तथ्य के अनुसार खुले समुद्र में मिलने वाली नदियों में लवण विलीन होते हैं। अतः केवल दूसरा तथ्य ही सही है। प्रश्नानुसार विकल्प (d) सत्य है।

**29.(a)**

एजेंडा-21, संयुक्त राष्ट्र की धारणीय विकास (Sustainable Development) के संदर्भ में एक गैर बंधनकारी, स्वैच्छिक रूप से



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

क्रियान्वित कार्य योजना है। यह कार्य योजना जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन की उत्पत्ति नहीं है अपितु इसकी उत्पत्ति 1992 में ब्राजील के रियो-डि-जेनेरियो में सम्पन्न पृथ्वी शिखर सम्मेलन में हुई थी। वस्तुतः यह 21वीं सदी में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक वैश्विक कार्य योजना है जिसके तहत धारणीय विकास को राष्ट्रीय नीतियों में शामिल करने के साथ इसके स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक क्रियान्वयन पर बल दिया गया है। ध्यातव्य है कि 'अर्थ समिट' (पृथ्वी शिखर सम्मेलन) का आधिकारिक नाम पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) है। अतः प्रश्नगत कथन (1) सत्य है जबकि कथन (2) असत्य है।

**30. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची I (जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र)** | **सूची II (राज्य)** |
|---|---|
| सिमलीपाल | ओडिशा |
| दिहांग–दिबांग | अरुणाचल प्रदेश |
| नोकरेक | मेघालय |
| कोल्ड डेजर्ट | हिमाचल प्रदेश |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**31. (d)**

पारिस्थितिक तंत्र की आयु, मध्य व्यवधान और पारिस्थितिक तंत्र की उत्पादकता इत्यादि कारक पारिस्थितिक तंत्र की जैव–विविधता की बढ़ोत्तरी के लिए उत्तरदायी हैं। पोषण स्तरों में कमी से एक विशेष वर्ग के जीवों की संख्या में वृद्धि होती है जबकि जैव विविधता में कमी आती है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 22 मई को जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2023 में जैवविविधता दिवस की थीम 'समझौते से कार्यवाई तकः जैव विविधता का पुनर्निर्माण' है।

**32.(b)**

| **सूची –I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|
| त्वचा कैंसर | – | पराबैंगनी प्रकाश |
| ध्वनि प्रदूषण | – | डेसीबल |
| वैश्विक तापन | – | कार्बन डाईऑक्साइड |
| ओजोन छिद्र | – | क्लोरोफ्लोरो कार्बन |

**33. (b)**

पुराने तथा प्रयुक्त कम्प्यूटरों या उनके पुर्जों के असंगत/अव्यवस्थित निपटान के कारण बेरिलियम, कैडमियम, क्रोमियम, पारा तथा सीसा ई–अवशिष्ट के रूप में पर्यावरण के रूप में निर्मुक्त होते हैं। प्लूटोनियम एक नाभिकीय अपशिष्ट है जो मुख्यतः नाभिकीय प्रतिष्ठानों के परिधि में या प्रयुक्त ईंधन के डंपिंग वाले स्थानों पर ही मिलता है। हेप्टाक्लोर कीटाणुनाशक है।

**34. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -

| **सूची–I (आयोजन)** | **सूची–II (नाम)** |
|---|---|
| एपिको मूवमेंट | अप्पू व ममता |
| नर्मदा बचाओ आंदोलन | मेधा पाटकर |
| पीपुल्स फार एनिमल्स | मेनका गांधी |
| रिसूरेक्शन ऑफ कालि बेन रिवूलेट | बलवीर सिंह सींचेवाल |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**35. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| **राष्ट्रीय उद्यान** | | **अवस्थिति** |
|---|---|---|
| अंसी राष्ट्रीय उद्यान | - | कर्नाटक |
| बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान | - | मध्य प्रदेश |
| भितर कनिका राष्ट्रीय उद्यान | - | ओडिशा |
| बिसन राष्ट्रीय उद्यान | - | त्रिपुरा |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**36.(c)**

सातवाहनों ने स्वर्ण सिक्कों का प्रचलन नहीं करवाया था अपितु उसके स्थान पर चाँदी, ताँबा, सीसा व पोटीन के सिक्कों का प्रयोग किया था। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (c) सुमेलित नहीं है जबकि शेष विकल्प सुमेलित है।

**37. (d)**

ताँबा राजस्थान के खेतड़ी खान से आयात किया जाता था। शंख कच्छ से, लाजवर्दमणि अफगानिस्तान के बदख्शाँ क्षेत्र से तथा स्वर्ण दक्कन (दक्षिण भारत) से आता था।

सिंधु सभ्यता का व्यापार मुख्यतया इरान, इराक, अफगानिस्तान राजस्थान आदि स्थानों से होता था। सिंधु सभ्यता में मापन के लिए 16 का गुणज भार का उपयोग किया जाता था। कपास की खेती का आरम्भ सर्वप्रथम भारत में हुआ। स्तंभों का निर्माण तो हड़प्पाकाल मे होता था लेकिन मेहराबों का निर्माण इस काल में नहीं होता था।

**38. (b)**

गौतम बुद्ध धर्म का प्रचार करते हुए मल्लों की राजधानी पावा पहुँचे तथा यहाँ पर चुन्द नामक लुहार की आम्रवाटिका में ठहरे। उसने बुद्ध को भोजन कराया, जिससे उन्हें रक्तातिसार हो गया और भयानक पीड़ा उत्पन्न हुई। इसी वेदना को सहन करते हुए वे कुशीनारा पहुँचे। यहीं 483 ईसा पूर्व में 80 वर्ष की आयु में उन्होंने शरीर त्याग दिया। इसे बौद्ध ग्रन्थों में 'महापरिनिर्वाण' कहा गया है। मल्लों ने अत्यंत सम्मानपूर्वक उनका अंत्येष्टि संस्कार किया। मल्लों की राजधानी कुशीनगर भी थी। कुशीनारा को कुशावती (कुशीनगर) भी कहते हैं। यह उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले से 34 किमी दूर स्थित है। यहीं पर मौर्य सम्राट अशोक ने बौद्ध स्तूप का निर्माण करवाया था। मल्लों ने बुद्ध के अस्थि-अवशेषों को संस्थागार में रखवा दिया था। जिसे बाद में भिक्षु द्रोण ने 8 भागों में बाँट दिया। महापरिनिर्वाण सूत्र के अनुसार बुद्ध के अस्थि-अवशेषों पर 8 स्तूपों का निर्माण विभिन्न लोगों ने करवाया- 1. अजातशत्रु (मगध), 2. लिच्छवी (वैशाली), 3. कपिलवस्तु के शाक्य, 4. अल्लकप्प के बुलि, 5. रामग्राम के कोलिय, 6. बेठद्वीप के ब्राह्मण, 7. पावा तथा कुशीनगर के मल्ल, 8. पिप्पलिवन के मौर्य (मोरिय)।

**39. (b)**

**सही सुमेलन इस प्रकार है–**

| **अधिकारी** | **धारित पद** |
|---|---|
| समाहर्त्री (समाहर्ता) | राजस्व का प्रधान संग्राहक |
| सम्निधात्री (सन्निधाता) | कोषपाल (कोषाध्यक्ष) |
| संस्थाध्यक्ष | बाजार अधीक्षक |
| अंतरवंशिका | महल के रक्षकों की प्रमुख |
| नागरक | नगर मजिस्ट्रेट |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | |
|---|---|
| अक्षपाटलिक | केन्द्रीय लेखाकार (महालेखाकार) |
| पौतवाध्यक्ष | माप-तौल का अधिकारी |
| राजुक | भूमापक एवं भूराजस्व से जुड़ा अधिकारी |
| सीताध्यक्ष | भूमि कर अधिकारी |
| रूपदर्शक | सिक्कों का परीक्षक |
| एग्रोनोमोई | मार्ग निर्माण |

**40. (a)**

तुर्की प्रशासन व्यवस्था में सैनिक संगठन का विशेष महत्व था। सुल्तानों की सैन्य व्यवस्था का शुभारम्भ इल्तुतमिश के शासन काल में हुआ। इसके समय सल्तनत की सेना को 'हश्म-ए-कल्ब' (केंद्रीय सेना) या 'कल्ब-ए-सुल्तानी' कहा जाता था। इल्तुतमिश ने गुलामों के रूप में भर्ती किए गए सैनिकों के द्वारा अपनी सेना का गठन किया। इल्तुतमिश ने अपनी सेना के सैनिकों को नकद रूप में वेतन प्रदान करने के स्थान पर 'इक्ता' के रूप में भूमि के टुकड़े प्रदान किए। बलबन ने सर्वप्रथम सैन्य विभाग 'दीवान-ए-अर्ज' की स्थापना की। अलाउद्दीन का काल सैनिक सुधारों की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण है। उनसे एक स्थायी सेना का गठन किया तथा 'इक्ता' प्रथा को समाप्त कर सैनिकों को नकद रूप में वेतन का भुगतान किया।

**41. (a)**

विजयनगर के संस्थापक हरिहर एवं बुक्का ने संगम वंश की नींव डाली। इस वंश का अंतिम शासक विरुपाक्ष द्वितीय पूर्णतः अयोग्य व्यक्ति था। साम्राज्य में चारों तरफ अराजकता व्याप्त थी। इस स्थिति में साम्राज्य के एक शक्तिशाली सामंत नरसिंह सालुव ने विरुपाक्ष की हत्या कर सत्ता सम्भाली। उसने साम्राज्य को पुनः संगठित करने हेतु सेना को मजबूत बनाया। इस हेतु उसने अरब व्यापारियों को अधिक से अधिक घोड़े आयात करने के लिए प्रोत्साहित किया। नरसा नायक नामक महत्वाकांक्षी व्यक्ति को अपने पुत्र का संरक्षक नियुक्त किया। नरसा नायक ने लगभग सम्पूर्ण सत्ता अपने हाथ में ले लिया एवं साम्राज्य का काफी विस्तार किया। आगे चलकर इसी के पुत्र वीर नरसिंह ने तुलुव वंश की नींव डाली।

**42 (b)**

कश्मीर के महान शासक (बुडशाह) जैनुल आबिदीन (1420-1470 ई.) द्वारा निर्मित कश्मीर की जामा मस्जिद में बुर्ज, बौद्ध पैगोड़ाओं से समानता तथा फारसी शैली तीनों विशेषताओं का प्रभाव प्रचुरता से दिखाई देता है। इसने अपने पिता (सिकन्दरशाह) के बिल्कुल विपरीत उदार, जनकल्याणकारी और धार्मिक सहिष्णुतावादी नीतियों का अनुसरण किया। इसने जजिया कर हटा दिया। गोहत्या निषिद्ध कर दिया। हिन्दुओं की भावनाओं का आदर करते हुए सती प्रथा पर से प्रतिबन्ध हटा दिया। वह कश्मीरी, फारसी, संस्कृत एवं अरबी भाषा का विद्वान था। वह 'कुतुब' उपनाम से फारसी में कविताएँ भी लिखता था। उसकी उदार नीतियों के कारण उसे 'कश्मीर का अकबर' तथा सुदृढ़ आर्थिक व्यवस्था के कारण उसे 'कश्मीर का अलाउद्दीन खिलजी' कहा जाता है।

**43. (d)**

अढ़ाई दिन का झोपड़ा का निर्माण अजमेर में कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा करवाया गया। अलाई दरवाजा, अलाउद्दीन द्वारा बनवाया गया। फिरोज तुगलक ने फिरोजशाह कोटला का एवं दीनपनाह पुस्तकालय का निर्माण हुमायूँ द्वारा करवाया गया।

**44. (a)**

सही सुमेल इस प्रकार है-

| **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| पांडिचेरी | - | फ्रेंच |
| गोवा | - | पुर्तगीज |
| ट्रानकेबार | - | डेनिश (डेन) |
| मद्रास | - | डच |

**45.(c)**

ये सभी बातें रॉबर्ट क्लाइव के लिए कही गयी हैं। क्लाइव अपना कार्य बीच में ही छोड़कर वर्ष 1760 ई. में वापस चला गया था। वर्ष 1765 ई. में क्लाइव पुनः भारत कंपनी का गवर्नर बनकर आया और उसने 1765 ई. में इलाहाबाद की सन्धि की। इलाहाबाद की सन्धि से ही कंपनी को बंगाल, बिहार और ओडिशा की दीवानी प्राप्त हुई। इसके बाद उसने निजामत अधिकार नवाब को सौंप दिया, यह बंगाल के द्वैध शासन का एक भाग था। दीवानी प्राप्त होने से अंग्रेजों को राजस्व वसूलने का अधिकार प्राप्त हुआ।

**46. (d)**

सही सुमेल इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| प्रथम कर्नाटक युद्ध | – एक्स ला शापेल की संधि (1748 ई.) |
| द्वितीय कर्नाटक युद्ध | – पांडिचेरी की संधि (1755 ई.) |
| प्रथम अंग्रेज-मैसूर युद्ध | – मद्रास की संधि (1769 ई.) |
| द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध | – मंगलौर की संधि (1784 ई.) |

**47.(a)**

उच्च हिमालय भारत को जलवायु सम्बन्धी विशिष्टता प्रदान करता है। ग्रीष्मकाल में हिमालय दक्षिणी-पश्चिमी जलवाष्प युक्त मानसूनी हवाओं को रोककर देश में पर्याप्त वर्षा कराता है। जबकि यह शीतकाल में साइबेरिया की शीतल हवाओं को रोककर देश को अपेक्षाकृत गर्म रखता है। यही कारण है कि देश का अधिकांश भाग कर्क रेखा के ऊपर अर्थात् शीतोष्ण कटिबन्ध में स्थित है, किन्तु यहाँ की जलवायु उपोष्ण या उष्णकटिबन्धीय है।

**48. (a)**

**सही सुमेलित सूची निम्न है–**

| | **सूची–1** | | **सूची –2** |
|---|---|---|---|
| A. | जोनाथन डंकन | 1. | बनारस का स्थायी बन्दोबस्त |
| B. | थॉमस मुनरो | 2. | रैयतवाड़ी बन्दोबस्त |
| C. | कार्नवालिस | 3. | बंगाल का स्थायी बन्दोबस्त |
| D. | हाल्ट मेकेन्जी | 4. | महालवाड़ी बन्दोबस्त |

**49. (b)**

भारत में पहली सूती कपड़ा मिल की स्थापना 1853 में बाम्बे में कावसजी नानाभाई डावर ने " द बाम्बे स्पिनर मिल ' के नाम से स्थापित की। देश के प्रथम जूट मिल की स्थापना 1855 में ब्रिटिश उद्यमी जॉर्ज ऑकलैण्ड और बंगाली फाइनेंसर बाबू बायसुम्बर सेन द्वारा रिसरा (बंगाल प्रेसीडेंसी) में की गई थी। भारत में प्रथम बार स्टील (लौह-इस्पात) का उत्पादन 1870 में बंगाल आयरन वर्क्स कम्पनी (IISCO) द्वारा कुल्टी (झरिया) तथा बर्नपुर (प. बंगाल) में की गई थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**50.(a)**

| घटनाएँ | तिथियाँ |
|---|---|
| बैरकपुर विद्रोह | नवम्बर, 1824 |
| बहरामपुर विद्रोह | फरवरी, 1857 |
| संथाल विद्रोह | 1855-56 |
| वेल्लोर विद्रोह | जुलाई, 1806 |

**51. (a)**

1857 के विद्रोह के शुरू होते ही सैनिकों ने लाल किले की तरफ कूच किया तथा बहादुर शाह जफर को अपना नेता घोषित किया, किन्तु बहादुर शाह को अन्य रियासतों के शासकों का सहयोग नहीं मिला तथा स्वयं जनता ने भी उनका साथ नहीं देना चाहा, जिससे विद्रोह असफल हो गया। इसके अतिरिक्त असफलता के निम्नलिखित कारण भी थे- (1) अंग्रेजो के पास अच्छे शस्त्रों एवं कुशल नेतृत्व का होना (2) विद्रोह का केवल उत्तर भारत तक सीमित रहना (3) कुछ भारतीय शासकों द्वारा अंग्रेजों को विद्रोह दबाने में मदद करना (4) संगठन एवं एकता का अभाव (5) निश्चित उद्देश्य का अभाव।

**52. (a)**

स्वामी दयानन्द ने 1875 ई. में आर्य-समाज की स्थापना की। वे देवी एवं देवताओं की मूर्ति पूजा के विरूद्ध थे। वेदों को अमोघ मानते थे तथा वेदों के पुनरूत्थान का श्रेय भी दिया जाता है। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर से मिले थे और उनसे विचार-विमर्श किया था। आर्य-समाज केवल वेदों को ही स्वतंत्र और अंतिम शब्द स्वीकार किये और वेदों से ही प्रेरणा ली तथा वेद ही सत्य-ज्ञान के स्रोत है। उन्होंने मूर्ति-पूजा का खंडन किया, तीर्थयात्रा और अवतारवाद का विरोध किया। कर्म और पुनर्जन्म अथवा जीवन के आवागमन के सिद्धांत में विश्वास करते थे। 'वेदों की ओर चलो' नारा स्वामी दयानंद सरस्वती ने दिया था।

**53. (c)**

| | | |
|---|---|---|
| राजाराम मोहन राय (1772–1833) | - | आत्मीय सभा (1815) |
| देवेन्द्रनाथ टैगोर (1817-1905) | - | तत्वबोधनी सभा (1839), आदि ब्रह्म समाज |
| केशव चन्द्र सेन (1838-1884) | - | साधारण ब्रह्म समाज (भारतीय ब्रह्म समाज) |
| आत्माराम पाण्डुरंग | - | प्रार्थना समाज (1867) |
| महागोविन्द रानाडे | - | पूना सार्वजनिक सभा (1870) |
| ज्योतिबा फूले | - | सत्य शोधक समाज (1873) |
| सर सैय्यद अहमद खान | - | मोहम्मडन एंग्लो आरियंटल-कॉलेज, अलीगढ़ (1875) |
| तुलसी राम (शिव नारायण साहब) | - | राधा स्वामी सत्संग (1861ई.) |
| दयानन्द सरस्वती (1824-1883), लाला हंसराज | - | आर्य समाज 1875 |
| विवेकानन्द (1863-1902) | - | रामकृष्ण मिशन (1897) |
| कर्नल ऑल्काट | - | थियोसोफिकल सोसाइटी (न्यूर्याक 1875) |
| गोपाल कृष्ण गोखले (1866-1915) | - | भारतीय सेवक समाज (दि सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डियन सोसाइटी 1905) |

**नोट-**

(1) गोस्वामी तुलसीदास (1532-1623 ई.) मध्यकालीन सगुण काव्यधारा के राम भक्त संत थे। वह मुगल शासक अकबर तथा जहाँगीर के समकालीन थे।

(2) केशव चन्द्र सेन के अनुयायी शिवनाथ शास्त्री तथा आनन्द मोहन बोस ने 1878 ई. में साधारण ब्रह्म समाज की स्थापना की। इसके प्रमुख अनुयायियों में विपिन चन्द्र पाल, द्वारिकानाथ गांगुली तथा सुरेन्द्रनाथ बनर्जी शामिल थे। केशव चन्द्र सेन ने भारतीय ब्रह्म समाज की स्थापना किया था।

**54.(b)**

सर विलियम जोन्स ने 1784 ई. में एशियाटिक सोसायटी का गठन किया। 1781 ई. में वारेन हेस्टिंग्स ने कलकत्ता मदरसा की स्थापना की। 1835 ई. में बैंटिक ने कलकत्ता मेडिकल कालेज की स्थापना की। जोनाथन डंकन ने संस्कृत कालेज बनारस की स्थापना 1791 ई. में की।

**55.(b)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष 1917 में ऐनी बेसेंट बनी थीं। सरोजिनी नायडू कानपुर में हुए 40वें वार्षिक अधिवेशन (1925) में कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं थीं। 27-28 दिसंबर, 1887 को मद्रास में सम्पन्न हुए कांग्रेस के तीसरे अधिवेशन में सर्वप्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैय्यब जी बनें थे।

**56.(d)**

वर्ष 1916 भारत के इतिहास में- कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन (अध्यक्ष-अंबिकाचरण मजुमदार), कांग्रेस-लीग समझौता (तिलक एवं जिन्ना के प्रयास से) तथा होमरूल लीग के गठन हेतु महत्त्वपूर्ण है। सर्वप्रथम तिलक ने अप्रैल 1916 ई. में तत्पश्चात ऐनी बेसेन्ट ने सितम्बर 1916 ई. में अपनी-अपनी होमरूल लीग का गठन किया। कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में ही तिलक एवं ऐनी बेसेन्ट के प्रयत्न से नरम एवं गरम दल पुनः एक हो गये।

**57. (d)**

भारत में होमरूल लीग का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन रहते हुए संवैधानिक तरीके से स्वशासन को प्राप्त करना था। बाल गंगाधर तिलक ने 28 अप्रैल, 1916 को बेलगांव (कर्नाटक) में 'होमरूल लीग' की स्थापना की। सन् 1916 के लखनऊ अधिवेशन के दौरान तिलक ने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- ''स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।'' जबकि



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

एनी बेसेंट ने इसकी दूसरी शाखा सितम्बर 1916 ई. में मद्रास में स्थापित की थी। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान कांग्रेस द्वारा कोई अन्य आंदोलन न प्रारंभ करने के कारण होमरूल आंदोलन सफल रहा। इस आंदोलन के फलस्वरूप भारत सचिव मांटेग्यू ने 20 अगस्त 1917 ई. को ब्रिटिश संसद ने भारत को उत्तरदायी शासन प्रदान करने की बात की गई।

**58.(c)**

1921-22 में भारतीय जनता एक अभूतपूर्व हलचल की दौर से गुजरी। हजारों की संख्या में छात्रों ने सरकारी स्कूल-कॉलेज छोड़कर राष्ट्रीय स्कूल और कॉलेजों में प्रवेश ले लिया। यही समय था जब अलीगढ़ में जामिया मिलिया इस्लामिया, बिहार विद्यापीठ, काशी विद्यापीठ और गुजरात विद्यापीठ का जन्म हुआ। इन राष्ट्रीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आचार्य नरेंद्र देव, डा. जाकिर हुसैन और लाला लाजपत राय जैसे व्यक्ति शिक्षक का कार्य करते थे।

**59. (a)**

प्रकाश वर्ष दूरी का मात्रक होता है।

1 प्रकाश वर्ष = $9.461 \times 10^{15}$ m या $9.46 \times 10^{12}$ km

मोल, पदार्थ की मात्रा की इकाई है।

1 मोल = 22.4 ली0

विद्युत आवेश की मात्रा की इकाई कूलॉम होती है।

ऊर्जा को वॉट-घंटा या किलोवॉट घण्टा में मापते हैं।

**60. (c)**

सरल आवर्त गति में दोलन करते हुए किसी पिण्ड द्वारा प्रत्येक वेग की स्थिति दो बार प्राप्त होती है। गोला द्वारा माध्य स्थिति में पहुँचने पर गतिज ऊर्जा अधिकतम, स्थितिज ऊर्जा तथा त्वरण शून्य होता है। आवर्त गति में अन्तिम अवस्था पर पहुँचने पर गतिज ऊर्जा शून्य तथा स्थितिज ऊर्जा एवं त्वरण अधिकतम होता है। एक सामान्य दोलक का दोलन आयाम घर्षण के कारण समय के साथ कम होता जाता है।

**61. (a)**

बर्फ का टुकड़ा पेय पदार्थ को ठण्डा बना देता है क्योंकि बर्फ पिघलने के लिए पेय पदार्थ से ऊष्मा को गुप्त ऊष्मा के रूप में अवशोषित कर लेता है जिससे पेय पदार्थ ठण्डा हो जाता है। अतः A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

**62. (c)**

अपर्वतन की क्रिया में जब प्रकाश-तरंग (किरण) किसी विरल माध्यम (जैसे–वायु) से सघन माध्यम (जैसे–काँच) में प्रवेश करती है, तो उसकी चाल (गति) कम हो जाती है। इसके विपरीत यदि सघन से विरल माध्यम में प्रवेश करती है, तो उसकी गति बढ़ जाती है, परन्तु प्रकाश किरण की आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है। अतः प्रकाश तरंग के वायु से शीशे में प्रवेश करने पर इसकी आवृत्ति अपरिवर्तित रहेगी, जबकि चाल परिवर्तित हो जायेगी।

**63. (a)**

न्यूट्रॉन की खोज जेम्स चैडविक ने की थी। इलेक्ट्रॉन की खोज 1897 में जे0जे0 थॉमसन ने की थी। सन् 1803 में डाल्टन ने परमाणु सिद्धांत का प्रतिपादन किया। प्रोटॉन की खोज गोल्डस्टीन ने की थी।

**64. (d)**

जल की स्थाई कठोरता कैल्शियम तथा मैग्नीशियम के क्लोराइड तथा सल्फेट के कारण होती है। कठोर जल पीने में लवणीय लगता है। कपड़ा धोने पर इससे झाग उत्पन्न नहीं होता, अतः कपड़ा धोने हेतु यह अनुपयुक्त होता है। बायलर्स में उबालने पर कैल्शियम तथा मैग्नीशियम के लवण सतह पर आकर जम जाते हैं तथा वाष्पन की क्रिया में अवरोध उत्पन्न करते हैं जिससे ऊष्मा का संकेंद्रण जल में बढ़ता जाता है और बायलर्स विस्फोट करके टूट जाता है। कठोर जल फसल की सिंचाई हेतु भी उपयुक्त नहीं होता, क्योंकि यह फसली पौधों के जाइलम को अवरुद्ध कर देता हैं जिससे फसलें कुंठित हो जाती हैं।

**65. (b)**

L.P.G. में ब्यूटेन, प्रोपेन गैसें होती हैं।

C.N.G. में मेथेन, एथेन गैसें होती हैं।

कोयला गैस में हाइड्रोजन, मेथेन, कार्बन मोनोक्साइड गैसें होती हैं।

भाप-अंगार गैस में कार्बन मोनोक्साइड और हाइड्रोजन गैस मिलती है।

**66. (d)**

अधिकांश एंटीबायोटिक, वृद्धि या उपापचय के विभिन्न कारकों में से केवल कोशिका भित्ति का संश्लेषण और जीवाण्विक प्रोटीन संश्लेषण का व्यतिकरण करने वाले जीवाण्विक परजीवीयों को अपना लक्ष्य बनाते हैं। एंटीबायोटिक कवक सूक्ष्म जीवाणुओं, जैसे से निर्मित होते हैं।

**67. (b)**

उत्परिवर्तन का सिद्धान्त ह्यूगो डी. व्रिज ने प्रतिपादित किया। जीवों के विकास का सिद्धान्त प्रतिपादित करने का श्रेय चार्ल्स डार्विन को है। एक जीन एक एन्जाइम की परिकल्पना बीटल बींक और टैटम ने प्रस्तुत की तथा ओपेरॉन अवधारणा के प्रतिपादन का श्रेय जैकेब और मोनो को प्राप्त है।

**68.(a)**

अलैंगिक प्रजनन प्रक्रिया कई जीवित प्राणियों में पायी जाती है। अमीबा एककोशिकीय जीव है, जिसमें विभाजन द्वारा प्रजनन क्रिया होती है। इस प्रक्रिया के दौरान अमीबा का विभाजन दो प्रकार का होता हैः द्विविभाजन तथा बहुविभाजन, जिसके कारण उसकी प्रजनन प्रक्रिया को 'विखण्डन प्रजनन' कहते हैं तथा सभी एक कोशिकीय जीव अलैंगिक विधि से जनन करते हैं। इसके कारण उसकी प्रथम प्रक्रिया को विखडन कहते है।

**69. (d)**

सही सुमेल इस प्रकार है-

| (सूची-I) | (सूची- II) |
|---|---|
| पेरिस्टाल्टिक संचार | आहार नाल |
| गैस्ट्रिक ग्रंथियां | पेट की अन्दरुनी परत |
| एमाइलेज | लार |
| पित्त रस | लीवर |

**70. (c)**

मस्तिष्क मानव शरीर का केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण अंग है और यह आदेश व नियंत्रण तंत्र की तरह कार्य करता है। यह ऐच्छिक गमन, शरीर के संतुलन, प्रमुख अनैच्छिक अंगों के कार्य, तापमान नियंत्रण भूख एवं प्यास, परिवहन, हृदय गति का नियंत्रण तथा



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

मानव व्यवहार को भी नियंत्रण में रखता है। यह देखने सुनने, बोलने की प्रक्रिया, याददाश्त, कुशाग्रता, भावनाओं और विचारों का केंद्र भी है। हृदयगति का नियंत्रण मेडुला ऑब्लान्गेटा (मेरु-रज्जु) जबकि शरीर का संतुलन बनाने का कार्य सेरीबेलम करता है।

**71. (d)**

| **हार्मोन** | | **प्रकार्य** |
|---|---|---|
| एल्डोस्टेरॉन | – | लवण धारक हार्मोन |
| एस्ट्रोजन | – | स्त्रियों के गौण लैंगिक लक्षण को बनाए रखना |
| मेलाटोनिन | – | मनुष्य के शरीर में होने वाले परिवर्तन (सर्केडियन लय) को नियंत्रित करना। |
| प्रोजेस्टेरॉन | – | गर्भ का संधारण |

**72. (d)**

सही सुमेलित है–

| | | |
|---|---|---|
| विटामिन- K | – | अल्फा-अल्फा |
| विटामिन-D | – | कॉड-यकृत तेल |
| विटामिन- E | – | गेहूँ भ्रूण तेल |
| विटामिन C | – | नींबू |

**73.(d)**

| **अणु** | | **पाचन के उत्पाद** |
|---|---|---|
| प्रोटीन | - | एमीनो अम्ल |
| कार्बोहाइड्रेट | - | मोनोसैकेराइड |
| न्यूक्लिक अम्ल | - | नाइट्रोजनी क्षारक और पेन्टोज शर्करा |
| लिपिड | - | वसा-अम्ल और ग्लिसरॉल |

**74. (d)**

जनगणना 2011 के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार भारत में लिंगानुपात 940 था, जबकि अंतिम आँकड़ों में भारत में लिंगानुपात 943 है।

1951-2011 तक भारत का लिंगानुपात निम्नवत रहा–

| **वर्ष** | | **लिंगानुपात** |
|---|---|---|
| 1951 | - | 946 |
| 1961 | - | 941 |
| 1971 | - | 930 |
| 1981 | - | 934 |
| 1991 | - | 927 |
| 2001 | - | 933 |
| 2011 | - | 943 |

**75. (c)**

जनगणना- 2011 के अंतिम आँकड़े के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनसंख्या (19,98,12,341) सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश के पश्चात् क्रमशः महाराष्ट्र, बिहार तथा पश्चिम बंगाल जनसंख्या में सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या विश्व के देशों के संदर्भ में चीन, भारत, अमेरिका और इण्डोनेशिया के बाद 5वें स्थान पर है। भारत की कुल आबादी में 16.50% जनसंख्या उत्तर प्रदेश में निवास करती है।

**76. (d)**

भारत एक नगरीय जनाधिक्य वाले देश का उदाहरण है। यह कथन असत्य है। भारत के अधिकांश बड़े नगरों में पर्याप्त अवस्थापना का अभाव है। यह कथन सत्य है।

भारत की कुल आबादी का 31.2% नगरीकृत क्षेत्रों में रहती है। जबकि अधिकांश आबादी (68.84%) ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

**77. (b)**

सही सुमेलित हैं–

| **सूची ( I )** | | **सूची ( II )** |
|---|---|---|
| **( पंचवर्षीय योजना )** | | **( प्रयुक्त विकास मॉडल )** |
| प्रथम | – | हैराड-डोमर मॉडल |
| द्वितीय | – | महालनोबिस मॉडल |
| तृतीय | – | एस. चक्रवर्ती मॉडल |
| चतुर्थ | – | अशोक रूद्र मॉडल |

**78.(d)**

न्यूनतम समर्थन मूल्य वह न्यूनतम मूल्य होता है जिस पर सरकार किसानों द्वारा बेचे जाने वाले अनाज की पूरी मात्रा क्रय करने के लिए तैयार रहती है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा फसल बोने से पहले करती है। भारत सरकार खरीद नीति के संबंध में मुक्त-खरीद नीति का पालन करती है, चूँकि भारत सरकार का खाद्यान्न का बफर स्टॉक सीमित है इसलिए कोई भी राज्य/केन्द्रशासित राज्य न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाजों, दलहनों एवं तिलहनों की असीमित खरीद नहीं कर सकता है। कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य केन्द्र सरकार द्वारा कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के माध्यम से निर्धारित किया जाता है। मूल्य निर्धारण राज्य स्तर पर नहीं होता है।

**79. (d)**

दिये गए विकल्प में सही सुमेल निम्नलिखित है

| **सूची –I** | | **सूची –II** |
|---|---|---|
| मत्स्यपालन | – | पीसीकल्चर |
| फूलों की खेती | – | फ्लोरीकल्चर |
| रेशम के कीड़ो का पालन | – | सेरीकल्चर |
| अंगूर की खेती | – | विटीकल्चर |

**80. (a)**

सही सुमेल इस प्रकार है–

| **(औद्योगिक नीति)** | | **(विशिष्ट लक्षण)** |
|---|---|---|
| **A.** औद्योगिक नीति 1948 ई. | – | मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रारम्भ की |
| **B.** औद्योगिक नीति 1956 ई. | – | राज्य केन्द्रित अर्थव्यवस्था की प्रक्रिया शुरू की |
| **C.** औद्योगिक नीति 1980 ई. | – | मिश्रित अर्थव्यवस्था में विश्वास पुनः स्पष्ट किया |
| **D.** औद्योगिक नीति 1991 | – | सरकारी-गैर सरकारी साझेदारी |

**81. (a)**

किसी अर्थव्यवस्था की वह नीति, जिसके द्वारा उसमें होने वाले मुद्रा प्रवाह/प्रचलन की मात्रा विनियमित होती है। उसकी मौद्रिक नीति



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

कहलाती है। विश्व के सभी अर्थव्यवस्थाओं में इसकी घोषणा वहाँ के 'केंद्रीय बैंक' द्वारा की जाती है। भारत में इसकी घोषणा RBI द्वारा की जाती है। भारत में RBI द्वारा प्रयुक्त मौद्रिक नीति के साधन है—नकद आरक्षण अनुपात (CRR), सांविधिक तरलता अनुपात (SLR), बैंक दर, रेपो व रिवर्स रेपो दर, मुक्त बाजार संक्रियाएं (OMO), बेस दर, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा (MSF)।

**82. (a)**

सरकार को अवरूद्ध मुद्रास्फीति से निपटने के लिए कठिन समय का सामना करना पड़ता है। इसका कारण अर्थव्यवस्था में आपूर्ति अड़चन तथा अक्षम वितरण होता है। जब पूर्ति एकाएक कम हो जाती है और मांग उसी स्तर पर बनी रहती है तो इस स्थिति को अवरूद्ध मुद्रास्फीति कहते हैं। अतः कथन (A) और (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**83. (a)**

'भीम' (BHIM) 'भारत इंटरफेस फॉर मनी' का संक्षिप्त रूप है। भारत सरकार के उपक्रम भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा वित्तीय लेन-देन हेतु प्रारंभ किया गया है।

- 'भीम' ऐप्प उपयोग करने के लिए यह ऐप्प यू.पी.आई. (UPI) या गैर यू.पी.आई. बैंक खाते से किसी को धन का हस्तांतरण करना संभव बनाता है। अतः कथन (1) सही है।
- भीम ऐप्प के प्रमाणीकरण के तीन घटक होते हैं–

1. ऐप्प किसी डिवाइस की आई. डी. या मोबाइल नंबर से जुड़ता है।
2. उपयोगकर्त्ता को लेन-देन के लिए जो भी बैंक खाता (यू.पी.आई. या गैर यू.पी.आई. सक्षम) लिंक करने की आवश्यकता होती है।
3. लॉग इन करने के लिए पिन बनाने के लिए इंस्ट्रक्शन दिया जाता है।

- एक चिप-पिन डेबिट कार्ड में प्रमाणीकरण के तीन घटक होते हैं। अतः कथन (2) गलत है।

**84.(b)**

अनुच्छेद 116 (क) के अंतर्गत लोकसभा लेखा अनुदान पारित कर सरकार के लिए एक अग्रिम राशि मंजूर कर सकती है, जिसके बारे में बजट विवरण देना सरकार के लिए सम्भव नहीं है। यह सरकार के बजट के व्यय पक्ष से सम्बद्ध होता है। अंतरिम बजट में व्यय तथा आवती दोनों सम्मिलित होते हैं तथा यह चुनाव से पूर्व कार्यवाहक सरकार द्वारा तथा चुनाव के बाद नियमित सरकार अर्थात दोनों सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

**85. (a)**

'हीनार्थ प्रबन्धन' अथवा घाटे की वित्त व्यवस्था के तहत सरकार बजट घाटे को पूरा करने के लिए या तो केंद्रीय बैंक से ऋण लेती है अथवा अतिरिक्त पत्र मुद्रा छापकर व्यय के आधिक्य को पूरा करती है। हीनार्थ प्रबन्धन के इस उपाय को अपनाने से मुद्रास्फीति उत्पन्न होती है जिसके फलस्वरूप मुद्रा की आपूर्ति, वस्तुओं एवं सेवाओं की तुलना में अधिक हो जाती है। मुद्रा का मूल्य गिरता है तथा वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में वृद्धि हो जाती है।

**86.(a)**

सही सुमेलित है-

| **सूची -I (खनिज)** | | **सूची-II (उद्योग जिनमें बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।)** |
|---|---|---|
| चूना पत्थर | – | सीमेंट |
| कॉपर (ताँबा) | – | बिजली का सामान |
| बॉक्साइट | – | हवाई जहाज का निर्माण |
| मैगनीज | – | इस्पात |

**87.(d)**

प्रच्छन्न बेरोजगारी या छिपी हुई बेरोजगारी जिसे अदृश्य बेरोजगारी भी कहते हैं के अन्तर्गत श्रमिक बाहर से तो काम पर लगे हुए प्रतीत होते हैं किन्तु वास्तव में उन श्रमिकों की उस कार्य में आवश्यकता नहीं होती अर्थात् यदि उन श्रमिकों को उस कार्य से निकाल दिया जाए तो कुल उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसमें ज्यादा श्रमिक एक ही व्यवसाय में संलग्न होते हैं जितना कि अपेक्षित रूप से होना चाहिए। इन श्रमिकों की सीमान्त उत्पादकता शून्य अथवा नगण्य होती है। कृषि में इस प्रकार की बेरोजगारी की प्रधानता है तथा यह मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा है।

**88. (d)**

| **सूची–I (योजनाओं के नाम)** | **सूची–II (प्रारम्भ वर्ष)** |
|---|---|
| A. कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना | 2001 |
| B. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार | 1999 |
| C. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना | 1997 |
| D. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना | 2000 |

**89. (b)**

राज्य सभा के लिए राज्यों की सीटों का बंटवारा उनकी जनसंख्या के आधार पर किया जाता है, अतः राज्य के प्रतिनिधियों की संख्या अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होती है। अर्थात् राज्य सभा में सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व समान नहीं है।

- संविधान के अनुच्छेद 3 के अन्तर्गत संसद को यह अधिकार प्रदान किया गया है कि वह नये राज्य बनाने, किसी राज्य के नाम में परिवर्तन करने एवं किसी राज्य की सीमाओं में परिवर्तन करने संबंधी कार्य को राज्यों की सहमति के बिना कर सकती है। इसलिए भारतीय संघीय व्यवस्था को "विनाशी राज्यों का अविनाशी संघ कहा जाता है।
- भारतीय संविधान संघीय है और इसने दोहरी राजपद्धति (केन्द्र एवं राज्य) को अपनाया है, किन्तु इसमें केवल एकल नागरिकता की व्यवस्था की गयी है।

**90. (c)**

**भारतीय संविधान के प्रमुख स्रोत -**

**भारत सरकार अधिनियम, 1935**-भारतीय संविधान का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। संविधान का आकार, संरचनात्मक स्वरूप **विषय सूची** तथा **भाषा** पर, 1935 के अधिनियम का गहरा प्रभाव है।



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

**ब्रिटिश संविधान-संसदीय शासन प्रणाली**/मंत्रिमंडलीय सरकार, विधि निर्माण प्रक्रिया और इकहरी नागरिकता, **विधि का शासन**।

**संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान-मौलिक अधिकार,** संविधान की सर्वोच्चता, स्वतंत्र न्यायपालिका, **न्यायिक पुनरावलोकन, राष्ट्रपति पर महाभियोग**, उपराष्ट्रपति।

**फ्रांस-**गणतंत्र की स्थापना।

**आयरलैण्ड का संविधान-राज्य के नीति निदेशक तत्व, राष्ट्रपति** के निर्वाचन में **निर्वाचक मंडल** की व्यवस्था, राज्यसभा में कला, साहित्य, विज्ञान आदि से संबंधित **विशिष्ट व्यक्तियों के मनोनयन** की प्रणाली।

**ऑस्ट्रेलिया का संविधान- समवर्ती सूची**, व्यापार, वाणिज्य एवं समागम की स्वतन्त्रता, संसद के दोनों सदनों की **संयुक्त बैठक**।

**कनाडा का संविधान- संघात्मक व्यवस्था**, **केंद्र/राज्य संबंध,** अवशिष्ट शक्तियां केंद्र के पास, **राज्यपालों की नियुक्ति** केंद्र द्वारा, सर्वोच्च न्यायालय का सलाहकारी क्षेत्राधिकार।

**जर्मनी का वाइमर संविधान-**आपातकाल में मौलिक अधिकार का स्थगन सम्बन्धी शक्ति।

**दक्षिण अफ्रीका का संविधान-संविधान संशोधन** की पद्धति तथा **राज्य सभा सदस्यों** का **निर्वाचन**।

**जापान का संविधान- विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया**।

**पूर्व सोवियत संघ का संविधान-मूल कर्तव्य** (मौलिक कर्तव्य)।

**91. (a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है -

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| नागरिकता | - भाग II |
| मौलिक कर्त्तव्य | - भाग IV ए |
| निर्वाचन | - भाग XV |
| आपातकाल प्रावधान | - भाग XV III |

**92. (d)**

शिक्षा संस्थाओं की स्थापना तथा प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार अनु. 30 के अन्तर्गत आता है। अतः प्रश्नानुसार विकल्प (d) सुमेलित नहीं है व अन्य विकल्प सुमेलित हैं। अनुच्छेद-31 सम्पत्ति का अधिकार एक मूल अधिकार था, जिसे 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा विधिक अधिकार अनुच्छेद 300(क) में परिवर्तित कर दिया गया।

**93. (b)**

सही सुमेलन इस प्रकार होगा –

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| सांविधानिक संशोधन | – | अनुच्छेद-368 |
| वित्त आयोग | – | अनुच्छेद-280 |
| वित्तीय आपात | – | अनुच्छेद-360 |
| अखिल भारतीय सेवाएँ | – | अनुच्छेद-312 |

**94. (c)**

नागरिकता अधिनियम, 1955 में अधिनियम या संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार नागरिकता की समाप्ति के **तीन** कारण बताए गए हैं–

(i) स्वैच्छिक त्याग

(ii) बर्खास्तगी के द्वारा (अन्य देश की नागरिकता ग्रहण करने पर

(iii) वंचित करने पर (राजद्रोह आदि के कारण)

किसी अन्य देश के नागरिक से विवाह करने व सरकार की आलोचना करने से नागरिकता समाप्त नहीं होती।

**95. (a)**

प्रतिषेध रिट उच्चतम या उच्च न्यायालय द्वारा अवर (अधीनस्थ) न्यायालय को सम्बोधित रिट है, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालयो में कार्यवाही करने से या उस अधिकारिता का हथियाने का प्रतिषेध किया जाता है। इस रिट के द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों को उनकी अधिकारिता की सीमा में रहने के लिए बाध्य किया जाता है। यह न्यायिक और न्यायिककल्प प्राधिकारी के खिलाफ दिया गया आदेश है। प्रतिषेध रिट तब जारी किया जाता है जब कार्यवाही चल रही हो अर्थात कार्यवाही चालू रहने के दौरान जारी की जाती है ताकि कार्यवाही को रोका जा सके।

**96. (a)**

संविधान में यह प्रावधान है कि राष्ट्रपति के निर्वाचन में विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व समान रूप से हो, साथ ही राज्यों तथा संघ के मध्य भी समानता हो। इसे प्राप्त करने के लिए, राज्य विधानसभाओं तथा संसद के प्रत्येक सदस्य के मतों की संख्या निम्न प्रकार निर्धारित होती है।

एक विधायक के मत का मूल्य =

$$\frac{\text{राज्य की कुल जनसंख्या}}{\text{विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या}} \times \frac{1}{1000}$$

एक संसद सदस्य के मतों का मूल्य =

$$\frac{\text{सभी राज्यों के विधायकों के मतों का कुल मूल्य}}{\text{संसद के निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या}}$$

अतः स्पष्ट है कि लोकसभा तथा राज्य सभा दोनों के सदस्यों का मूल्य बराबर होगा।

**97.(a)**

संविधान के **अनुच्छेद 80** के तहत, राष्ट्रपति, **मंत्रिपरिषद्** की सलाह पर **साहित्य**, विज्ञान, **कला** व समाज के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त **12 सदस्यों** को राज्यसभा में मनोनीत कर सकता है। राष्ट्रपति के पास, सांविधिक निकायों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को नियुक्त करने और पद से हटाने की परमशक्ति नहीं है क्योंकि भारत में संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाया गया है। जिसमें राष्ट्रपति नाममात्र का प्रधान होता है तथा वास्तविक शक्ति मंत्रिपरिषद में विद्यमान होती है। मंत्रिपरिषद के परामर्श से ही राष्ट्रपति अपने कार्यों का निर्वहन करता है।

**98. (a)**

संविधान के अनुच्छेद 101 (4) के अनुसार यदि संसद के किसी सदन का कोई सदस्य 60 दिन की अवधि तक सदन की अनुज्ञा के बिना उसके सभी अधिवेशनों से अनुपस्थित रहता है, तो सदन



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

उसके स्थान को रिक्त घोषित कर सकता है, परन्तु 60 दिन की उक्त अवधि की संगणना करने में किसी ऐसी अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा जिसके दौरान सदन सत्रावसित या निरन्तर चार से अधिक दिनों के लिए स्थगित रहता है।

**99.(b)**

जब लोकसभा विघटित की जाती है तो इसके सारे कार्य जैसे- विधेयक, प्रस्ताव, संकल्प नोटिस, याचिका आदि समाप्त हो जाते हैं। उन्हें नवगठित लोकसभा में दोबारा लाना जरूरी है। यद्यपि जिन लंबित विधेयकों और लंबित आश्वासनों, जिनकी जाँच सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति द्वारा की जानी होती है, लोक सभा के विघटन पर समाप्त नहीं होते हैं; विधेयकों के संबंध में निम्नलिखित स्थिति होती है-

(1) लोकसभा में पारित किन्तु राज्यसभा में विचाराधीन विधेयक समाप्त हो जाता है।

(2) ऐसा विधेयक जो दोनों सदनों में असहमति के कारण पारित न हुआ हो और राष्ट्रपति ने विघटन होने से पूर्व दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाई हो, समाप्त नहीं होता।

(3) ऐसा विधेयक जो राज्यसभा में विचाराधीन हो लेकिन लोकसभा द्वारा पारित न हो, समाप्त नहीं होगा।

(4) ऐसा विधेयक दोनों सदनों द्वारा पारित हो और राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये विचाराधीन हो, समाप्त नहीं होता है।

(5) ऐसा विधेयक जो दोनों सदनों द्वारा पारित हो लेकिन राष्ट्रपति द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटा दिया गया हो, समाप्त नहीं होता।

**100. (b)**

स्थगन प्रस्ताव की विषयवस्तु संघ सरकार के आचरण से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित होनी चाहिए। स्थगन प्रस्ताव द्वारा गम्भीर मामलों पर सदन का ध्यान आकर्षित किया जाता है जिन विषयों या मामलों पर शीघ्र विचार न होने पर गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। इस प्रस्ताव के विषयवस्तु के तहत संविधान के अनुरूप अपने कर्त्तव्यों के पालन में भारत सरकार की विफलता को शामिल किया जा सकता है। इस प्रस्ताव को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में लाया जा सकता है। इस हेतु 50 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होता है।

**101. (c)**

पीठासीन अधिकारी (अध्यक्ष या सभापति) कार्य सम्पन्न होने पर सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा करते हैं। इसके कुछ दिन बाद राष्ट्रपति सत्रावसान की अधिसूचना जारी करते ही सत्रावसान सदन के सत्र को समाप्त करता है। इस दौरान विधान मण्डल में **लम्बित विधेयक समाप्त नहीं** होता है।

विधान सभा के भंग या विघटित होने पर विधानपरिषद में लम्बित विधेयक जो **विधान सभा द्वारा पारित** न हुआ हो, **समाप्त** नहीं हो जाता, किन्तु इस दौरान विधानसभा में लम्बित **विधेयक समाप्त** हो जाता है।

अतः दोनों कथन (1) और (2) सही हैं।

**102.(b)**

सही सुमेलित है।

| **सूची-I** (राष्ट्रीय उद्यान) | | **सूची-II** (राज्य) |
|---|---|---|
| मानस | – | असम |
| सिमलीपाल | – | ओडिशा |
| बाँदीपुर | – | कर्नाटक |
| राजाजी राष्ट्रीय उद्यान | – | उत्तराखण्ड |

**नोट-** वर्ष 2000 में उत्तराखण्ड बनने के बाद राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड में चला गया है।

**103. (b)**

| **सूची–I (नगर)** | | **सूची–I (नदी)** | |
|---|---|---|---|
| A | चित्रकूट | 1 | मंदाकिनी |
| B | जौनपुर | 2 | गोमती |
| C | मथुरा | 3 | यमुना |
| D | अयोध्या | 4 | सरयू |

**104. (c)**

उत्तर प्रदेश राज्य में परीछा बाँध, बेतवा नदी पर बना है। इसके जलाशय का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए परीछा थर्मल पावर प्लांट द्वारा किया जाता है। बेतवा नदी हमीरपुर के निकट यमुना नदी में मिल जाती है।

**105. (c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **सूची-I (औद्योगिक संस्थान)** | | **सूची-II (नगर)** |
|---|---|---|
| इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज | - | रायबरेली |
| ट्रान्सफॉर्मर फैक्टरी | - | झांसी |
| कृत्रिम अंग निर्माण निगम | - | कानपुर |
| उर्वरक कारखाना | - | फूलपुर |

**106.(b)**

| | | |
|---|---|---|
| फूलपुर | – | उर्वरक |
| मोदीनगर | – | रबड़ |
| बाराबंकी | – | पॉली फाइबर |
| कानपुर | – | विस्फोटक |

**107.(b)**

| **सूची-I (खनिज)** | **सूची-II (प्राप्ति के प्रमुख स्रोत)** |
|---|---|
| ग्रेनाइट | बाँदा |
| डोलोमाइट | सोनभद्र |
| सिलिका सैंड | प्रयागराज |
| बॉक्साइट | चित्रकूट |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**108. (c)**

सही सुमेल है -

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| चौरासी गुम्बद | – | जालौन |
| जामा मस्जिद | – | मुरादाबाद |
| बौद्ध स्तूप | – | कुशीनगर |
| कामदगिरि पर्वत | – | चित्रकूट |

**109.(b)**

हस्तिनापुर मेरठ जिले एवं विंध्याचल मिर्जापुर जिले का एक धार्मिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध शहर है तथा देवा शरीफ बाराबंकी में स्थित है जहाँ वारिस अली शाह की दरगाह है। श्रृंग्वेरपुर एक पर्यटक स्थल है जो लखनऊ मार्ग पर प्रयागराज से 45 किमी. दूरी पर स्थित है। लोक कथाओं के अनुसार यह वही स्थान है जहाँ भगवान राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास पर जाते हुए रास्ते में गंगा नदी को पार किया था।

**110.(c)**

सही सुमेलित है–

| (संस्थान) | | (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र | - | गाजियाबाद |
| भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान | - | कानपुर |
| भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान | - | वाराणसी |
| भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | - | लखनऊ |

**111. (d)**

माना संख्या = x

$$\frac{x}{2} = \frac{x}{5} + 15$$

$$\frac{x}{2} - \frac{x}{5} = 15$$

$$3x = 150$$

$$\boxed{x = 50}$$

**112. (d)**

माना भिन्न $\frac{x}{y}$ है।

प्रश्न से $\frac{x+1}{y} = \frac{1}{2}$

$2x + 2 = y$

$2x - y = -2$ ............(1)

तथा = $\frac{x}{y+1} = \frac{1}{3}$

$3x = y + 1$

$3x - y = 1$ ...............(2)

समी. (1) – समी. (2)

$2x - y = -2$

$3x - y = 1$

$\underline{- \quad + \quad -}$

$-x = -3$

$x = 3$

$x$ का मान समी. (2) में रखने पर

$3x - y = 1$

$3 \times 3 - y = 1$

$9 - y = 1$

$y = 8$

अतः भिन्न = $\frac{x}{y} = \frac{3}{8}$ **उत्तर**

**113. (a)**

सूत्र $\quad x + y + \frac{xy}{100}$ से घन की दो भुजाओं में हुआ परिवर्तन

$$= \left(-10 - 10 + \frac{-10 - 10}{100}\right)\%$$

$$= (-20 + 1)\% \rightarrow -19\%$$

उसी सूत्र से आयतन में हुआ परिवर्तन

$$= \left[-10 - 19 + \frac{-10 \times -19}{100}\right]\%$$

$= -29 + 1.90$

$= -27.1$ % (– का अर्थ कमी से है)

**114. (a)**

$\because \quad$ 11 CP = 10 ₹

1 CP $= \frac{10}{11}$ ₹

जहाँ $\quad$ CP = Cost Price (क्रय मूल्य)

SP = Sell Price (विक्रय मूल्य)

10 SP = 11 ₹

1 SP $= \frac{11}{10}$

$\because \quad$ SP > CP

$\therefore \quad P\% = \frac{SP - CP}{CP} \times 100$

$$\Rightarrow \frac{\frac{11}{10} - \frac{10}{11}}{\frac{10}{11}} \times 100$$

$$= \frac{\frac{121 - 100}{110}}{\frac{10}{11}} \times 100$$

$$\Rightarrow \frac{21}{110} \times \frac{11}{10} \times 100$$

$P\% \Rightarrow 21\%$

**115. (b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

A का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{12}$

B का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{10}$

(A+B+C) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{5}$

C का एक दिन का कार्य $= \left[\frac{1}{5} - \left(\frac{1}{12} + \frac{1}{10}\right)\right]$

$= \left[\frac{1}{5} - \left(\frac{10+12}{120}\right)\right] = \left[\frac{1}{5} - \frac{11}{60}\right]$

$= \frac{1}{60}$

अतः C अकेले उस कार्य को 60 दिनों में पूरा करेगा।

**116. (c)**

शृंखला निम्नवत् है–

4 8 9 27 16 64 [25] 125

+5 +7 +9

$(2)^3$ $(3)^3$ $(4)^3$ $(5)^3$

अतः लुप्त संख्या = 25

**117.(d)**

श्रेणी निम्नवत् है–

6 16 9 13 12 10 [15 7]

+3 +3 +3

– 3 – 3 – 3

अतः X = 15 तथा Y = 7

**118.(b)**

जिस प्रकार,

D A T E    W Z G V

विपरीत अक्षर क्रम

उसी प्रकार,

C O M E    X L N V

विपरीत अक्षर क्रम

अतः COME का कोड 'XLNV' होगा।

**119. (c)**

P R E V E N T

16×2 + 18×2 + 5×2 + 22×2 + 5×2 + 14×2 + 20×2 = 200

**120. (d)**

सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है–




चित्र से स्पष्ट है कि अरुण उस लड़की का ससुर है।

**121. (b)**




अतः अपने प्रा0 बिन्दु पर पहुँचने के लिए 1 मी0 दक्षिण दिशा में चलना होगा।

**122. (a)**

पिछले वर्ष के कुल दिनों की संख्या = 365

शेष दिन = $\frac{365}{7}$ = (1) दिन पूर्व

अतः पिछले वर्ष का दिन 1 जनवरी को दिन मंगलवार होगा।

**123.(c)**

घड़ियों के एक साथ बजने का समय

= 3, 4, 5, 6 तथा 7 का ल.स.

= 420 सेकण्ड

= $\frac{420}{60}$ मिनट = 7 मिनट

**124.(c)**

दिये गए चित्र में सरल रेखाओं की संख्या =

AB, BD, DF, FH, AH

DH, DA, BF, FA, CG

BH, AE = 12

**125. (a)**




कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या = (28 + 7) – 1

= 35 – 1 = 34

**126.** (b)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| सुकेस मसरा | – | चाड के प्रधानमंत्री |
| इन्द्रमणि पांडेय | – | BIMSTEC के नये महासचिव |
| अरविन्द पनगड़िया | – | 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष |
| फ्रेडरिक X | – | डेनमार्क के नये राजा |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**127.** (a)

सही सुमेलन है–

| देश | | स्थान |
|---|---|---|
| डेनमार्क | – | पहला |
| पाकिस्तान | – | 133वां |
| सोमालिया | – | 180वां |
| भारत | – | 93वां |

**128.** (c)

मार्च 2024 में ओडिशा की प्रसिद्ध 'कटक रुपा ताराकशी' (सिल्वर फिलिग्री) को जीआई टैग प्रदान किया गया। यह सोना, चांदी या तांबे के महीन तार का सजावटी काम है। इसका संबंध मेसोपोटामिया सभ्यता से भी है।

**129.** (c)

अंतरिम बजट 2024-25 में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 11,11,111, करोड़ रुपये किया गया, जो जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है। अतः कथन एक सही है। वित्त वर्ष 2023-24 की राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत की वास्तविक जीडीपी 7.3 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अतः कथन दो भी सही है।

**130.** (a)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| शेरिंग टोबगे | – | भूटान के नये प्रधानमंत्री |
| उग्रम | – | DRDO द्वारा निर्मित स्वदेशी असाल्ट राइफल |
| सी ड्रैगन-24 | – | बहुराष्ट्रीय संयुक्त नौसैन्य अभ्यास |
| ग्रैबियल अटल | – | फ्रांस के पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री |

**131.** (a)

12 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21.8 किमी. लम्बाई के अटल सेतु का उद्घाटन किया, जो मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ता है। यह भारत का सबसे लम्बा सेतु (समुद्री सेतु भी) है। इस पुल के बनने के बाद से दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई के बीच की दूरी 2 घंटे के बजाय मात्र 15-20 मिनट में ही तय की जा सकती है।

**132.** (c)

बोइंग सुकन्या कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जनवरी, 2024 को की थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय विमानन क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त करना है। यह कार्यक्रम देश की महिलाओं एवं बालिकाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कौशल सीखने और विमानन क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण पाने के अवसर प्रदान करेगा।

**133.** (a)

19 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में भगवान विष्णु को समर्पित श्री कल्कि धाम मन्दिर का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इसका निर्माण श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम है। ज्ञातव्य है कि श्री कल्कि को भगवान विष्णु का 10वां एवं अंतिम अवतार माना जाता है। अतः कथन 1 सही है।

**134.** (b)

16 फरवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूढ़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डा. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।

**135.** (c)

जनवरी 2024 में निवेश से संबंधित कंपनी CBRE ने भारत में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSMEs) की स्थिति के संदर्भ में रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में उद्यम पोर्टल के अन्तर्गत कुल पंजीकृत MSMEs में 9% उत्तर प्रदेश में है। इस आधार पर देश में क्रमशः महाराष्ट्र और तमिलनाडु के बाद उत्तर प्रदेश का तीसरा स्थान है। अतः दोनों कथन सत्य हैं।

**136.** (c)

उत्तर प्रदेश बजट अनुमान, 2024-25 में 'ऑपरेशन कायाकल्प' हेतु 1000 करोड़ और गोरखपुर तथा भदोही में 'पशुचिकित्सा महाविद्यालय' की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। कुशीनगर में 'महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय' स्थापित किया जा रहा है। अतः तीनों कथन सही है।

**137.** (c)

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन एवं संस्कृति के विकास हेतु अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवी पाटन और नाथ कॉरिडोर (बरेली) में थीम आधारित अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अतः कथन 1 सही है।

उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय की स्थापना कर रही है। अतः कथन 2 भी सही है।

**138.** (b)

आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार निम्नलिखित वस्तुओं को भारत के निर्यात में हिस्सेदारी की दृष्टि से अवरोही क्रम इस प्रकार है-

अनाज (3.2%) > सामुद्रिक उत्पाद (1.8%) > कॉफी (0.3%) > चाय (0.2%)

**139.** (b)

10 से 12 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश के कानपुर में 3 दिवसीय विठूर महोत्सव का आयोजन किया गया। 2017 से प्रतिवर्ष इस महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव के माध्यम से विठूर के इतिहास एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया जाता है।

**140.** (c)

फरवरी 2024 में मुंगेर बिहार योग विश्वविद्यालय ने अपना 61वां स्थापना दिवस मनाया। इसकी स्थापना वर्ष 1963 में स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने की थी। यह विश्वविद्यालय योग प्रशिक्षण प्रदान करने वाली एक शैक्षिक एवं धर्मार्थ संस्था है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 5

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.(b) | 15. (c) | 29. (a) | 43. (a) | 57. (a) | 71. (c) | 85. (c) | 99. (d) | 113. (d) | 127. (c) |
| 2. (a) | 16.(b) | 30.(d) | 44. (b) | 58. (a) | 72. (b) | 86. (b) | 100.(c) | 114.(b) | 128. (a) |
| 3.(c) | 17. (a) | 31.(d) | 45. (b) | 59. (d) | 73. (c) | 87. (a) | 101. (d) | 115. (c) | 129. (c) |
| 4.(a) | 18. (a) | 32. (c) | 46.(a) | 60. (c) | 74.(b) | 88. (c) | 102. (a) | 116. (b) | 130. (a) |
| 5. (a) | 19.(a) | 33. (b) | 47. (c) | 61. (a) | 75. (a) | 89. (c) | 103. (d) | 117.(b) | 131. (a) |
| 6. (b) | 20.(b) | 34. (d) | 48. (a) | 62.(a) | 76.(b) | 90. (b) | 104. (b) | 118.(c) | 132. (c) |
| 7. (a) | 21. (d) | 35.(a) | 49. (a) | 63. (a) | 77. (a) | 91. (b) | 105.(b) | 119.(c) | 133. (c) |
| 8. (a) | 22.(d) | 36. (d) | 50. (c) | 64. (a) | 78.(d) | 92.(c) | 106. (a) | 120. (c) | 134. (a) |
| 9. (c) | 23. (a) | 37. (b) | 51. (a) | 65.(d) | 79. (c) | 93. (d) | 107. (b) | 121. (a) | 135. (c) |
| 10. (d) | 24. (b) | 38. (a) | 52. (c) | 66. (d) | 80. (a) | 94. (c) | 108.(c) | 122. (a) | 136. (a) |
| 11. (b) | 25.(a) | 39 (d) | 53. (c) | 67.(d) | 81. (c) | 95. (c) | 109. (b) | 123. (b) | 137. (c) |
| 12.(a) | 26.(d) | 40. (a) | 54. (c) | 68. (d) | 82. (b) | 96. (c) | 110. (d) | 124.(b) | 138. (c) |
| 13. (c) | 27. (d) | 41. (c) | 55. (c) | 69.(c) | 83.(c) | 97. (c) | 111. (b) | 125.(a) | 139. (c) |
| 14. (d) | 28. (b) | 42.(c) | 56. (a) | 70. (c) | 84.(a) | 98. (c) | 112. (c) | 126. (a) | 140. (c) |

## SOLUTION

**1.(b)**

निम्नलिखित जनजातियाँ उनके निवास राज्य से सही सुमेलित हैं-

| | जनजाति | | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | खेरिया/केरिया (Kharia) | - | ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल |
| 2. | कुकी (Kuki) | - | त्रिपुरा, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड |
| 3. | यानदी (Yanadi) | - | आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना |
| 4. | पालियान (Paliyan) | - | तमिलनाडु |

**2. (a)**

दक्षिण से उत्तर क्रम- धौलाधर-जास्कर-लद्दाख-काराकोरम है। धौलाधर श्रेणी हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह कांगड़ा जिले (हिमाचल) का प्रमुख पर्यटन स्थल है।

⇒ जास्कर श्रेणी केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है।

⇒ लद्दाख श्रेणी जास्कर के उत्तर में स्थित है। यह सिंधु व श्योक नदियों के बीच स्थित है।

⇒ काराकोरम श्रेणी लद्दाख श्रेणी के उत्तर में स्थित है। इसका विस्तार भारत, पाकिस्तान व चीन में है।

**3.(c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **पर्वत क्रम** | | **प्रकार** |
|---|---|---|
| हिमालय | – | वलित |
| सह्याद्रि | – | भ्रंशोत्थ |
| राजमहल | – | ज्वालामुखी |
| नीलगिरि | – | अवशिष्ट |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**4.(a)**

दक्षिण भारत की निम्नलिखित पहाड़ियों का उत्तर से दक्षिण का क्रम निम्नवत् है –

नल्लामाला ⟶ नीलगिरि ⟶ अन्नामलाई ⟶ कार्डमम

**5. (a)**

गंगा के मैदान में यदि कोई पश्चिम और उत्तर-पश्चिम को चले तो मानसूनी वर्षा घटती हुई मिलेगी क्योंकि गंगा के मैदान में कोई ज्यों-ज्यों ऊपर को बढ़ता जाएगा, आर्द्रताधारी मानसूनी पवन और ऊँचाई पर जाती हुई मिलेगी।

अतः विकल्प (a) सही है।

**6. (b)**

गंगा से मिलने वाली नदियों का पूर्व से पश्चिम का क्रम है, कोसी, गंडक, सोन, घाघरा, गोमती, यमुना। महानंदा नदी हिमालय से निकलकर गंगा में मिलने वाली आखिरी नदी है। गंगा भागीरथी के नाम से गंगोत्री ग्लेशियर (उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में) से निकल कर देवप्रयाग में अलकनंदा नदी से जुड़ जाती है तथा देवप्रयाग से गंगा कही जाती है।

**7. (a)**

प्रायद्वीपीय भारत की गोदावरी, कृष्णा, कावेरी आदि प्रमुख नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं जबकि नर्मदा और ताप्ती नदियाँ विभ्रंश घाटी में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में गिरती हैं। अतः स्पष्ट है कि A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

**8. (a)**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

पर्वतीय क्षेत्र की नदियाँ अपने साथ भारी मात्रा में अवसादों को ले जाने के कारण नदियों के मुख पर डेल्टा का निर्माण करती हैं। जैसे- गंगा, ब्रह्मपुत्र इत्यादि। जबकि प्रायद्वीपीय भारत की नदियाँ जो अरब सागर (खम्भात की खाड़ी) में गिरती हैं। जैसे—नर्मदा तथा ताप्ती, एश्चुअरी का निर्माण करती हैं। भ्रंश घाटी में बहाव के कारण इनमें अवसाद का अभाव होता है।

अतः स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**9. (c)**

हिमालयी नदियों का उद्गम हिमानी या हिमनद से होता है और ये वर्ष भर प्रवाहित होती हैं। अतः इन्हें सदानीरा भी कहते हैं। ये नदियाँ अपरदन के सामान्य चक्र की तीनों अवस्थाओं, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था व वृद्धावस्था को चित्रित करती हैं। प्रायद्वीपीय पठार की नदियाँ परिपक्वता तक पहुँच चुकी हैं।

**10. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(हिमनदी)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| सियाचिन हिमनदी | – | नूब्रा घाटी |
| बैफो हिमनदी | – | ब्राबलोह घाटी |
| बारा शिगरी हिमनदी | – | चन्द्रा घाटी |
| सोनापानी हिमनदी | – | चन्द्रा घाटी (लाहौल) |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**11. (b)**

| **झील** | **- राज्य** |
|---|---|
| वेम्बनाड | - केरल |
| लोकटक | - मणिपुर |
| डल | - कश्मीर |
| पुलिकट | - आंध्र प्रदेश |

**12.(a)**

दक्षिण–पश्चिम मानसून के दौरान तमिलनाडु तट शुष्क रहता है, क्योंकि तमिलनाडु दक्षिण-पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा के वृष्टि छाया क्षेत्र में आता है एवं दक्षिण-पश्चिम मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा के समानांतर स्थित होने के कारण वर्षा नहीं प्राप्त करता। तमिलनाडु तट उत्तर-पूर्वी शाखा (लौटते हुए मानसून) से मूसलाधार वर्षा प्राप्त करता है। अतः कथन व कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या कर रहा है।

**13. (c)**

भारत में उष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु पाई जाती है जिनकी दिशा में वर्ष में दो बार पूर्ण परिवर्तन होता है। भारत के मध्य से कर्क रेखा गुजरती है कर्क रेखा के उत्तर में भारत का आधा भाग उत्तर में शीत क्षेत्र बढ़ता है और कर्क रेखा के दक्षिण की ओर ग्रीष्म क्षेत्र बढ़ता है। किन्तु मानसूनी जलवायु के होने का केवल यही कारण नहीं बल्कि उत्तर में हिमालय का होना तथा दक्षिण भारत के दोनों तरफ समुद्र का पाया जाना है।

भारत अयन रेखाओं के मध्य स्थित नहीं है। अतः स्पष्ट है कि (A) सत्य है, परन्तु (R) गलत है।

**14. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **( कच्छ वनस्पति )** | | **( राज्य )** |
|---|---|---|
| अचरा/रत्नागिरी | – | महाराष्ट्र |
| कूंडापुर | – | कर्नाटक |
| पिच्छवरम् | – | तमिलनाडु |
| वेम्बनाड | – | केरल |

अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**15. (c)**

गोंडवाना क्रम के शैल तंत्र का निर्माण ऊपरी कार्बोनीफेरस युग से जुरैसिक युग के बीच हुआ। भारत का 98% कोयला इन्हीं शैल तंत्रों से प्राप्त किया जाता है। इनमें मछलियां व रेंगने वाले जीवों के अवशेष मिलते हैं अर्थात् ये शैल जीवाश्ममय है। दामोदर, महानदी और गोदावरी व उसकी सहायक नदियों तथा कच्छ काठियावाड़ एवं पश्चिमी राजस्थान में इन चट्टानों का सर्वोत्तम रूप मिलता है। गोंडवाना निक्षेप अवभ्रंशी द्रोणिका में हुए हैं। गोंडवाना युग में प्रायद्वीपीय भाग में दरारों तथा भ्रंशों का निर्माण हुआ था। यह 'बिटुमिनस कोयला' के भण्डार की दृष्टि से भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण संरचना है।

**16.(b)**

जूट एक खरीफ की फसल है, जिसकी बुआई जून-जुलाई में तथा कटाई अक्टूबर-नवम्बर में की जाती है। इसके लिए उच्च तापमान सहित आर्द्र जलवायु आवश्यक है। जिसमें तापमान 25°C से अधिक, सापेक्षिक आर्द्रता 90% तथा वार्षिक वर्षा 125 सेमी. से 200 सेमी. होनी चाहिए। यह मुख्यतः उष्णार्द्र जलवायु की फसल है जिसका उत्पादन भारत के पूर्वी राज्यों में किया जाता है। भारत में जूट के अन्तर्गत सर्वाधिक क्षेत्र व सबसे बड़ा उत्पादक दोनों ही दृष्टि से पश्चिम बंगाल राज्य पहले स्थान पर है।

**17. (a)**

सुमेलित सूची इस प्रकार है:–

| **(पशु)** | | **(प्रजाति)** |
|---|---|---|
| भैंस | – | मुर्रा |
| गाय | – | साहीवाल |
| बकरी | – | जमुनापारी |
| भेड़ | – | बीकानेरी |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**18. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -

| **फसलें** | **- भौगोलिक परिस्थितियाँ** |
|---|---|
| जौ | - ठंडी जलवायु तथा अपेक्षाकृत कम उपजाऊ मृदा |
| चावल | - तप्त और नम जलवायु तथा उपजाऊ मृदा |
| मिलेट (ज्वार, बाजरा) | - तप्त और शुष्क जलवायु अल्प उपजाऊ मृदा |
| चाय | - गर्म और नम जलवायु तथा उपजाऊ मृदा। |

**19.(a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| देश | | पुराना नाम |
|---|---|---|
| बेनिन | — | दाहोमे |
| बेलिज | — | ब्रिटिश होण्डुरास |
| बोत्सवाना | — | बेचुआनालैण्ड |
| मलावी | — | न्यासालैण्ड। |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**20.(b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| ( देश ) | | ( राजधानी ) |
|---|---|---|
| एंटिगुआ और बारबुडा | – | सेंट जॉन्स |
| डोमिनिका | – | रोसेउ |
| अल सल्वाडोर | – | सैन सल्वाडोर |
| बहामास | – | नासाऊ |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**21. (d)**

साहेल अफ्रीका महाद्वीप का एक अर्द्ध-क्षेत्र है जो पूर्व सेनेगल से इरिट्रिया (अटलांटिक महासागर से लाल सागर तक) तक विस्तारित है। यह उत्तर में सहारा रेगिस्तान और दक्षिण में आर्द्र सवाना के बीच एक संक्रमणकालीन क्षेत्र है। इस क्षेत्र में शामिल अन्य देश- मॉरिटानिया, माली, गैम्बिया, नाइजर, नाइजीरिया, बुर्कीनाफासो, कैमरून व सेंट्रल अफ्रीका हैं।

**22.(d)**

सही सुम्मेलित इस प्रकार से है–

| **सूची-I** (मूल चट्टान) | | **सूची-II** (कायान्तरित चट्टान) |
|---|---|---|
| गैब्रो | – | एपिडाइओराइट/सरपेन्टाइन |
| बेसाल्ट | – | ऐम्फीबोलाइट |
| सैंडस्टोन | – | क्वार्ट्जाइट |
| शेल | – | स्लेट |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**23. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| **पर्वत** | | **देश** |
|---|---|---|
| एटलस | – | मोरक्को |
| किलिमंजारो | – | तंजानिया |
| चिम्बराजो | – | इक्वेडोर |
| पिरेनीज | – | फ्रांस और स्पेन की सीमा पर |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**24. (b)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| **( भौगोलिक स्वरूप )** | **-** | **( देश )** |
|---|---|---|
| ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल | - | ऑस्ट्रेलिया |
| ग्रैड कैनियन | - | यू.एस.ए. |
| लेक विनीपेग | - | कनाडा |
| दक्षिणी आल्प्स | - | न्यूजीलैण्ड |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**25.(a)**

दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी नदी मिकांग है, जिसे दक्षिण-पूर्व एशिया की डेन्यूब एवं दक्षिण-पूर्व एशिया की गंगा भी कहते हैं। मिकांग नदी का उद्गम तिब्बत के पठार से होता है। यहां से आगे बढ़कर यह म्यांमार-लाओस, थाईलैण्ड-लाओस के मध्य सीमा बनाती है। आगे बहते हुए यह नदी वियतनाम में हो ची मिंह सिटी के निकट डेल्टा बनाते हुए दक्षिणी चीन सागर में गिर जाती है।

**26.(d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **( नगर )** | | **( नदी )** |
|---|---|---|
| सेंटपाल-मिनियोपोलिस | – | मिसीसिपी |
| खार्तूम | – | नील |
| बुडापेस्ट | – | डेन्यूब |
| नामपेन्ह | – | मीकांग |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**27. (d)**

विश्व के ज्वालामुखियों का लगभग 2/3 भाग प्रशान्त महासागर के दोनों तटीय भागों, द्वीप चापों तथा समुद्री द्वीपों के सहारे पाया जाता है। जिसे 'रिंग ऑफ फायर' (अग्नि वलय) या प्रशान्त महासागर का अग्नि वलय कहा जाता है। यह अभिसरण पट्टिकाओं (प्लेटों) का क्षेत्र है, अर्थात् यहाँ महाद्वीपीय व महासागरीय प्लेटें एक दूसरे के निकट आती हैं एवं आपस में टकराती हैं। महासागरीय प्लेट अधिक भारी होने के कारण महाद्वीपीय प्लेट के नीचे अधिगमित हो जाती हैं, जिससे गहरी खाई (Trench) या गर्त का निर्माण होता है। अधिगमित क्षेत्र में पिघला हुआ मैग्मा ही भू-पर्पटी को तोड़ते हुये ज्वालामुखी का निर्माण करते हैं। प्लेट किनारों के अभिसरित होने से भूकंपीय घटनायें भी अधिक होती हैं।

**28. (b)**

पश्चिमी ऑस्ट्रेलियन धारा एक शीतल (ठण्डी) महासागरीय धारा है। हम्बोल्ट की धारा प्रशान्त महासागर की ठण्डी धारा है जो दक्षिणी अमेरिका के चिली तट से प्रवाहित होती है। इसे पेरू की धारा भी कहते हैं। बेंगुला की धारा अटलांटिक महासागर में प्रवाहित होती है न की हिन्द महासागर में। ओयाशियो की धारा प्रशान्त महासागर की धारा है जो जापान तट पर उष्ण जल नहीं बल्कि ठण्डा जल लाती है, इसे क्यूराइल की ठण्डी धारा भी कहते हैं।

**29. (a)**

सतत विकास मानव समाज के कल्याण हेतु महत्त्वपूर्ण है। पर्यावरण तथा विकास पर विश्व आयोग के अंतर्गत ब्रंटलैंड कमीशन, द्वारा जारी रिपोर्ट (1987) के अनुसार ''आने वाली पीढ़ी की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता से समझौता किये बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विकास ही सतत् विकास है।'' अतः कथन एवं कारण दोनों सही हैं, एवं कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है।

**30.(d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची I** (जैव–मण्डलीय आरक्षित क्षेत्र) | **सूची II** (राज्य) |
|---|---|
| सिमलीपाल | ओडिशा |
| दिहांग | अरुणाचल प्रदेश |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | |
|---|---|
| नोकरेक | मेघालय |
| कंचनजंगा | सिक्किम |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**31.(d)**

पारिस्थितिक तंत्र भौतिक तंत्र का एक ऐसा विशिष्ट प्रकार है जो जैविक एवं अजैविक घटकों के अन्र्तसंबंध से निर्मित होता है। पारिस्थितिकीय तंत्र के विविध अवयव आपस में एक दूसरे पर निर्भर हैं तथा मानव क्रियाओं से वातावरण प्रभावित भी होता है। अतः अभिकथन गलत है, किन्तु कारण सही है।

**32. (c)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| (वायु प्रदूषक) | (प्रभाव) |
|---|---|
| क्लोरोफ्लोरोकार्बन | – वायु मंडल में ओजोन की परत में ह्रास |
| सल्फर डाइऑक्साइड | – अम्लीय वर्षा |
| सीसा का यौगिक | – मानव तन्त्रिका तन्त्र के लिए नुकसानदेह |
| कार्बन डाइऑक्साइड | – ग्रीन हाउस प्रभाव में सर्वाधिक योगदान |

**33. (b)**

ऐसे जीवाणु जो अपनी शक्ति से वातावरणीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करके तथा भूमि में स्थित फास्फोरस को पौधों को उपलब्ध कराकर पौधों की वृद्धि एवं विकास में सहायता के साथ–साथ मृदा की भौतिक अवस्था में भी सुधार करते हैं, जैव–उर्वरक कहलाते हैं। विभिन्न प्रकार की मृदा स्थिति तथा फसलों की प्रकृति के आधार पर जैव उर्वरकों को निम्नलिखित श्रेणियों में बांटा गया है– नील हरित शैवाल और एजोला, एजोटोबैक्टर तथा एजोस्पाइरिलस राइजोबियम। नील हरित शैवाल तथा एजोला धान के खेतों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण में, एजोटोबैक्टर खाद्यान्न, तिलहन, नकदी फसलों, बागवानी फसलों में, एजोस्पाइरिलस सूर्यमुखी तथा बाजरा की फसल में तथा राइजोबियम दलहनी फसलों में जैव उर्वरक के रूप में उपयोग में लाया जाता है। जबकि अल्फाल्फा मटर परिवार का एक पौधा है जिसकी खेती एक महत्वपूर्ण चारे के फसल के रूप में की जाती है। इसका प्रयोग जैव उर्वरक के रूप में नहीं होता है।

**34. (d)**

प्रश्नगत अधिनियम एवं वर्ष का सही सुमेलन निम्नलिखित है-

| सूची-I (अधिनियमों के नाम) | | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|---|
| वन संरक्षण अधिनियम | – | 1980 |
| पर्यावरण संरक्षण अधिनियम | – | 1986 |
| वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनयम | – | 1981 |
| जल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम | – | 1974 |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**35.(a)**

सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा के गुरुग्राम में अवस्थित है। शेष विकल्प सही सुमेलित हैं।

**36. (d)**

सही समुमेलन है–

| (ऐतिहासिक स्थल) | | (ख्याति का कारण) |
|---|---|---|
| बुर्जहोम (जम्मू-कश्मीर) | - | गर्त आवास |
| चंद्रकेतुगढ़ (पं. बंगाल) | - | टेराकोटा कला |
| गणेश्वर (राजस्थान) | - | ताम्र कलाकृतियां |

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य –**

– बुर्जहोम कश्मीर का एक नवपाषाणिक स्थल है। जिसकी खोज 1935 ई. में डी टेरा और पीटरसन ने किया था। यहाँ से हड्डी के औजार, गर्त आवास व मालिक के साथ कुत्ते के दफनाने के साक्ष्य मिले हैं।

– गणेश्वर राजस्थान की ताम्रपाषाण संस्कृति से संबंधित है जो साहिबी नदी के किनारे स्थित है। इसे भारत में ताम्रपाषाण सभ्यताओं की जननी' माना जा सकता है।

– चंद्रकेतुगढ़ पश्चिम बंगाल में स्थित एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है।

**37. (b)**

सही सुमेल है –

| | |
|---|---|
| A. कुभा | 2. काबुल |
| B. परुष्णी | 3. रावी |
| C. सदानीरा | 1. गंडक |
| D. शुतुद्री | 4. सतलज |

**अन्य वैदिक नदियाँ और उनका आधुनिक नाम–**

| | |
|---|---|
| विपाशा | व्यास |
| वितस्ता | झेलम |
| अस्किनी | चिनाब |
| सदानीरा | गण्डक |
| सरस्वती | घग्घर-हाकरा |
| क्रुमु | कुर्रम |
| गोमती | गोमल |
| सुवास्तु | स्वात |

**38. (a)**

7वीं-8वीं सदी आते-आते बौद्ध धर्म ब्राह्मण धर्म की बुराइयों का शिकार हो गया और अंततः उन्हीं कर्मकांडों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के वशीभूत हो गया जिनकी वह प्रारम्भ में निन्दा करता था। इस प्रकार प्रश्नगत कथन और कारण दोनों सत्य है और कारण, कथन की सही व्याख्या भी कर रहा है।

**39 (d)**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. तिरूक्कुरल | दर्शन |
| B. तोल्काप्पियम् | व्याकरण (प्राचीनतम ग्रंथ) |
| C. शिल्पादिकारम् | प्रेम कथा |
| D. मणिमेखलै | वणिक कथा |

**40. (a)**

बलबन दिल्ली सल्तनत का पहला शासक था जिसने सुल्तान के पद और अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से विचार प्रकट किये। बलबन के राजत्व का सिद्धांत प्रतिष्ठा, शक्ति और न्याय पर आधारित था। बलबन के राजत्व के सिद्धांत की दो मुख्य विशेषताएँ थीं प्रथम सुल्तान का पद ईश्वर के द्वारा प्रदान किया हुआ होता है



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

और द्वितीय सुल्तान का निरंकुश होना आवश्यक है। उसके अनुसार सुल्तान पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि (नाइब-ए-खुदाई) माना है और बलबन ने जिल्ले इलाही की उपाधि धारण की। बलबन इस बात पर बल देता था कि सुल्तान में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसलिए उसके कार्यों की सार्वजनिक जाँच नहीं हो सकती है।

**41. (c)**

विजयनगर राज्य के राजस्व का महत्त्वपूर्ण स्रोत भूमिकर होता था। भूमि का भली-भाँति सर्वेक्षण किया जाता था और राज्य उपज के छठवें भाग को भूमिकर के रूप में वसूलता था। ग्राम के स्वरूप, भूस्वामित्व, उत्पादकता और उगाई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखकर भूमि कर का निर्धारण किया जाता था। भू-राजस्व के अतिरिक्त राज्य को अन्य विभिन्न स्रोतों से आय होती थी जिनमें सम्पत्ति कर, व्यापारिक कर, व्यावसायिक कर, उद्योगों पर लगाए जाने वाले कर, सामाजिक और सामुदायिक कर तथा अपराधों के लिए आरोपित अर्थदण्ड आदि प्रमुख थे। विजयनगर साम्राज्य द्वारा वसूल किए जाने वाले विविध करों के नाम इस प्रकार हैं – कदमाई, मगमाइ, कनिक्कई, कत्तनम, कणम्, वरम्, भोगम्, वारि, पत्तम, इराई और कत्तायम। इस प्रकार कथन (1) और (2) दोनों सत्य हैं।

**42.(c)**

रामानुज (1017-1137) वैष्णव संप्रदाय के महान संत एवं भक्ति आन्दोलन के प्रतिपादक थे। इन्होंने विशिष्टाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया। शंकराचार्य स्मृति संप्रदाय के संत थे, इन्होंने अद्वैतवाद दर्शन का प्रतिपादन किया। रामानन्द उत्तर भारत के भक्ति आन्दोलन के प्रथम महान सन्त थे। इन्होंने दक्षिण और उत्तर भारत के भक्ति आन्दोलन के मध्य सेतु का कार्य किया। चैतन्य को बंगाल में आधुनिक वैष्णववाद, जिसे गौडीय वैष्णव धर्म का संस्थापक माना जाता है। चैतन्य ने भक्ति में कीर्तन को मुख्य स्थान दिया। अतः केवल विकल्प (c) सही है।

**43. (a)**

क्रमानुसार सुमेलन निम्नवत् है–

| **स्थल** | **स्थापत्य** |
|---|---|
| दिल्ली | कुव्वत-उल-इस्लाम |
| जौनपुर | अटाला मस्जिद |
| मालवा | जहाज महल |
| गुलबर्गा | जामा मस्जिद |

**44. (b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| A. इलाहाबाद की संधि | – 1765 |
| B. एक्सला चैपल की संधि | – 1748 |
| C. ला बुर्दनासे द्वारा मद्रास पर अधिकार | – 1746 |
| D. डूप्ले की पदच्युति | – 1754 |

**45. (b)**

उपर्युक्त घटनाओं का कालक्रम इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| बक्सर का युद्ध | – 22 अक्टूबर, 1764 |
| क्लाइव का पुनः भारत आगमन | – मई 1765 |
| इलाहाबाद की संधि | – 12 अगस्त, 1765 |
| वॉरेन हेस्टिंग्ज का भारत का गवर्नर बनना | – 1774 |

**नोट -** वॉरेन हेस्टिंग बंगाल के प्रथम गवर्नर बनें। जबकि भारत के प्रथम गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक थे।

**46.(a)**

| **संधि** | **वर्ष** |
|---|---|
| सूरत की संधि | 1775 ई. |
| पुरन्दर की संधि | 1776 ई. |
| बड़गाँव की संधि | 1779 ई. |
| सालबाई की संधि | 1782 ई. |

**47. (c)**

सही सुमेलन निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| तृतीय कर्नाटक युद्ध | - पेरिस की संधि (1763 ई.) |
| तृतीय मैसूर युद्ध | - श्री रंगपट्टम की संधि (1792 ई.) |
| प्रथम मराठा युद्ध | - सालबाई की संधि (1782 ई.) |
| प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध | - लाहौर की संधि (1846 ई.) |

**48.** (a)

ब्रिटिश सरकार ने भारत के अलग–अलग भागों में भू राजस्व की अलग–अलग व्यवस्था लागू की थी जैसे –

**स्थायी बंदोबस्त -** 1793 ई. में कार्नवालिस द्वारा बंगाल, बिहार, ओडिशा, बनारस आदि जगहों पर स्थायी बंदोबस्त की प्रथा का आरंभ किया। यह 19% भू-भाग पर लागू हुआ था। इसमें जमींदारों को भूस्वामी मान लिया गया।

**रैय्यतवाड़ी व्यवस्था–** 1820 में मद्रास, बम्बई एवं असम के कुछ भागों में लागू हुई थी। यह व्यवस्था सर्वप्रथम 1792 ई. में मद्रास के बारामहल जिले में लागू हुआ था। यह 51% भू-भाग पर लागू था। इस व्यवस्था में कृषक को ही भूमि का स्वामी माना गया था।

**महालवाड़ी व्यवस्था–** यह व्यवस्था आगरा, पंजाब, मध्य प्रांत में 30% भू-भाग पर लागू हुई थी। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि भारतीय किसानों में अलग–अलग वर्ग बन गए थे। अतः स्पष्ट है कि कथन एवं कारण दोनों सही हैं। कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**49. (a)**

ब्रिटिश काल में कुछ वर्षों को छोड़कर सामान्यतः भारत का व्यापार संतुलन अनुकूल था। चूँकि औद्योगिक क्रांति के कारण ब्रिटेन को अपने उद्योग के लिए कच्चे माल की आवश्यकता थी और भारत उस काल में ब्रिटेन को कच्चे माल का प्रमुख निर्यातक देश था। अतः व्यापार संतुलन अधिकांश वर्षों में भारत के पक्ष में रहा। दूसरी तरफ धन की निकासी का स्वरूप भी एक प्रकार अप्रतिफलित निर्यात ही था।

**50. (c)**

प्रश्नगत विकल्प (c) सुमेलित नहीं हैं ''अवध इन रिवोल्टः ए स्टडी ऑफ पॉपुलर रेजिस्टेंस (1857-1858) पुस्तक के लेखक रुद्रांग्शू मुखर्जी हैं न कि राधा कमल मुखर्जी शेष विकल्प सुमेलित है।

**51. (a)**

1857 के विद्रोह का एक महत्वपूर्ण परिणाम महारानी विक्टोरिया की उद्घोषणा थी। यह उद्घोषणा 1 नवम्बर, 1858 को इलाहाबाद से लॉर्ड कैनिंग द्वारा उद्घोषित की गई। इसमें भारत में कम्पनी के शासन को समाप्त कर भारत का शासन सीधे क्राउन के अधीन कर दिया गया। एक भारत मंत्री या सचिव तथा 15 सदस्यों वाली इंडियन काउंसिल की स्थापना की गई और तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग को ही भारत का प्रथम वायसराय बनाया गया। इस उद्घोषणा में भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार पर रोक, राज्य हड़प नीति का समापन, लोगों के



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, एक समान कानूनी सुरक्षा सबको उपलब्ध कराना आदि प्रावधान शामिल थे। भारतीय रजवाड़ों के प्रति विजय और विलय की नीति का परित्याग कर दिया गया और सरकार ने राजाओं को अपने उत्तराधिकारी को गोद लेने की अनुमति प्रदान की तथापि अन्य आश्वासन ब्रिटिश शासन द्वारा पूरे नहीं किये गये।

**52. (c)**

दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज (1875) हिन्दू धर्म का एक सुधारवादी आंदोलन था जिसका उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म को शुद्ध रूप से पुनः स्थापित करना था। उन्होंने जातिरहित, वर्गरहित समाज की कल्पना की तथा हिन्दू धर्म की रूढ़िवादिता, जातिगत कठोरता अस्पृश्यता, पुरोहितवाद की कड़ी आलोचना की। दयानंद के सुधार ने एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था पर विचार किया था, जहाँ विभिन्न जातियों को योग्यता के आधार पर तथा अपनी स्थिति के अनुरूप कार्य करने की अनुमति थी। इनके संतुलित (खरे) वैदिक प्रतिरूप (robust Vedic counterpart) ने आर्यावर्त को वशीभूत कर लेने वाले पुरुषोचित (बलवान) पश्चिम को चुनौती दी थी।

**53. (c)**

| **समाज सुधारक** | | **संस्था** |
|---|---|---|
| अयोदि दास | - | द्रविण महाजन सभा |
| ज्योतिबा फुले | - | सत्यशोधक समाज |
| जॉन रथिनम | - | द्रविण कझगम |
| ई॰ वी॰ रामास्वामी नायकर | - | सेल्फ-रेस्पेक्ट मूवमेंट |

**54. (c)**

वर्ष 1866 में दादाभाई नौरोजी ने लंदन में ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन का गठन किया जिसका प्रमुख उद्देश्य भारत के लोगों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना और इससे ब्रिटिश जनता का मत प्रभावित करना था, ताकि ब्रिटिश लोग भारतीय समस्याओं, उनके कष्टों से परिचित हो सकें और भारतवासियों के पक्ष में इंग्लैण्ड में समर्थन प्राप्त हो सकें।

**55. (c)**

लाला लाजपत राय राष्ट्रीय आंदोलन के त्रिमूर्ति (लाल, बाल, पाल) के सबसे महत्वपूर्ण अगुआ थे। प्रारम्भ में वे महात्मा गाँधी के असहयोग आंदोलन के विरोधी थे किन्तु बाद में पक्ष में हो गये। आगे चलकर 1923 में गठित स्वराज पार्टी में लाला लाजपत राय शामिल हुए थे।

**56.** (a)

| | | |
|---|---|---|
| लखनऊ समझौता | – | 1916 |
| गांधी - इरविन समझौता | – | 1931 |
| पूना समझौता | – | 1932 |
| शिमला समझौता | – | 1945 |
| लियाकत अली - भूलाभाई देसाई समझौता | – | 1945 |

**57. (a)**

कांग्रेस ने खिलाफत आंदोलन का समर्थन खलीफा की पुनः स्थापना के लिए तथा मुसलमानों की सहानुभूति प्राप्त करने के लिए किया था। उल्लेखनीय है कि गाँधी जी ने खिलाफत आंदोलन को हिन्दू-मुस्लिम एकता के एक अवसर के रूप में देखा तथा इसे असहयोग आंदोलन के साथ मिलाने की कोशिश की।

**58. (a)**

महात्मा गाँधी द्वारा किये गये आन्दोलनों के वर्ष निम्न हैं-

| **आन्दोलन** | | **वर्ष** |
|---|---|---|
| चम्पारण | - | 1917 |
| अहमदाबाद | - | फरवरी-मार्च, 1918 |
| खेड़ा | - | मार्च, 1918 |
| असहयोग | - | 1920 |

अतः सही क्रम विकल्प (a) में दिये गये हैं।

**59. (d)**

सीस्मोमीटर (भूकम्पमापी) या सीस्मोग्रॉफ से भूकम्प की तीव्रता मापी जाती है। भूकम्प की तीव्रता मापने के लिए रिक्टर पैमाने का प्रयोग करते हैं। मैनोमीटर-दाब, कार्ब्यूरेटर - आन्तरिक दहन इंजन (जिससे कार, इंजन आदि चलता है), कार्डियोग्राफ-हृदय की गति।

**60.** (c)

ध्वनि एक प्रकार की यांत्रिक तरंग है, जिसके संचरण के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है। विभिन्न माध्यमों में ध्वनि की चाल भिन्न-भिन्न होती हैं, जो माध्यम के प्रत्यास्थता व घनत्व पर निर्भर करता है। विभिन्न माध्यमों में ध्वनि की चाल–ठोस >द्रव >गैस जबकि किसी भी माध्यम में जैसे ही हम तापमान को कम करते हैं वैसे ही उस माध्यम में ध्वनि की गति घट जाती है। किसी भी माध्यम में ध्वनि की गति माध्यम की प्रत्यास्थता पर निर्भर करती है। अधिक प्रत्यास्थ माध्यम में ध्वनि की गति अधिक होती है। एलुमिनियम, काँच की अपेक्षा अधिक प्रत्यास्थ होता है। अतः काँच की तुलना में एलुमीनियम में ध्वनि की गति अधिक होती है।

**61. (a)**

हल्के रंगीन कपड़ों को गर्मी में वरीयता दी जाती है क्योंकि हल्के रंग ऊष्मा को कम अवशोषित करते हैं। इस प्रकार कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है।

**62.(a)**

निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से पीड़ित व्यक्ति को निकट की वस्तुएं तो स्पष्ट दिखाई देती हैं किन्तु दूर की वस्तुएं स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देती हैं। निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) के निवारण के लिए इस दोष से पीड़ित व्यक्ति के चश्में में अवतल लेंस का प्रयोग किया जाता है। अवतल लेंस एक अपसारी लेंस होता है जो अपने ऊपर आपतित प्रकाश किरण पुंज को अपसारित कर देता है जिससे व्यक्ति को दूर की वस्तुएं भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगती हैं अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) सही स्पष्टीकरण है।

**63. (a)**

| | | |
|---|---|---|
| शून्य द्रव्यमान | — | न्यूट्रिनो |
| आंशिक द्रव्यमान | — | क्वार्क |
| आंशिक प्रचक्रण | — | पॉजिट्रॉन |
| पूर्णांक प्रचक्रण | — | फोनॉन |

**64. (a)**

साधारण ताप व दाब पर नाइट्रोजन ($N_2$) की अभिक्रियाशीलता बहुत ही कम अथवा शून्य होती है, जिसके कारण वह रासायनिक अभिक्रिया में भाग नहीं लेती है। साथ ही साथ वह एक अक्रिय वातावरण स्थापित करती है जिससे बनने वाले उत्पाद पर नाइट्रोजन के अणुओं का कोई रासायनिक प्रभाव नहीं पड़ता है



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

तथा विशुद्ध परिणामी उत्पाद बनता है। अतः A और R दोनों सही है और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

**65.(d)**

L.P.G. (Liquified Petroleum Gas) में प्रोपेन तथा ब्यूटेन तथा आइसों ब्यूटेन तथा अन्य हाइड्रोकार्बन का मिश्रण है। यह प्रदूषण रहित गैस है। घरों में भोजन बनाने के उपयोग में लायी जाती है। CNG (Compressed Natural Gas) में मुख्य रूप से 80 से 90% मेंथेन गैस होती है। सरकार महानगरों में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए इसके उपयोग को योजना के रूप में लागू कर रही है।

**66. (d)**



एमीनो एसिड

सन् 1837-38 में बर्जीलियस एवं मूलर ने प्रोटीन की खोज किया। प्रोटीन एक जटिल कार्बनिक पदार्थ है जिसका गठन, कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन तत्त्वों के अणुओं से मिलकर होता है। कुछ प्रोटीन में इन तत्त्वों के अतिरिक्त आंशिक रूप से गंधक, जस्ता, ताँबा तथा फास्फोरस भी उपस्थित होता है। ये जीवद्रव्य के मुख्य अवयव हैं, जो शारीरिक वृद्धि तथा विभिन्न जैविक क्रियाओं के लिए आवश्यक हैं।

**67.(d)**

जीवाणु, कवक तथा पुष्पीय पादप को जैव पीड़कनाशियों के रूप में प्रयोग किया जाता है। कुछ सूक्ष्म जीविय रोग कारकों को खत्म करते हैं जैसे- बैसिलस जीवाणु कवक का उपयोग निमेटोड को खत्म करने तथा कुछ पुष्पीय पादप का उपयोग कीड़ों को भगाने में किया जाता है।

**68. (d)**

कवकमूल उच्च किस्म के पौधों की जड़ो में सहजीवी संगुणन पाये जाते है। इस साह्चर्य को कवक-मूल या माइकोराइजा कहते है। अतः स्पष्ट है कि कवकमूल संगुणन परजीविता का उदारहण नही है।

**69.(c)**

यकृत मानव-शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है जो उदर-गुहा (Abdominal Cavity) के ऊपरी भाग में दाहिनी ओर स्थित होता है। इसका वजन लगभग 1.5-2 कि.ग्रा. होता है। यह एक गहरे गर्त द्वारा दो खण्डों में बटा रहता है। इसके निचले भाग में नाशपाती के आकार की एक छोटी सी थैली होती है जिसे पित्ताशय कहा जाता है। यकृत द्वारा स्रावित पित्त इस थैली में संचित होता है। यह पित्त आंत में उपस्थित एन्जाइमों की क्रिया को तीव्र कर देता है। इसके अतिरिक्त यकृत, कार्बोहाइड्रेट, वसा (fat) और प्रोटीन उपापचय (Metabolism) में सक्रिय रूप से भाग लेता है तथा शरीर में उत्पन्न जीवविषों (Toxins) को प्रभावहीन कर इसकी रक्षा करता है।

**70. (c)**

एल्कोहल पीने से शरीर में वेसोप्रेसिन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे मूत्र में जल की मात्रा बढ़ जाती है तथा शराब पीने वाला व्यक्ति बार-बार मूत्र त्याग करता है।

**71. (c)**

हार्मोन, पोषक रहित रसायन होते है, जो अंतरकोशिकीय संदेशवाहक के रूप में कार्य करते हैं। इनका स्रावण शरीर के विभिन्न अंतः स्रावी ग्रंथियों के द्वारा होता है। हार्मोन उपापचयी अभिक्रियाओं के उत्प्रेरण के लिए आवश्यक होते हैं क्योंकि ये सजीवों में होने वाली विभिन्न जैव रासायनिक क्रियाओं एवं विकास, प्रजनन आदि का नियमन तथा नियंत्रण करते हैं।

**72. (b)**

| **विटामिन की कमी** | **बीमारी** |
|---|---|
| विटामिन A | रतौंधी |
| विटामिन $B_6$ | रक्ताल्पता |
| विटामिन C | स्कर्वी |
| विटामिन $B_3$ | पेलाग्रा (त्वचा फटना) |

**73. (c)**

प्रश्नगत दोनों कथन सत्य हैं क्योंकि जीका वायरस रोग और डेंगू दोनों रोगों का वाहक एडीज प्रजाति के मच्छर हैं। इसी प्रजाति के मच्छरों द्वारा चिकनगुनिया, पीत ज्वर जैसे रोगों के विषाणुओं का संचरण भी किया जाता है। जीका वायरस रोग का लैंगिक संचरण होना संभव है।

**74.(b)**

जनगणना - 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश का बाल लिंगानुपात 912 था, किन्तु जनगणना 2011 के अंतिम रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश का बाल लिंगानुपात 918 है। शेष राज्यों का लिंगानुपात निम्न है - उत्तर प्रदेश - 902, मध्य प्रदेश - 918, राजस्थान - 888, बिहार - 935। भारत का बाल लिंगानुपात 919 है।

**75. (a)**

जनगणना 2011 के अनुसार धार्मिक समुदायों की जनगणना में जैन समुदाय का भारत की जनसंख्या में 0.4% प्रतिनिधित्व है जिनका सर्वाधिक भाग नगरों में निवास करता है।

**76.(b)**

नगरों एवं शहरों के नगरीय क्षेत्रों में उनकी जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के साथ विस्तार हो रहा है क्योंकि लोगों में सम्पन्नता बढ़ रही है। सुविधाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लोगों का शहरों की तरफ पलायन हो रहा है। औद्योगीकरण तथा शहरी विस्तार के



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

कारण ग्रामीण कृषि भूमि में कमी हो रही है। इस प्रकार कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कथन, कारण की व्याख्या नहीं करता है। अतः विकल्प (b) सत्य है।

**77. (a)**

द्वितीय पंचवर्षीय योजना की अवधि 1956 से 1961 के मध्य थी। यह योजना पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।

- योजना अवकाश (छुट्टी) की अवधि 1966 से 1969 तक थी। इन तीन वर्षों में कोई भी पंचवर्षीय योजना नहीं बनायी गयी थी। बल्कि प्रत्येक वर्ष एक वर्षीय योजना बनायी गयी थी। योजना अवकाश का कारण भारत-पाकिस्तान युद्ध एवं तृतीय पंचवर्षीय योजना की विफलता थी।
- जब केन्द्र में मोरारजी देसाई सरकार सत्ता मे आयी तो उसने पांचवीं पंचवर्षीय योजना को 1978 में समाप्त कर दिया और इसके स्थान पर एक 'वार्षिक प्लान' बनाया जिसे 'रोलिंग प्लान' कहा गया।

**78.(d)**

भारत में चावल और गेंहूँ के बाद मक्का तीसरी सबसे महत्वपूर्ण अनाज की फसल है।

मक्का औद्योगिक उत्पादों के लिए कच्चे माल के रूप में कार्य करता है, जिसमें स्टार्च, तेल, प्रोटीन, मादक पेय पदार्थ, खाद्य स्वीटर्स, फार्मास्यूटिकल्स, कॉस्मेटिक, कपड़ा, गम, पैकेज और पेपर उद्योग आदि शामिल हैं।

कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र मक्का के शीर्ष उत्पादक राज्य है।

**79. (c)**

| | | |
|---|---|---|
| **सुनहरी क्रांति** | – | उद्यान या फल उत्पादन |
| **श्वेत क्रांति** | – | दुग्ध उत्पादन |
| **नीली क्रांति** | – | मत्स्य उत्पादन |
| **हरित क्रांति** | – | अनाज उत्पादन |
| **लाल क्रांति** | – | टमाटर और मांस उत्पादन |
| **भूरी क्रांति ( धूसर )** | – | उर्वरक उत्पादन |
| **रजत क्रांति** | – | अंडा उत्पादन |
| **पीली क्रांति** | – | तिलहन उत्पादन |
| **गोल क्रान्ति** | – | आलू उत्पादन |
| **गुलाबी क्रांति** | – | प्याज उत्पादन |
| **स्वर्ण रेशा क्रान्ति** | – | जूट (कपास) उत्पादन |

**80. (a)**

पिछले कुछ वर्षों में औद्योगिक एवं व्यापारिक उदारीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने सन् 1969 में पारित किए गए एकाधिकार एवं प्रतिबंधित व्यापार अधिनियम में पर्याप्त ढील दे दी है। जिसके फलस्वरूप भारतीय औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न कम्पनियों एवं उद्योगों के सम्मिलन और अधिग्रहण की घटनाएँ तेज हो गई है। ज्ञातव्य है कि भारत में 1969 में पारित 'एकाधिकार तथा प्रतिबंधित व्यापार व्यवहार अधिनियम' (Monopolies and Restrictive Trade Practices–MRTP–ACT) का मुख्य उद्देश्य आर्थिक शक्ति के केन्द्रीयकरण को रोकना, व्यापारिक एकाधिकार पर नियंत्रण तथा प्रतिबंधात्मक एवं अनुचित व्यापार की रोकथाम करना था। सरकार ने अब इस अधिनियम के प्रावधानों में ढील देते हुए एक प्रतिस्पर्धा आयोग का गठन किया है।

**81. (c)**

बैंक दर और खुली बाजार कार्रवाई, मौद्रिक नीति के घटक हैं। मौद्रिक नीति वह नीति है जो मूल्य स्थिरता बनाए रखने हेतु अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करती है। मौद्रिक नीति का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण भारतीय रिजर्व बैंक करता है।

लोक ऋण और लोक राजस्व राजकोषीय नीति के घटक हैं, जिसका नियंत्रण वित्त मंत्रालय करता है।

**82. (b)**

हेडलाइन मुद्रास्फीति, मुद्रास्फीति का कच्चा आंकड़ा है, जो कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तैयार किया जाता है। इसमें प्राथमिक वस्तुओं सहित खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को भी सम्मिलित किया जाता है। हेडलाइन मुद्रास्फीति तात्कलिक झटकों से प्रभावित होती है क्योंकि इसमें खाद्य एवं ईंधन जैसी त्वरित उतार-चढ़ाव कीमत वाली वस्तुएं शामिल होती है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में से खाद्य एवं ईंधन के घटकों को हटाने पर हम कोर मुद्रास्फीति का मापन कर सकते है क्योंकि कोर मुद्रास्फीति में खाद्य, ईंधन तथा ऐसे मदों को शामिल नहीं किया जाता, जो किसी अर्थव्यवस्था में माँग और उत्पादन के पारस्परिक ढांचे से बाहर हो। इन्हें शामिल न करने का कारण यह भी है कि इनमें त्वरित परिवर्तन की आशंका बनी रहती है, ऐसे में यदि इन्हें सम्मिलित करते हुए इनके आधार पर मौद्रिक नीति का निर्माण किया जाएगा, तो त्वरित बदलते परिदृश्य में इसके आधार पर बनी नीतियों में भी परिवर्तन लाना होगा और मौद्रिक नीति सप्ताह या अर्द्धमासिक लाना व्यवहारिक नहीं होगा।

**83.(c)**

व्यापारिक बैंक एक वित्तीय संस्था है जो मुद्रा तथा साख में व्यापार करती है जो न केवल मुद्रा को लोगों से जमा के रूप में स्वीकार करती है तथा आवश्यकता पड़ने पर उद्यमियों तथा साहसियों को उधार देती है बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण कार्य साख सृजन के रूप में करती है। इसके प्रमुख कार्य निम्न हैं–

(i) वसीयतों के लिए निष्पादक तथा न्यासी के रूप में कार्य करना।

(ii) ग्राहकों की ओर से, शेयरों एवं प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री।

**84.(a)**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

राजस्व घाटा, राजस्व प्राप्तियों पर राजस्व व्यय की अधिकता है। राजस्व घाटा तब होता है जब सरकार के कुल खर्च उसकी कुल अनुमानित आय से ज्यादा होते है।

राजस्व घाटा = कुल राजस्व व्यय – कुल राजस्व प्राप्तियां

प्रभावी राजस्व घाटा, राजस्व घाटे एवं पूँजीगत सम्पत्ति निर्माण के लिए अनुदान का अंतर है।

प्रभावी राजस्व घाटा = राजस्व घाटा – पूंजी सम्पत्ति सृजन हेतु राज्यों को अनुदान

**85. (c)**

कथन (A) राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो कि सही है और कारण (R) संघीय वित्त आयोग पंचायतों को वित्तीय सहायता देने के लिए संस्तुति नहीं कर सकता, यह कथन गलत है।

**86. (b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| **तेलशोधक कारखाना** | **राज्य** |
|---|---|
| तातीपाका | आन्ध्र प्रदेश |
| कोयली | गुजरात |
| नागापट्टीनम | तमिलनाडु |
| नुमालीगढ़ | असम |

**87. (a)**

विकास की ऊंची दर विद्यमान होने से शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सकता है। शिक्षा के स्तर में वृद्धि होने से रोजगार की मांग बढ़ती है अतः कथन (A) सत्य है। शिक्षित बेरोजगारी में तब वृद्धि होती है जब शिक्षा में सामान्य शिक्षा दी जाती है तथा व्यावसायिक शिक्षा की कमी होती है अतः कारण (R) भी सत्य है और R, A की सही व्याख्या है।

**88. (c)**

भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची में तीन सूचियाँ हैं-संघ सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची। ग्रामीण स्वच्छता राज्य सूची का विषय है।

केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य प्राथमिक रूप से ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना तथा महिलाओं को निजता एवं सम्मान प्रदान करना था। वर्ष 1999 में ''सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान'' तथा 1 अप्रैल 2012 को ''निर्मल भारत अभियान'' की शुरूआत हुई।

2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की है। इस मिशन के दो घटक हैं–स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) जिनका उद्देश्य था महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर ''स्वच्छ भारत'' की स्थिति प्राप्त करना।

**89. (c)**

भारतीय संघात्मक व्यवस्था अमेरिका जैसी नहीं है। भारतीय संघीय व्यवस्था में दोहरा शासन है जिसका तात्पर्य यह है कि संघ राज्यों के लिए सरकारें अलग-अलग और अपने-अपने क्षेत्रों में एक दूसरे से स्वतन्त्र रहकर कार्य करती हैं। अतः उत्तर (c) सही है।

**90. (b)**

भारतीय संविधान में विश्व के संविधानों से प्रेरणा ली गई है **विधि के समक्ष समता- ग्रेट ब्रिटेन, विधि का समान संरक्षण - अमेरिका, विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया-जापान, शैक्षणिक संस्थाओं के लिए राज्य द्वारा अनुदान - आयरलैण्ड**। समवर्ती सूची को ऑस्ट्रेलिया के संविधान से लिया गया है जबकि नीति-निर्देशक तत्वों को आयरलैंड के संविधान से लिया गया है।

**91. (b)**

भारतीय संविधान की **छठीं अनुसूची** में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से सम्बन्धित उपबन्ध है। संघ की कार्यपालिका शक्ति का उल्लेख **भाग 5** के अध्याय 1 में उल्लिखित है। **भाग 13** में भारत के अन्दर व्यवसाय एवं वाणिज्य और समागम का उल्लेख है (अनुच्छेद 301, 302, 303, 304, 305, 306, 307) तथा संघ की भाषा (राजभाषा) **भाग 17** में (अनुच्छेद 343, 344) उपबन्धित है।

**92.(c)**

समता का अधिकार–अनुच्छेद 14 से 18; स्वतंत्रता का अधिकार–अनुच्छेद 19; धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार–अनुच्छेद 25; संवैधानिक उपचारों का अधिकार–अनुच्छेद 32 और अनुच्छेद 13–मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियां।

**93. (d)**

| **संस्था** | **संबंधित अनुच्छेद** |
|---|---|
| भारत का सर्वोच्च न्यायालय | - 124 |
| निर्वाचन आयोग | - 324 |
| वित्त आयोग | - 280 |
| संघ लोक सेवा आयोग | - 315 |

**94. (c)**

ऐसा व्यक्ति जो भारत का नागरिक या भारतीय मूल का है। और भारत के बाहर (कम से कम 183 दिन) निवास करता है, अनिवासी भारतीय (एन. आर. आई.) कहलाता है।

अनिवासी भारतीय भारत में रूपया लेखा और विदेशी मुद्रा लेखा दोनों नहीं रख सकते। हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संस्तुति की है कि अनिवासी भारतीयों के विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया जाय। एन. आर. आई. के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाएँ निम्न है-अचल संपत्ति में निवेश, कर देयता में छूट, जमाओं की जमानत पर ऋण की सुविधा, विदेशी मुद्रा में जमा का आहरण, शेयरों / प्रतिभूतियों में निवेश, भारतीय संस्थाओं / कंपनियों में जमा।

**95. (c)**

बन्दी प्रत्यक्षीकरण - टू हैव दि बॉडी ऑफ (हमें शरीर चाहिए)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | | |
|---|---|---|
| परमादेश | - | वी कमाण्ड (हम आदेश देते हैं) |
| प्रतिषेध | - | रिट ऑफ प्रोहिबिशन (अधीनस्थ न्यायालय को लेख) |
| उत्प्रेषण | - | टू बी इन्फॉर्म (पूर्णतया सूचित कीजिए) |
| अधिकार पृच्छा | - | बाई ह्वाट अथॉरिटी (किस अधिकार से) |

**96. (c)**

भारतीय संविधान के **भाग-5** के **अनुच्छेद-52** में भारत के राष्ट्रपति पद की व्यवस्था की गयी है। यह भारत का राज्य प्रमुख एवं भारत का प्रथम नागरिक होता है। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निम्न अर्हताएं **( अनुच्छेद-58 )** हैं-

1. वह भारत का नागरिक हो।
2. वह **35 वर्ष** की आयु पूर्ण कर चुका हो।
3. वह लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए अर्हित हो।
4. वह संघ सरकार में अथवा किसी राज्य सरकार में अथवा किसी स्थानीय प्राधिकरण में अथवा किसी सार्वजनिक प्राधिकरण में लाभ के पद पर न हो (लाभ के पद में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, किसी राज्य का राज्यपाल, संघ या राज्य का मंत्री शामिल नहीं होते)।

**अनु0-57** के अन्तर्गत भारत का राष्ट्रपति एक से अधिक अवधि के लिए पुनर्निर्वाचन का पात्र है।

**97. (c)**

रक्षा बलों का सर्वोच्च समादेश **राष्ट्रपति** में निहित है (अनुच्छेद 53(2)) वह भारतीय सशस्त्र सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर होता है। किन्तु संविधान यह उपबंध करता है कि उसका प्रयोग **विधि** द्वारा विनियमित होगा। इसका यह अर्थ हुआ कि राष्ट्रपति को युद्ध या शांति की घोषणा करने या रक्षा बलों को अभिनियोजित करने की शक्ति है, किंतु संसद विधि द्वारा इन शक्तियों के प्रयोग को विनियमित या नियंत्रित कर सकती है।

**98. (c)**

भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा केंद्र में एक सदनीय विधान परिषद के स्थान पर दो सदन वाले विधान मण्डल की स्थापना की गई। दोनों सदनों के नाम केंद्रीय विधान सभा तथा राज्य परिषद था। अब केंद्रीय विधायिका के तीन अंग थे – गवर्नर जनरल, राज्य परिषद तथा केंद्रीय विधान सभा। इसी के मूल में राज्य सभा को खोजा जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 249(1) यह उपबन्ध करता है कि यदि राष्ट्रीय हित में आवश्यक हो तो राज्य सूची के किसी विषय के बाबत संघ अस्थायी विधान बना सकता है। इस विषय में संविधान ने राज्य सभा को विशेष भूमिका प्रदान की है।

**99. (d)**

कैबिनेट मंत्री को मंत्रिमण्डल की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने और भाग लेने का अधिकार है। ये मंत्री लोकसभा या राज्यसभा से चुने जा सकते हैं जो मंत्री एक सदन का सदस्य है, वह दूसरे सदन में बोल सकता है और उसकी कार्यवाहियों में भाग ले सकता है। किन्तु मंत्री मतदान उसी सदन में कर सकता है, जिसका वह सदस्य है। कैबिनेट सचिवालय प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष नियंत्रण के अंतर्गत आता है। अतः दोनों ही कथन सही नहीं है।

**100.(c)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-75(3) के अनुसार, मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होती है, यह एक संवैधानिक बाध्यता होती है। इसीलिए अविश्वास प्रस्ताव मात्र लोक सभा में ही पुरःस्थापित किया जा सकता है। अनुच्छेद-118(1) के अनुसार, लोक सभा और राज्य सभा को अपने-अपने कार्य संचालन नियम बनाने की शक्ति प्राप्त है। लोक सभा के कार्य संचालन नियम 198 के तहत् कोई भी सदस्य स्पीकर को लिखित नोटिस देकर अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दे सकता है। भारत के संविधान में किसी अविश्वास प्रस्ताव का उल्लेख नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव हेतु कम से **कम 50 सदस्यों** की सहमति आवश्यक होती है। लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव रखने के लिए उसका कारण देना आवश्यक नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने पर सरकार को त्यागपत्र देना पड़ता है। अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के 10 दिनों के भीतर उस पर कार्यवाही करना अनिवार्य है, अन्यथा प्रस्ताव विफल हो जाता है।

**101. (d)**

संविधान के भाग 20 में अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संविधान में संशोधन करने के लिये संसद की शक्तियों और उसके लिए प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है।

अनुच्छेद 368 के तहत निर्धारित संविधान के संशोधन की प्रक्रिया इस प्रकार हैः

- संविधान में संशोधन की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन में एक विधेयक पेश करके शुरू की जा सकती है, न कि राज्य विधानसभाओं में।
- विधेयक को या तो एक मंत्री या एक निजी सदस्य द्वारा पेश किया जा सकता है और इसके लिये राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।
- विधेयक को प्रत्येक सदन में विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिये अर्थात् सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और सदन के उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के **दो-तिहाई बहुमत** से।
- प्रत्येक सदन को अलग से विधेयक पारित करना होगा। दोनों सदनों के बीच असहमति के मामले में संयुक्त बैठक आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं है।
- यदि बिल संविधान के संघीय प्रावधानों में संशोधन करना चाहता है, तो इसे **आधे राज्यों** की विधायिकाओं द्वारा **साधारण बहुमत** से भी अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

- संसद के दोनों सदनों द्वारा विधिवत पारित होने और राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुमोदित होने के बाद जहाँ आवश्यक हो, विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति के लिये प्रस्तुत किया जाता है।
- राष्ट्रपति को विधेयक पर अपनी स्वीकृति देनी आवश्यक है। वह न तो विधेयक पर अपनी सहमति रोक सकता है और न ही विधेयक को पुनर्विचार के लिये संसद को लौटा सकता है।
- राष्ट्रपति की सहमति के बाद बिल एक अधिनियम (यानी एक संवैधानिक संशोधन अधिनियम) बन जाता है और अधिनियम की शर्तों के अनुसार संविधान में संशोधन किया जाता है।
- यदि कोई संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा से पारित हो जाता है परन्तु राज्य सभा उसे अस्वीकार कर देती है तो उस विधेयक का परित्याग करना पड़ेगा।

**102. (a)**

सही सुमेलित है।

| **सूची-I** | | **सूची-I** |
|---|---|---|
| गंगा डॉल्फिन सैन्क्चुअरी | – | भागलपुर |
| भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान | – | बरेली |
| पक्षी सैन्क्चुअरी | – | भरतपुर |
| राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान | – | करनाल |

**103. (d)**

उत्तर प्रदेश दूध और गन्ना उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है, जबकि चावल उत्पादन में पश्चिम बंगाल के बाद दूसरा स्थान रखता है। अतः दिये गये कथनों में उत्तर प्रदेश के संदर्भ में 1 व 2 सही हैं जबकि कथन 3 गलत है।

**104. (b)**

| **नक्षत्रशाला (उ.प्र.)** | **स्थिति** |
|---|---|
| इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला | लखनऊ |
| वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला | गोरखपुर |
| डॉ. भीमराव अंबेडकर या आर्यभट्ट नक्षत्रशाला | रामपुर |
| जवाहर नक्षत्रशाला | प्रयागराज |

**105.(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार होगा –

| **(संस्थान)** | | **(स्थिति)** |
|---|---|---|
| इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ हैन्डलूम टेक्नोलॉजी | - | वाराणसी |
| भातखण्डे संगीत संस्थान | – | लखनऊ |
| निराला आर्ट गैलरी | – | प्रयागराज |
| राजीव गांधी इन्स्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी | – | रायबरेली (मुबारकपुर, मुख्रिया) |

**106. (a)**

| | | |
|---|---|---|
| टेराकोटा | - | गोरखपुर |
| लकड़ी के खिलौने | - | वाराणसी |
| चीनी मिट्टी के बर्तन | - | चिनहट |
| काँच का सामान | - | फिरोजाबाद |

**107. (b)**

नाभिकीय संयंत्र केन्द्रों का उनके राज्यों के साथ सही क्रम इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| कोटा (रावतभाटा) नाभिकीय संयंत्र | – | राजस्थान |
| तारापुर नाभिकीय संयंत्र | – | महाराष्ट्र |
| काकरापार नाभिकीय संयंत्र | – | गुजरात |
| नरौरा नाभिकीय संयंत्र | – | उत्तर प्रदेश |
| कैगा नाभिकीय संयंत्र | – | कर्नाटक |

**108.(c)**

सही सुमेल इस प्रकार है –

| **स्थान** | | **स्मारक** |
|---|---|---|
| कौशाम्बी | - | घोसिताराम मठ |
| कुशीनगर | - | रामाभर स्तूप |
| सारनाथ | - | धमेक स्तूप |
| श्रावस्ती | - | सहेत-महेत |

**109. (b)**

सही सुमेल इस प्रकार है –

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| गोविन्द साहब | - | आजमगढ़ |
| कैलाश मेला | - | आगरा |
| सैय्यद सालार | - | बहराइच |
| शाकम्भरी देवी मेला | - | सहारनपुर |

**110. (d)**

भारतीय दलहन शोध संस्थान की स्थापना उत्तर प्रदेश के कानपुर में की गई है। अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

**111. (b)**

माना खरगोशों की संख्या $= x$

तथा कबूतरों की संख्या $= y$

प्रश्नानुसार,

$x + y = 200$ __________ (i)

$4x + 2y = 580$ ________ (ii)

समी (i) व (ii) से

$\Rightarrow \quad (x + y = 200) \times 4$

$\Rightarrow \quad (4x + 2y = 580) \times 1$

$4x + 4y = 800$

$\underline{_-4x \pm 2y =_- 580}$ घटाने पर

$2y = 220$

$y = 110$

अतः कबूतरों की संख्या $= 110$

**112. (c)**

13, 26, 39, 52 का ल.स. $= 52 \times 3 = 156$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

$\Rightarrow \frac{12\times9}{156}, \frac{17\times6}{156}, \frac{28\times4}{156}, \frac{33\times3}{156}$

$\Rightarrow \frac{108}{156}, \frac{102}{156}, \frac{112}{156}, \frac{99}{156}$ अतः $\frac{28}{39}$ सबसे बड़ी भिन्न है।

**113. (d)**

2000 का $\frac{2}{5} = 2000 \times \frac{2}{5} = 800$

800 का 50% $= 800 \times \frac{50}{100} = 400$

400 का 40% $= 400 \times \frac{40}{100} = 160$

**114.** (b)

माना प्रत्येक वस्तु का क्रय मूल्य = 1 रु.

तब 10 वस्तुओं का क्रय मूल्य = 10 रु.

10 वस्तुओं का विक्रय मूल्य = 11 वस्तुओं का क्रय मूल्य

= 11 रु0

10 रु. पर लाभ = 1 रु.

अतः लाभ % $= \left(\frac{1}{10}\times100\right) = 10\%$

**115. (c)**

A एक दिन में कर सकता है $= \frac{1}{12}$ काम

B एक दिन में कर सकता है $= \frac{1}{10}$ काम

$\therefore$ C का 1 दिन का काम = (A + B + C) – (A + B) का एक दिन

का काम $= \frac{1}{5} \quad \frac{1}{12} \quad \frac{1}{10} = \frac{12 \quad 5 \quad 6}{60} \quad \frac{1}{60}$

$\therefore$ C अकेला पूरा काम 60 दिन में कर सकता है।

**116. (b)**

श्रेणी निम्नवत् है–

A

10 20 31 [43] 56 70

+10 +11 +12 +13 +14

अतः A = 43

**117. (b)**

$\frac{4}{9}, \frac{9}{20} ......... \frac{39}{86}$ में अंश परिवर्तन का क्रम

$4 \times 2 + 1 = 9$

$9 \times 2 + 1 = \boxed{19}$

$19 \times 2 + 1 = 39$

उसी प्रकार हर में परिवर्तन का क्रम

$9 \times 2 + 2 = 20$

$20 \times 2 + 2 = \boxed{42}$

$42 \times 2 + 2 = 86$

अतः अभीष्ट भिन्न $= \frac{19}{42}$

**118. (c)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**119. (c)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**120. (c)**

सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है–




रमेश, गीता के भाई का इकलौता पुत्र है अतः गीता, रमेश की बुआ है।

**121. (a)**




प्रश्नानुसार, मिनट वाली सुई दक्षिण दिशा में होगी और उसका उल्टा उत्तर दिशा होगा।

**122. (a)**

किसी भी व्यक्ति का जन्मदिन या पहले के वर्ष की उसी तारीख का दिन ज्ञात करने के लिए सामान्य वर्ष से 1 दिन तथा लीप वर्ष पड़ने पर 2 दिन घटाते हैं। क्योंकि 1989 के पहले वर्ष 1988 है जो कि लीप वर्ष है। अतः 1988 को उसी तारीख का दिन प्राप्त करने के लिये 2 को घटाते हैं।

0, 1, 2, 3, 4, 5, 6 क्रमशः रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार से प्रदर्शित करते हैं।

अतः बॉबी का जन्मदिन = बाबी का पहला जन्म दिन – 2



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

$\Rightarrow$ मंगलवार – 2
$\Rightarrow 2 - 2 = 0$
अतः बाबी का जन्मदिन रविवार को हुआ।

**123. (b)**
प्रातः 8 बजे से अगले दिन सायं 1.00 बजे तक घण्टों की संख्या $= 24 + 5 = 29$
$\because$ 24 घंटों में घड़ी तेज होती है = 10 मिनट
$\because$ 29 घंटों में $= \frac{10}{24} \times 29$ मिनट
= 12.0 मिनट (लगभग)
घड़ी द्वारा सही समय होगा = 1:00 − 00.12
= 12.48 सायं

**124. (b)**




आयतों की संख्या = ABCD, DEFG, GHIJ, JKLA, LEFK, BCHI, LDGK, JBCG, AEFJ, DHIA = 10

**125. (a)**
प्रश्नानुसार क्रम—
A > C > D > B
$\therefore$ सबसे छोटा खम्भा B होगा।

**126.** (a)
उर्दू भाषा के प्रसिद्ध शायर मुनव्वर राणा का जन्म 1952 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में हुआ था। 'माँ' एवं 'शाहदाबा' उनकी प्रसिद्ध कृतियां हैं। 'शाहदाबा' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**127.** (c)
जनवरी, 2024 में 19वां गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन कंपाला, युगांडा में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने किया था। इसका पहला शिखर सम्मेलन वर्ष 1961 में बेलग्रेड (सर्बिया) में आयोजित हुआ था।

**128.** (a)
दिसम्बर 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश स्थित रामगढ़ताल में 'लेक क्वीन' नामक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्रूज का लोकार्पण किया। अतः कथन (1) सत्य है जबकि कथन (2) असत्य है।

**129.** (c)
केन्द्रीय बजट 2024-25 में वर्तमान घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किया गया। अतः विकल्प (c) असत्य है, जबकि अन्य कथन सही है।

**130.** (a)
25-26 जनवरी, 2024 को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रो भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। इस यात्रा की शुरुआत उन्होंने जयपुर से की थी। वे 26 जनवरी, 2024 को 75वें गणतन्त्र दिवस समारोह (नई दिल्ली) में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अतः कथन (1) सही है।

**131.** (a)
H125 एकल इंजन वाला हेलीकॉप्टर है। अन्य सभी विकल्प सही हैं।

**132.** (c)
छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन तमिलनाडु के चेन्नई, मदुरई, तिरुचिरापल्ली और कोयंबटूर में हुआ। इन खेलों का शुभंकर 'वीरा मंगई' था। इन खेलों में सर्वाधिक 158 पदक जीतकर महाराष्ट्र प्रथम, तमिलनाडु दूसरे एवं हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा। 42 पदक जीतकर उत्तर प्रदेश 7वें स्थान पर रहा।

**133.** (c)
डेंगू के व्यापक प्रसार के कारण पेरु ने राष्ट्रीय अपातकाल की घोषणा की। यह बिमारी एडीज इजिप्टी नामक मच्छर से फैलती है, जो गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में प्रजनन करता है। पेरु की राजधानी लीमा है।

**134.** (a)
'पार्स-1' ईरान का एक रिमोट सेंसिंग और इमेजिंग उपग्रह है। यह उपग्रह रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकासमास द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। अतः कथन (1) सत्य है जबकि कथन (2) असत्य।

**135.** (c)
हिम तेंदुओ से संबंधित रिपोर्ट के संबंध में दोनों कथन सही हैं। भारत में हिम तेंदुओं की कुल संख्या 718 है। सबसे अधिक हिम तेंदुए लद्दाख में फिर उत्तराखण्ड और उसके बाद हिमाचल प्रदेश में हैं।

**136.** (a)
आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार भारत के निर्यात में कच्चे तेल एवं पेट्रोलियम उत्पाद (कोयला सहित) (22%) के बाद सर्वाधिक हिस्सेदारी रत्न एवं आभूषण (8.9%) एवं उसके बाद मशीनरी और उपकरणों (7.8%) की है। अतः 2 असत्य है, शेष दोनों कथन सत्य है।

**137.** (c)
उत्तर प्रदेश सरकार बजट अनुमान 2024-25 में मनरेगा योजना को 5060 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अतः कथन 1 सही है। बजटीय अनुमान की ग्रीन टैगिंग करने वाला उत्तर प्रदेश, देश का पहला राज्य बना। अतः दोनों कथन सही हैं।

**138.** (c)
वर्ष 2021-22 के अनुसार ऊन उत्पादन में राजस्थान तथा मत्स्य उत्पादन में शीर्ष राज्य आन्ध्र प्रदेश है। अतः दोनों ही कथन सही हैं।

**139.** (c)
फरवरी 2024 में तेलंगाना विधानसभा ने घर घर जाकर जातिगत सर्वेक्षण कराने का प्रस्ताव पारित किया है। ऐसा करने वाला तेलंगाना, बिहार के बाद दूसरा राज्य बना है।

**140.** (c)
17-21 फरवरी, 2024 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय कठपुतली महोत्सव का आयोजन चण्डीगढ़ में किया गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 8.(c) | 15. (b) | 22. (d) | 29. (b) | 36. (d) | 43. (d) | 50. (d) | 57. (d) |
| 2. (d) | 9.(b) | 16. (c) | 23. (a) | 30.(b) | 37. (a) | 44. (b) | 51.(c) | 58. (b) |
| 3. (b) | 10. (c) | 17. (d) | 24. (c) | 31. (b) | 38. (a) | 45. (c) | 52. (b) | 59. (c) |
| 4.(a) | 11. (d) | 18. (d) | 25. (c) | 32. (a) | 39. (a) | 46. (c) | 53.(c) | 60. (d) |
| 5. (a) | 12. (c) | 19. (a) | 26. (a) | 33. (b) | 40. (d) | 47.(b) | 54.(d) | |
| 6. (a) | 13. (b) | 20. (a) | 27. (a) | 34. (a) | 41. (a) | 48. (a) | 55. (a) | |
| 7. (d) | 14. (a) | 21. (c) | 28. (a) | 35. (c) | 42. (d) | 49. (a) | 56. (b) | |

## SOLUTION

**1. (d)**
'अनघ' का विलोम 'अघी' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| निष्पाप | पापी |
| कृती | अकृती |

**2. (d)**

| शब्द | – | विलोम |
|---|---|---|
| अनभिज्ञ | – | अभिज्ञ |
| अज्ञ | – | विज्ञ |
| अर्थ | – | अनर्थ |
| असीम | – | ससीम |

**3. (b)**
'उपत्यका' का विलोम 'अधित्यका' होगा।

**4.(a)**
'चिरन्तन' शब्द का सही विलोम 'नश्वर' है। जबकि 'अचर' का 'चर', 'अचेतन' का 'चेतन' एवं 'अचिन्तन' का 'चिन्तन' विलोम शब्द होता है।

**5. (a)**
उक्त का विलोम **अनुक्त** होता है, जबकि उपयुक्त का विलोम 'अनुपयुक्त' होता है।

**6. (a)**
'ईप्सित' शब्द का विलोम **अनीप्सित** है, अभीप्सित, अधीप्सित एवं कुत्सित इससे पृथक शब्द हैं।

**7. (d)**
'स्फूर्ति' का विपरीतार्थक 'आलस्य' है। इसके अतिरिक्त 'परोक्ष' का अपरोक्ष या प्रत्यक्ष, 'विगत' का 'आगामी' तथा 'उर्वर' का 'अनुर्वर' तथा 'आगत' का विलोम 'अनागत' होता है।

**8. (c)**
'परुष' शब्द का विलोमार्थक शब्द 'कोमल' होता है।

**9.(b)**
'औरस' का विलोम जारज/अनौरस होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**10. (c)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आमिष | निरामिष |
| सामिष | निरामिष |
| शुष्क | आर्द्र |
| उज्ज्वल | धूमिल |
| निर्मल | मलिन |

**11. (d)**
'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची 'पार्वती' होगा। अपर्णा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गौरी, गिरिजा, भवानी, रुद्राणी।
दिये गये अन्य विकल्पों के पर्यायवाची शब्द निम्न हैं –

| शब्द | | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| स्त्री | - | स्त्री, वनिता, कान्ता, रमणी, नारी, अबला |
| आराधना | - | प्रार्थना, पूजा, अर्चना |
| देवांगना | - | मेनका, देवबाला, अप्सरा |

**12. (c)**
दिये गये विकल्पों में 'नागर' का पर्यायवाची शब्द 'चतुर' है। नागर के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- विज्ञ, दक्ष, निपुण कुशल, प्रवीण, पटु आदि।

**13. (b)**
वदन, आनन, आस्य मुख के पर्यायवाची हैं।

**14. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'हेम-हिरण्य' शब्द-युग्म 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है। 'सरस्वती' के पर्यायवाची- शारदा, वागीशा, भारती, वाणी, गिरा, वीणापाणि आदि।
'स्वर्ण' के पर्यायवाची - हेम, सोना, कनक, कुंदन, कंचन आदि।

**15. (b)**
'अचला' शब्द पहाड़ का पर्यायवाची नहीं है। यह पृथ्वी का पर्यायवाची शब्द है जबकि अचल, गिरि तथा अद्रि पहाड़ के पर्यायवाची शब्द हैं। पहाड़ के अन्य पर्यायवाची शब्द-नग, भूधर, महीधर, शैल, नगपति, तुंग, धरणीधर आदि हैं।

**16. (c)**
'किंकर' देवता का पर्यायवाची नहीं है, बल्कि यह सेवक का पर्यायवाची है। सेवक के अन्य पर्यायवाची- नौकर, चाकर, दास, भृत्य, परिचारक, चेरा आदि हैं, जबकि निर्जर, त्रिदश, गीर्वाण देवता के पर्यायवाची हैं। देवता के अन्य पर्यायवाची अमर, देव, सुर, विवुध, अमृतेश, आदि हैं।

**17. (d)**
जलोदरी, मछली का पर्यायवाची नहीं है। 'मछली' के पर्यायवाची शब्द मीन, मत्स्य, शफरी हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**18. (d)**
उपर्युक्त विकल्पों में धन, द्रव्य, मुद्रा परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।
वन, कानन,, विटप, जंगल के पर्यायवाची हैं जबकि बानन निरर्थक शब्द है।
कटक, दल, फौज, लश्कर, सेना के पर्याय शब्द हैं जबकि बल और ताकत, शक्ति के पर्यायवाची शब्द हैं।

**19. (a)**
दिये गये विकल्प में 'मिलिन्द' अरविन्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है। अरविन्द के पर्यायवाची शब्द हैं – पंकज, जलज, अम्बुज, सरसिज, राजीव, अम्भोज, सरोज, नलिन आदि। मिलिन्द भौंरा का पर्याय है।

**20. (a)**
सिंह, केसरी, नाहर, वनराज, मृगेन्द्र, मृगारि, पंचानन 'शेर' के पर्यायवाची शब्द हैं। पर्यायवाची की दृष्टि से दिया गया वर्ग शुद्ध है। रवि, दिनकर, दिवाकर 'सूर्य' के पर्यायवाची हैं जबकि तरणी 'नौका' का पर्यायवाची है। इसी प्रकार अग्नि, पावक और अनल 'आग' के पर्यायवाची शब्द हैं।

**21. (c)**
अमिय तद्भव शब्द है। इष्टिका, कुपुत्र, उलूक तत्सम शब्द हैं। अमिय का तत्सम 'अमृत' होता है जबकि बाकी तीन के तद्भव क्रमशः ईंट, कपूत और उल्लू होता है।

**22. (d)**
अंगुली का तद्भव रूप उँगली है।

- संस्कृत के मूल शब्दों में समय के साथ कुछ परिवर्तन आ जाता है, ऐसे शब्दों को तद्भव शब्द कहते हैं, **जैसे**- सूरज, बारिश, धरती आदि।

**23. (a)**

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| कर्तरी | कैंची |
| कृत्यग्रह | कचहरी |
| कर्पूर | कपूर |
| कर्तव्य | करतब |
| कर्म | काम |

**24. (c)**
छुरी का तत्सम रूप 'क्षुरिका' है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**25. (c)**
उपर्युक्त विकल्पों में (चौका, चूल्हा, चिमटा, कॉलेज) में कोई भी तद्भव शब्द नहीं है। इस समूह में चौका, चूल्हा तथा चिमटा 'देशज' शब्द हैं तथा कॉलेज अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**26. (a)**
'चैत' शब्द तत्सम नहीं है बल्कि यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'चैत्र' होता है। शेष इस प्रकार हैं–

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| जेठ | ज्येष्ठ |
| फागुन | फाल्गुन |

**27. (a)**
'अगहन' का तत्सम रूप 'अग्रहायण' है। अगहन हिन्दू पंचांग का एक महीना है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया गया है, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**28. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'धैर्य' शब्द तद्भव नहीं है। यह तत्सम शब्द है।

| तत्सम | - | तद्भव |
|---|---|---|
| धैर्य | - | धीरज |
| धौत्र | - | धोती |
| दक्षिण | - | दाहिना |
| धान्य | - | धान |

**29. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'आदमी' शब्द तद्भव शब्द नहीं है। अपितु फारसी भाषा का शब्द है। शेष विकल्पों में दिये गये शब्द तीखा, जीभ, ढीठ तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम शब्द क्रमशः तीक्ष्ण, जिह्वा एवं धृष्ठ हैं।

**30.(b)**
'वर्तिका' का तद्भव रूप 'बाती' है, जबकि दिए गए अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

**31. (b)**

| | | |
|---|---|---|
| बहुत बोलने वाला | – | वाचाल |
| दो बार जन्म लेने वाला | – | द्विज |
| बहुत जानने वाला | – | बहुज्ञ |
| पहले जन्म लेने वाला | – | अग्रज |

**32. (a)**

| वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|
| जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो | अन्यमनस्क |
| किसी और स्थान पर | अन्यत्र |
| जो पहले न हुआ हो | अभूतपूर्व |
| जो नया न हो | अनूतन |

**33. (b)**
'जिसने ऋण चुका दिया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'उऋण' होता है।

| वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|
| जिसने ऋण/उधार लिया हो- | ऋणी |
| जो उपकार को मानता हो- | कृतज्ञ |

**34. (a)**
वाक्यांश एवं उनसे सम्बन्धित एक शब्द हैं –

| वाक्यांश | वाक्यांश के लिए एक शब्द |
|---|---|
| गुण-दोषों का विवेचन करने वाला | आलोचक |
| गंगा से उत्पन्न | गांगेय |
| गुरुकुल या छात्रावास में रहने वाला छात्र | अन्तेवासी |

**35. (c)**
वाक्यांश 'जो थोड़ा जानता है' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त एक शब्द 'अल्पज्ञ' है। शेष विकल्पों के अर्थ निम्नलिखित हैं-
**अल्प** - थोड़ा/कम।
**सर्वज्ञ** - जो सब कुछ जानता हो।

**36. (d)**
पर्वत की तलहटी को 'उपत्यका' कहते हैं, जबकि दो पर्वतों के बीच का संकरा मार्ग या पर्वतीय प्रदेशों के मध्य का मैदान 'घाटी' कहलाता है।

**37. (a)**
'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'कृतघ्न'।
किए गए उपकार को मानने वाला 'कृतज्ञ' कहलाता है।

**38. (a)**
वाक्यांश 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द 'सव्यसाची' होगा।
**वामपंथी** - साम्यवादी विचारधारा का व्यक्ति।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**वज्रपाणि** - जिसके हाथ में वज्र रहता है।
**वीणापाणि** - जिसके हाथ में वीणा रहती हो।

**39. (a)**

| वाक्यांश | वाक्यांश के लिए एक शब्द |
|---|---|
| किसी के सम्पूर्ण जीवन के कार्यों का विवरण | जीवनचरित |
| किसी गूढ़ ग्रंथ का अर्थ स्पष्ट करने के लिए सरल भाषा में लिखने वाला व्यक्ति | टीकाकार |
| एक के बाद एक | क्रमानुसार |
| तट या किनारे पर रहने वाला/परस्पर विरोधी पक्षों से अलग रहने वाला | तटस्थ |

**40. (d)**
वाक्यांशों का विवरण–

| | |
|---|---|
| आधी रात का समय | – निशीथ |
| चाँदनी रात | – शर्वरी |
| तारों भरी रात | – विभावरी |

**41. (a)**
क्रिया के अलावा संज्ञा के अनुसार विशेषण शब्दों के रूप परिवर्तित होते हैं।

**42. (d)**
**'भगवान कृपा करते हैं।'** इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है। 'यह चाँदी खोटी है' में 'खोटी', 'लखनऊवा चिकन की विदेशों में माँग है' में 'लखनऊवा' और 'जंगली जानवर आक्रामक होते है ' में 'जंगली' एवं 'आक्रामक' शब्द विशेषण हैं।

**43. (d)**
'इन्द्रिय' शब्द का विशेषण पद 'ऐन्द्रिय' है जबकि ईश्वर का विशेषण 'ईश्वरीय' और इतिहास का विशेषण 'ऐतिहासिक' होता है।

**44. (b)**
जो पदबंध संज्ञा या सर्वनाम के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं उन्हें विशेषण पदबंध कहा जाता है। विशेषण पदबंध में एक पदबंध शीर्ष पद पर स्थित होता है तथा शेष पद प्रविशेषण बनकर प्रयुक्त होते हैं। प्रश्न में रेखांकित पदबंध विशेषण पदबंध है।

**45. (c)**
'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' इस वाक्य में गुणवाचक विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग, स्थान, भाव, अवस्था, स्वाद, दिशा का बोध कराते हैं उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
दिये गये वाक्य में 'विद्वान' शब्द गुणवाचक विशेषण है।

**46. (c)**
**नीला** शब्द गुणवाचक विशेषण है। वे शब्द जो संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण कहते हैं। **जैसे-** भारी, सुंदर, कायर, एक, दो, वीर, पौरुषेय, बुरा, मीठा, खट्टा आदि।

**47.(b)**
जिन शब्दों के द्वारा संख्या में क्रम का बोध होता है, उन्हें क्रमवाचक विशेषण कहते हैं।
**जैसे :-** पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, आठवां।

**48. (a)**
वह संख्यावाची विशेषण जो पूर्णांकबोधक और अपूर्णांकबोधक के रूप में गिनने योग्य हो, उसे गणनावाचक विशेषण शब्द कहते हैं। **जैसे**– एक, दो, तीन, चार आदि।
अन्य विकल्पों में दिये गये विशेषण शब्दों के विवरण इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| तीसरा | – | क्रमवाचक विशेषण |
| तिगुना | – | आवृत्तिवाचक विशेषण |
| तीनों | – | समुदायवाचक विशेषण |

**49. (a)**
प्रश्नगत विकल्पों में विशेष्य शब्द <u>अनासक्ति</u> है। यह संज्ञा शब्द है, जबकि अनासक्त शब्द इसका विशेषण है।

**50. (d)**
किसी वाक्य में यदि विशेषण, विशेष्य के बाद आए तो उसे 'विधेय विशेषण' कहते हैं। दिये गये विकल्पों में सभी 'विधेय विशेषण' के उदाहरण हैं। अतः विकल्प (d) संगत है।

**51.(c)**
'अतिशयोक्ति, मरीची तथा नीरधि' शुद्ध शब्द हैं, जबकि दुरगति शब्द अशुद्ध है उसका शुद्ध रूप 'दुर्गति' होगा।

**52. (b)**
अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अनुगृह' है जिसका शुद्ध रूप- '**अनुग्रह**' है। जबकि महीना, क्रिया तथा सप्ताह तीनों शुद्ध हैं।

**53.(c)**
'उज्वल' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' होगा। अन्य सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

**54.(d)**
'निरपराधिनी' शुद्ध वर्तनी है। आभ्यान्तरिक, अत्याधिक तथा निरोग शब्दों की शुद्ध वर्तनी क्रमशः आभ्यन्तरिक, अत्यधिक तथा नीरोग होता है।

**55. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'रचियता' शब्द अशुद्ध है; जिसका शुद्ध रूप– 'रचयिता' है। अन्य तीनों शब्द वर्तनी के आधार पर शुद्ध हैं।

**56. (b)**
दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य है- 'रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया' इसका कुछ शुद्ध रूप होगा- 'रात उसके प्राण-पखेरू उड़ गये। जबकि अन्य सभी विकल्प शुद्ध हैं।

**57. (d)**
दिये गये वाक्यों में 'कृपया एक गिलास पानी दीजिए' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार होंगे–
(1) वह सातवीं कक्षा में पढ़ता है।
(2) सरयू नदी का तट बहुत लम्बा है।
(3) जो लोग बाहर जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं।

**58. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'मैं अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार हूँ' अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप होगा-'मैं अपनी बात के स्पष्टीकरण के लिए तैयार हूँ'। शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

**59. (c)**
प्रश्नगत विकल्पों में 'मैने नहाना है।' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'मुझे नहाना है।' होगा।

**60. (d)**
वाक्य 'हम प्रदर्शिनी देखने गये' अशुद्ध है। इस वाक्य में 'प्रदर्शिनी' शब्द की शुद्ध वर्तनी 'प्रदर्शनी' होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'हम प्रदर्शनी देखने गये'। शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 8. (a) | 15. (b) | 22. (d) | 29. (a) | 36. (b) | 43. (a) | 50. (c) | 57. (d) |
| 2. (d) | 9. (d) | 16. (a) | 23. (b) | 30. (d) | 37. (d) | 44. (c) | 51.(c) | 58. (c) |
| 3. (c) | 10. (c) | 17. (a) | 24. (b) | 31. (a) | 38. (c) | 45. (c) | 52. (d) | 59. (c) |
| 4. (a) | 11. (c) | 18. (d) | 25. (a) | 32. (b) | 39. (c) | 46. (b) | 53.(c) | 60. (a) |
| 5. (b) | 12. (a) | 19. (c) | 26. (d) | 33. (a) | 40. (c) | 47. (b) | 54.(d) | |
| 6.(d) | 13. (a) | 20. (a) | 27. (d) | 34.(c) | 41. (a) | 48. (b) | 55.(d) | |
| 7. (b) | 14. (b) | 21. (c) | 28. (a) | 35. (c) | 42. (c) | 49. (d) | 56. (b) | |

## SOLUTION

**1. (a)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| उर्ध्वगामी | – | अधोगामी |
| विमुख | – | सम्मुख |
| उदयाचल | – | अस्ताचल |
| अधम | – | उत्तम |

**2. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| अचेत | सचेत |
| अर्जन | वर्जन, व्ययन |
| आगत | अनागत |
| इष्ट | अनिष्ट |

**3. (c)**
'तीव्र-मंद्र' विलोम शब्द की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'तीव्र-मंद' होगा। शेष विकल्पों के शब्द युग्म विलोम की दृष्टि से संगत हैं।

**4. (a)**
'कुटिल-सहज' विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत है। इसका संगत शब्द-युग्म 'कुटिल-सरल' है।

**5. (b)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| स्थूल | - | सूक्ष्म |
| स्नेहासिक्त | - | स्नेहारिक्त |
| विराट | - | क्षुद्र/सूक्ष्म |
| मौन | - | सस्वर |

**6.(d)**
'उत्तरीय' शब्द का विलोम 'अधोवस्त्र' होता है।

**7. (b)**
'तिमिर' का विलोम 'आलोक' होता है, जबकि प्रकाश, ज्योतिर्मय, आभास शब्द असंगत हैं।

**8. (a)**
'पुष्ट' का विलोम 'क्षीण' होता है, जबकि 'प्रकृति' का विलोम 'कृत्रिम', पुरस्कार का विलोम 'दण्ड' एवं 'दुष्ट' का विलोम 'सज्जन' होता है।

**9. (d)**
'मुर्दनी' शब्द का विपरीतार्थक शब्द **जीवंतता** है।

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| स्थायी | अस्थायी |
| विषाद | हर्ष |
| तात्कालिक | दूरगामी |

**10. (c)**
प्रवृत्ति का विलोम शब्द **निवृत्ति** है। प्रवृत्ति एवं वृत्ति समानार्थी हैं जिनका अर्थ 'आदत' होता है। सद्वृत्ति का अर्थ अच्छी आदत है एवं निवृत्ति का अर्थ छुटकारा होता है।

**11. (c)**
'आडम्बर' का पर्यायवाची 'दर्प' नहीं है। 'दर्प' के पर्यायवाची शब्द हैं– अहंकार, अभिमान, घमंड इत्यादि है। जबकि ढोंग, पाखंड तथा ढकोसला 'आडम्बर' के पर्यायवाची शब्द हैं।

**12. (a)**
'चोर' का पर्यायवाची शब्द 'खनक' है।

**खनक –** चोर, दस्यु, रजनीचर, तस्कर, कुम्भिल।

**उदक –** पानी, नीर, सलिल, अम्बु, तोय, पय, अमृत, सारंग।

**धूसर –** गदहा, खर, गर्दभ, वैशाखनन्दन, रासभ, चक्रीवान, गधा।

**13. (a)**
'वनिता' का पर्यायवाची शब्द 'महिला' है। महिला के अन्य पर्यायवाची- अबला, रमणी, औरत, कामिनी, मादा, नारी।

**14. (b)**
हाथी – गज, हस्ति, केसरी पर्यायवाची की दृष्टि से अंसगत युग्म है। 'केसरी' सिंह का पर्यायवाची शब्द है। शेष विकल्पों के शब्द-युग्म संगत हैं।

**15. (b)**
'असन' 'भोजन' का पर्याय है। भोजन के अन्य पर्यायवाची हैं- आहार, असन, भोग, पारणा, खाद्य वस्तु, भोज्य सामग्री आदि।

**16. (a)**
'कुत्सा' शब्द निंदा का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय – बुराई, गर्हणा, भर्त्सना, ताड़ना, फटकार आदि। जबकि बरखुरदार का अर्थ – सौभाग्यशाली होता है। अपस्मार का अर्थ - मिरगी रोग होता है। स्तुति के पर्यायवाची हैं– पूजा, अर्चना, प्रशंसा, प्रार्थना, आराधना आदि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**17. (a)**
'ओघ' शब्द 'ढेर' का पर्यायवाची है। ढेर के अन्य पर्याय हैं- अंबार, राशि, जमाव, पुंज आदि।

**18. (d)**
दिये गये विकल्पों में 'धनुष' शब्द 'कोदण्ड' का पर्यायवाची शब्द है। 'धनुष' के अन्य पर्यायवाची इस प्रकार हैं– धनु, कमान, मेहराब, शरासन, धनुक आदि।
**तलवार–** करवाल, चंद्रहास, खड़ग, असि, कृपाण आदि।
**भाला–** बरछा, नेजा आदि।

**19. (c)**
'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द 'समालोचन' है। इसके अन्य पर्याय हैं– समीक्षा, आलोचना, विवेचना, निरूपण आदि।

**20. (a)**
'विभु' का पर्यायवाची 'सर्वव्यापक' तथा 'नित्य' है जबकि अन्य सभी विकल्प पर्यायवाची की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

**21. (c)**
अर्द्ध तत्सम शब्द 'अच्छर' है जिसका तत्सम 'अक्षर' होता है।

**22. (d)**
'आवाँ' का तत्सम रूप 'आपाक' होगा। दिए गये शब्दों में 'अग्नि' आग का तत्सम रूप है।

**23. (b)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| कृत्यगृह | – | कचहरी |
| कमल | – | कँवल |
| कंकण | – | कंगन |
| कच्छप | – | कछुआ |

**24. (b)**
दिये गये विकल्पों में तद्भव शब्द 'गयंद' होगा।
गयंद शब्द का अर्थ 'गजेन्द्र या हाथी' होता है। अन्य शब्द तत्सम हैं। जिसके तद्भव इस प्रकार है-

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| अंगना | - | आँगन |
| वानर | - | बंदर |

**25. (a)**
'चिक्कण' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव शब्द 'चिकना' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**26. (d)**

| **तद्भव** | **तत्सम** |
|---|---|
| जामुन | जंबुल |
| नाक | नक्र/नासिका |
| धूरि | धूलि |
| जनवास | जन्यवास |

**27. (d)**
'ओष्ठ' तत्सम शब्द है। अन्य शब्दों के तद्भव–तत्सम रूप हैं –

| **तद्भव** | | **तत्सम** |
|---|---|---|
| ओठ | – | ओष्ठ |
| उछाह | – | उत्साह |
| उजला | – | उज्ज्वल |
| उल्लू | – | उलूक |

**28. (a)**
'लवण' का तद्भव 'नोन' होगा। नमक, क्षार समानार्थी शब्द हैं। 'लवंग' लौंग का तत्सम शब्द है।

**29. (a)**
'पश्चाताप' शब्द तत्सम है। अन्य तत्सम-तद्भव इस प्रकार है–

| **तत्सम** | - | **तद्भव** |
|---|---|---|
| शाप | - | श्राप, सराप |
| पश्चाताप | - | पछतावा |
| यमुना | - | जमुना |
| शर्करा | - | शक्कर |

**30. (d)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| भ्रमर | – | भौंरा |
| भिक्षा | – | भीख |
| परशु | – | फरसा |
| बिंदु | – | बूँद |

**31. (a)**
'जिसे इन्द्रियों से अनुभव न किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अतीन्द्रिय' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**32. (b)**
'आग से झुलसा हुआ' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनलदग्ध' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**33. (a)**
'जिसके पास कुछ न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अकिंचन' होगा; न कि किंचित, आकुंचन और अलभ्य।

**34.(c)**
कम खर्च करने वाले को 'मितव्ययी' कहा जाता है, जबकि आवश्यकता से अधिक खर्च करने वाले को 'अपव्ययी' कहा जाता है। अन्य युग्म संगत हैं।

**35. (c)**
'आद्यन्त' शब्द का अर्थ 'आदि से अन्त तक' है। 'जिसका अन्त न हो' के लिए एक शब्द 'अनन्त' होगा।

**36. (b)**
दिये गये शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| उत्क्षिप्त | – | ऊपर की ओर उछाला हुआ |
| प्रक्षिप्त | – | फेंका हुआ |
| आरोहण | – | सवार होना |
| उत्थान | – | उठना, उठाना |

**37. (d)**

| **वाक्य खण्ड** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| जिसका उत्तर देकर खण्डन किया गया हो | – | प्रत्युक्त |
| उत्तर मिलने पर दिया गया उत्तर | – | प्रत्युत्तर |
| लौटकर आया हुआ | – | प्रत्यागत |

**38. (c)**
'कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना' के लिए उपयुक्त शब्द 'कलंक' होगा। दुश्चरित्र का अर्थ निंदनीय आचरण होता है तथा अपयश व अपकीर्ति समानार्थी शब्द हैं।

**39. (c)**
'जिसने अभी-अभी स्नान किया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सद्यःस्नाता' होता है।

**40. (c)**
खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए प्रदान की जाती है, उसे 'पाथेय' कहा जाता है। रोगी को दिया जाने वाला हल्का भोजन 'पथ्य' कहलाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**41. (a)**
'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने अन्तर्विशेषण कहा है। विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को प्रविशेषण कहा जाता है। जैसे– मोहन बहुत सुन्दर है। यहाँ 'सुन्दर' विशेषण है और 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि 'बहुत' 'सुन्दर' की विशेषता बता रहा है।

**42. (c)**
'आयतलोचना' विशेषण पद है। शेष-'उपासना, वंदना एवं उद्‌गार' क्रिया पद हैं। आयतलोचना का अर्थ बड़ी-बड़ी आँखों वाली होता है।

**43. (a)**
'वरद', 'वरदायक' और 'वरणीय' विशेषण शब्द हैं, जबकि वरदान विशेष्य पद है।

**44. (c)**
''चाय फीकी है।''इस वाक्य में 'फीकी' 'गुणवाचक विशेषण' शब्द है। जिस विशेषण शब्द से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप- रंग, आकार, दशा आदि का बोध हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**जैसे-** गुण → सुन्दर, मीठा, कड़वा, अच्छा, बहादुर आदि
दोष → बुरा, कायर, खट्टा, तीखा, पापी आदि
रंग → लाल,पीला,हरा, गुलाबी, काला आदि
आकार → नुकीला, लम्बा, मोटा, आदि
दशा → ऊँचा, नीचा, गहरा, सकरा, भारी, हल्का आदि।

**45. (c)**
दिये गये विकल्प में 'आध्यात्मिक' शब्द 'अध्यात्म' का विशेषण शब्द होगा।

**46. (b)**
'सतीश चंचल बालक है।' इस वाक्य में 'चंचल' गुणवाचक विशेषण है। चंचल शब्द यहाँ सतीश का गुण बता रहा है। अतः यह गुणवाचक विशेषण है। विशेषण के चार भेद होते हैं– (1) गुणवाचक, (2) संख्यावाचक, (3) परिमाणवाचक, (4) सार्वनामिक।

**47. (b)**
'मैं <u>आठवीं</u> कक्षा में पढ़ता हूँ', वाक्य में रेखांकित शब्द में संख्यावाचक विशेषण है। जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे- चार आदमी, दस दिन, कुछ लोग, थोड़ी चाय इत्यादि।

**48. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'पाँचवाँ' विशेषण शब्द है जो कि निश्चित संख्या (क्रमसूचक) की अभिव्यक्ति करता है, जबकि अन्य शब्द 'सरपंच', 'प्रपंच' और 'पहुँच' इससे इतर शब्द हैं।

**49. (d)**
वाक्यांश 'भक्त की करुण पुकार सुनकर भक्त-वत्सल भगवान दयार्द्र हो उठे' में 'पुकार तथा भगवान्' विशेष्य पद हैं, जबकि करुण और भक्त-वत्सल विशेषण पद हैं।

**50. (c)**
विशेषण की उत्तरावस्था में दो प्राणियों, वस्तुओं इत्यादि के गुण दोष अथवा विशेषता की तुलना कर एक को दूसरे से बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है। विशेषण को तीन अवस्थाओं में विभक्त किया जाता है-
(1) मूलावस्था (2) उत्तरावस्था (3) उत्तमावस्था

1. **मूलावस्था–**इसमें विशेषणों का सामान्य प्रयोग होता है। यहाँ किसी के साथ तुलना नहीं की जाती; **जैसे-**श्याम एक वीर बालक है। राम एक सुन्दर कन्या है।
2. **उत्तरावस्था–**इसमें दो वस्तुओं या व्यक्तियों के विशेषताओं की तुलना करके एक की न्यूनता अथवा अधिकता बताई जाती हैं; **जैसे–**मोहन हलधर से अधिक सुन्दर है। सीता सीमा से सुन्दर है।
3. **उत्तमावस्था–**इसमें दो से अधिक वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना की जाती हैं। उनमें किसी एक की दूसरी सब वस्तुओं या व्यक्तियों से न्यूनता या अधिकता बताई जाती है; **जैसे–**राम सबसे वीर है। सीता कक्षा में सुन्दरतम है।

**51.(c)**
दिये गये विकल्पों में पंकज, परम्परा, गंगा वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द-समूह हैं। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**52. (d)**
दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अक्षौहिणी**' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्पों की वर्तनी के शुद्ध रूप निम्नवत हैं–

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| राज्य महल | राजमहल |
| कोमलांगिनी | कोमलांगी |
| निरोग | नीरोग |

**53.**(c)
रेखांकित शब्द 'उच्शृंखलता' वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उच्छृंखलता' प्रयुक्त होगा।

**54.**(d)
विकल्प में दिया गया शब्द 'पृष्टभूमि' की वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी 'पृष्ठभूमि' होगा। अन्य सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**55.(d)**
उपर्युक्त विकल्पों में 'वामांगिनी' शुद्ध वर्तनी का शब्द है। यह स्त्री, पत्नी का पर्यायवाची शब्द है।

**56. (b)**
'बंदूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है' वाक्य अशुद्ध है। शेष शुद्ध हैं।

**57. (d)**
लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है- **सिपाही की पगड़ी लाल है।** जबकि अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
- दही बहुत खट्टा है।
- उसकी छाजन टपकती है।
- मेरा घर बड़ा है, पर बैठक छोटी है।

**58. (c)**
दिये गये वाक्यों में 'श्याम पौधे सींच रहा है' शुद्ध वाक्य है। यह प्रमाणित है कि सींचने का कार्य जल से ही होता है, किसी अन्य पदार्थ से नहीं। ऐसी दशा में अन्य सभी वाक्यों में 'जल' का प्रयोग निरर्थक व दोषपूर्ण है।

**59. (c)**
प्रश्नगत वाक्य 'बगीचे की सुंदरता अनूठा है।' त्रुटिपूर्ण है जिसका शुद्ध रूप होगा 'बगीचे की सुंदरता अनूठी है।' शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**60. (a)**
उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य निम्न होगा–
जो गरीबों की सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होते हैं।



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 8. (d) | 15. (b) | 22. (d) | 29. (c) | 36.(a) | 43. (a) | 50. (a) | 57.(d) |
| 2. (a) | 9. (b) | 16. (b) | 23. (a) | 30. (a) | 37. (c) | 44. (b) | 51. (b) | 58. (d) |
| 3. (a) | 10. (b) | 17. (d) | 24. (c) | 31. (c) | 38. (b) | 45. (c) | 52. (a) | 59. (c) |
| 4. (d) | 11. (b) | 18. (d) | 25.(d) | 32. (b) | 39. (b) | 46. (c) | 53.(b) | 60.(c) |
| 5. (a) | 12. (a) | 19. (a) | 26. (c) | 33. (b) | 40. (b) | 47. (c) | 54. (c) | |
| 6. (a) | 13. (a) | 20. (c) | 27. (d) | 34. (c) | 41. (b) | 48. (b) | 55. (a) | |
| 7. (d) | 14. (d) | 21. (a) | 28. (c) | 35. (c) | 42. (d) | 49. (c) | 56. (d) | |

## SOLUTION

**1. (d)**
अल्प का विलोम शब्द 'अति' होगा। अति का अर्थ अधिक होगा और अल्प का अर्थ- थोड़ा होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**2. (a)**
'मितव्यय' का विलोम शब्द 'अपव्यय' है। शेष शब्दों में से कृपण का विलोम 'दानी/उदार' है तथा अल्पव्यय का 'बहुव्यय' विलोम शब्द है।

**3. (a)**
'करुण-निष्ठुर' विलोम युग्म सही है। शेष के शब्द विलोम हैं।

**शब्द – विलोम**

आस्तिक – नास्तिक

धार्मिक – अधार्मिक

विस्तार – संक्षेप

संकल्प – विकल्प

सुदूर – सन्निकट

**4. (d)**
'दीर्घकाय-कृशकाय' सही विलोम-युग्म हैं।

नेकी का भलाई समानार्थी शब्द है।

तरुण का किशोर समानार्थी शब्द है।

विभक्त का पृथक समानार्थी शब्द है।

**5. (a)**
'सुगम-संगम' युग्म सही विलोम युग्म नहीं है। सुगम का सही विलोम दुर्गम होगा।

**6. (a)**
'ऋत' शब्द का विलोम 'अनृत' है। 'ऋत' शब्द का अर्थ 'ठीक से जुड़ा हुआ, सत्य, सही या सुव्यवस्थित' होता है और अनृत का अर्थ 'असत्य, गलत या अव्यवस्थित' होता है।

**7. (d)**
'कौटिल्य' का विलोम 'आर्जव', आर्तव का विलोम अनार्तव, मृदु का विलोम कठोर होता है।

**8. (d)**
विराट का विलोम 'क्षुद्र' होता है। वृहत का विलोम 'लघु' एवं छोटापन का 'बड़ापन' होता है।

**9. (b)**
दिये गये शब्दों के विलोम शब्द हैं।

तृषा – तृप्ति

दिशा – दिशाहीन

**10. (b)**
'प्रच्छन्न' शब्द का विलोम **प्रतिपन्न** होता है। 'प्रत्यक्ष' का विलोम शब्द 'अप्रत्यक्ष' या 'परोक्ष', 'प्रतिबद्ध' का विलोम 'अप्रतिबद्ध' तथा 'मुख्य/प्राथमिक' का विलोम 'गौण' होता है।

**11. (b)**
घाम शब्द 'आगार' का पर्यायवाची नही है। शेष सभी 'आगार' के पर्यायवाची हैं।

**आगार के पर्यायवाची** – घर, सदन, भवन, धाम, निकेतन, निवास, आयतन, आलय, निलय, मंदिर, आवास।

**12. (a)**
दिए गए विकल्पों में 'जलधि-अम्बुद' पर्यायवाची युग्म सही नहीं हैं, क्योंकि जलधि 'समुद्र' का तथा अम्बुद 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है। अन्य पर्यायवाची युग्म सही हैं।

**13. (a)**
'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द 'विपुला' है।

**वसुधा के अन्य पर्यायवाची शब्द –** भू, इला, भूमि, धरती, धरित्री, धरणी, वसुंधरा हैं।

**14. (d)**
मार शब्द का पर्यायवाची 'अनंग' है। अनंग का आशय कामदेव से है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – मन्मथ, मदन, रतिपति, कुसुमेश, मनसिज, मकरध्वज, कन्दर्प, मीनकेतु आदि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**15. (b)**
'अम्बु' शब्द माता का पर्यायवाची नहीं है अपितु 'पानी' का पर्यायवाची हैं। अम्ब, अम्बा, जननी, मातृ, धात्री आदि माता के पर्यायवाची हैं।

**16. (b)**
मुकुल, कोरक, गुंचा आदि 'कलिका' के पर्यायवाची शब्द हैं।

| **शब्द** | **पर्याय** |
|---|---|
| कस्तूरी | मृग |
| कान | कर्ण |
| कमर | कटि |

**17. (d)**
'प्रेक्षा' का पर्यायवाची शब्द 'दृष्टि' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - नेत्र, नयन, लोचन, दृग, आँख आदि।

**18. (d)**
'यातुधान' के पर्यायवाची–निशिचर, राक्षस, असुर, दैत्य, दानव, सुरारि, रजनीचर आदि है।
'वसन' के पर्यायवाची- कपड़ा, वस्त्र, पट, चीर।
'आग' के पर्यायवाची – अग्नि, अनल, पावक, वह्नि, हुताशन।
'अश्व' के पर्यायवाची – घोड़ा, तुरंग, वाजि, घोटक, हय, सैंधव, रविसुत।

**19. (a)**
चींटी का पर्यायवाची - सीमिका, पिपीलिका, पिपली, है।

**20. (c)**
दिये गये विकल्प के आधार पर यमुना के समानार्थी शब्द समूह 'कालिंदी, कृष्णा, सूर्यसुता' है। विकल्प (a) में 'तरंगिनी' तथा 'तटिनी' नदी के पर्याय हैं और 'कालिन्दी' यमुना का पर्याय है। (b) विकल्प में 'अंबुद' बादल का पर्याय तथा 'कालिंदी' व 'सूर्यसुता' यमुना के पर्याय हैं। (d) विकल्प में 'कृष्णा' तथा 'सूर्यसुता' यमुना के पर्याय और 'तटिनी' नदी का पर्याय है।

**21. (a)**
'अगहन' का तत्सम रूप 'अग्रहायण' है। अगहन हिन्दू पंचांग का एक महीना है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया गया है, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**22. (d)**
'उपखान' तत्सम शब्द उपाख्यान है। जबकि गायक का तद्भव गवैया तथा शेष शब्द तत्सम हैं।

**23. (a)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| कुक्षि | - | कोख |
| आंत्र | - | आँत |
| अक्षि | - | आँख |
| पक्षी | - | पंछी |

**24. (c)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| गोपाल | – | ग्वाल |
| मौक्तिक | – | मोती |
| लवंग | – | लौंग |
| सप्ततार | – | सितार |

**25.(d)**
'चबूतरा' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम शब्द 'चत्वाल' अथवा 'चत्वर' होता है।

**26. (c)**
दिये गये शब्दों में 'जीभ' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द 'जिह्वा' होता है जबकि 'यौवन', निर्झर', तथा 'स्थान' तत्सम शब्द है। इनके तद्भव शब्द क्रमशः 'जोबन', 'झरना' तथा 'थान' होते हैं।

**27. (d)**
'त्वरित' का तद्भव शब्द 'तुरन्त' या तुरंत दोनों होता है, जबकि 'शीघ्र' तत्सम शब्द है।

**28. (c)**
दिये गये विकल्पों में से तत्सम शब्द निकृष्ट है। तीखा शब्द का तत्सम तीक्ष्ण है, अटारी का तत्सम 'अट्टालिका' तथा गहरा का तत्सम 'गंभीर' होगा।

**29. (c)**
'परिवा' का तत्सम 'प्रतिप्रदा' है। हिन्दी माह के प्रत्येक पक्ष के प्रथम तिथि को प्रतिप्रदा कहते हैं।

**30. (a)**
'मंत्रकारी' शब्द का तद्भव रूप 'मदारी' होता है। 'मिठाई' शब्द तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम 'मिष्टान्न' होता है।

**31. (c)**
वाक्यांश 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' के लिए एक शुद्ध शब्द 'अन्तर्धान' होगा।

**32. (b)**
वाक्यांश 'किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द 'अभीप्सा' है।
जिस पुस्तक में आठ अध्याय हों- अष्टाध्यायी।
जिसकी गहराई का पता न चल सके- अथाह।
जिसके आदि का पता न हो- अनादि।

**33. (b)**
'ऐसी जीविका जिसका कुछ ठीक-ठिकाना न हो' के लिए एक शब्द 'आकाशवृत्ति' प्रयुक्त होता है। 'आकाशफल' शब्द 'संतान' अथवा 'संतति' के लिए प्रयुक्त होता है, जबकि 'अनहोनी' या असंभव बात के लिए 'आकाश कुसुम' शब्द प्रयुक्त होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**34. (c)**

वाक्यांशों का विवरण–

- जिसका जन्म छोटी जाति में हुआ हो - 'अन्त्यज'
- अंडें से उत्पन्न जीव – अण्डज
- जो छूने योग्य न हो – अछूत

**35. (c)**

वह स्त्री जो छिपकर अपने प्रिय से मिलने जाती है- **अभिसारिका**। प्रेम करने वाली स्त्री- प्रेमिका।

**36.(a)**

'छाती के बल चलने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द 'ऊरग' होता है। भुजंग का अर्थ साँप, कुरंग का अर्थ हिरन तथा तुरंग का अर्थ घोड़ा होता है। ऊरग साँप का पर्यायवाची है।

**37. (c)**

'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द 'परिमेय' होगा।

| | | |
|---|---|---|
| अपरिमेय | - | जो तोला न जा सके |
| अनुमेय | - | अनुमान करने योग्य |
| विनिमय | - | किसी वस्तु के बदले किसी दूसरी वस्तु का आदान-प्रदान करना। |

**38. (b)**

'नियमविरुद्ध, असामाजिक कार्य करने वालों की सूची' के लिए एक शब्द है-'कालीसूची'।

**39. (b)**

भूसी की आग को 'तुषाग्नि' कहते हैं। अन्य विकल्पों का विवरण है–

| **शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| दावानल | – | जंगल की आग |
| बड़वाग्नि | – | समुद्र की आग |
| जठराग्नि | – | पेट की आग |

**40. (b)**

'वह नायिका जो अपने पति के परदेश में होने के कारण दु:खी हो' के लिए उचित शब्द हैं – 'वियोगिनी'।

वह स्त्री जिसका पति विदेश में गया हो – प्रोषित पतिका

**41. (b)**

'तुम' शब्द विशेषण न होकर सर्वनाम है। हिन्दी व्याकरण में कुल 11 सर्वनाम हैं। 'तुम' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है। जो सर्वनाम वक्ता, श्रोता तथा किसी अन्य के लिए प्रयुक्त होता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**–मैं, तुम, वह आदि। जबकि काला, शांत एवं आगामी शब्द विशेषण हैं।

**42. (d)**

प्रश्नगत विकल्पों में 'स्त्री' शब्द का विशेषण 'स्त्रैण' होगा। शब्दों में प्रत्ययों के योग से विशेषण का निर्माण किया जाता है। क्रिया या धातु में कृत प्रत्यय के योग से कृदन्त विशेषण एवं संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में तद्धित प्रत्यय के योग से तद्धितान्त विशेषणों का निर्माण होता है।

**43. (a)**

बांका, बातूनी और बादामी विशेषण पद हैं, जबकि बहुरूपिया विशेष्य पद है।

**44.** (b)

'श्रीदेवी के लिए सु वर मिला है।'' वाक्य में 'सु' गुणवाचक विशेषण है। जिन विशेषणों से वस्तु के गुण, आकार, दशा, सुन्दरता आदि का बोध होता है, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

**45. (c)**

अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु शब्द गुणवाचक विशेषण के 'गुणबोधक' रूप के उदाहरण हैं। गुणवाचक विशेषण के 7 मुख्य रूप हैं–

**काल बोधक–** नया, पुराना, ताजा, भूत

**स्थान बोधक–**ऊपरी, सतही, दायाँ

**आकार बोधक–**गोल, चौकोर, सुडौल, लम्बा

**रंगबोधक–** लाल, पीला, नीला, हरा

**दशाबोधक–** दुबला, पतला, मोटा, भारी

**गुणबोधक–** भला, बुरा, झूठा, सच्चा

**दृष्टव्य–** बड़ा–सा, पीला–सा, छोटी–सी

**46. (c)**

'वह छात्र कक्षा में प्रथम आया है' – वाक्य में रेखांकित शब्द 'वह' सार्वनामिक विशेषण है।

**47. (c)**

'सौ गुना लम्बा' में आवृत्तिवाचक विशेषण है।

**विशेषण-** जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराते हैं विशेषण शब्द कहलाते हैं।

विशेषण के चार भेद हैं- (1) सार्वनामिक (2) गुणवाचक (3) परिमाणवाचक (4) संख्यावाचक।

**संख्यावाचक विशेषण-** जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। (क) गणनावाचक (ख) क्रमवाचक (ग) आवृत्तिवाचक (घ) समुदाय वाचक (ड़) प्रत्येक बोधक।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**आवृत्तिवाचक विशेषणः-** जो संख्यावाचक विशेषण किसी संख्या की आवृत्ति को सूचित करता है। आवृत्तिवाचक विशेषण कहलाता है। जैसे- चार गुना, दोगुना, तीन गुना, सौ गुना आदि।

**48. (b)**

प्रश्नगत वाक्य 'कितने प्रश्न करने हैं' में संख्यावाचक विशेषण है।

**संख्यावाचक विशेषण–** जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।

संख्यावाचक विशेषण के दो मुख्य भेद हैं–

1. निश्चित संख्यावाचक, 2. अनिश्चित संख्यावाचक

**49. (c)**

दिए गए शब्दों में 'अचार' शब्द विशेषण न होकर विशेष्य है इसका विशेषण 'अचारी' होगा।

**50. (a)**

'परमानन्द कक्षा में सबसे होशियार छात्र है।' वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण–विशेष्य का प्रयोग किया गया है। विशेषण की तीन अवस्थाएँ होती हैं– (1) मूलावस्था (2) उत्तरावस्था और (3) उत्तमावस्था। **मूलावस्था–** जिसमें किसी संज्ञा या सर्वनाम की सामान्य स्थिति का बोध हो।

जैसे– मोहन अच्छा लड़का है।

**उत्तरावस्था–** जिसमें दो संज्ञा या सर्वनाम की तुलना की जाती है। जैसे– महेश, राहुल से अच्छा है।

**उत्तमावस्था–** जिसमें दो से अधिक संज्ञा या सर्वनामों की तुलना करके, एक को सबसे अच्छा या बुरा बताया जाता है। जैसे– कक्षा में मोहन सबसे अच्छा लकड़ा है।

**51. (b)**

'आधिकारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**52. (a)**

शुद्ध वर्तनी वाला शब्द **'अन्त्याक्षरी'** है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| पूज्यनीय | – | पूजनीय |
| तदोपरान्त | – | तदुपरान्त |
| कवियित्री | – | कवयित्री |

**53.(b)**

जो पुरुष कविता लिखता है, उसे 'कवि' तथा जो महिला कविता लिखती है, उसे 'कवयित्री' कहा जाता है।

**54. (c)**

प्रश्न में दिए गए चारों विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'परिपार्श्विक' है। पूज्यनीय अशुद्ध शब्द है जिसका वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध रूप 'पूजनीय' होगा। अशुद्ध उज्जवल का शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' तथा जोत्यसना का शुद्ध रूप 'ज्योत्स्ना' होगा।

**55. (a)**

दिये गये शब्दों में से 'वाल्मीकि' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**56. (d)**

उपर्युक्त दिये गये वाक्यों में कोई भी वाक्य शुद्ध नहीं है। दिये गये वाक्यों के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार है–

| **अशुद्ध वाक्य** | | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|---|
| उसे मृत्युदण्ड की सजा दी गई | – | उसे मृत्युदण्ड दिया गया। |
| खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ | – | गाजर काटकर खरगोश को खिलाओ। |
| मेरी करनी का फल भोग रहा हूँ | – | मैं अपनी करनी का फल भोग रहा हूँ। |
| कृपया यहाँ बैठने की कृपा करें | – | कृपया यहाँ बैठें। |

**57.(d)**

| **विकल्प** | | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|---|
| A | – | मेरे प्राण संकट में हैं। |
| B | – | सोमवार को रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई। |
| C | – | अपराधी को मृत्युदंड दिया गया। |
| D | – | महादेवी वर्मा छायावाद की प्रसिद्ध कवयित्री हैं। |

**58. (d)**

प्रस्तुत विकल्पों में 'विज्ञान से अनेक असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिखाया है।' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप निम्नवत् है– 'विज्ञान ने अनेक असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिखाया है।'

**59. (c)**

'मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ।' शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध है।

**60. (c)**

'तुमको मैं कैसे समझाऊ' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'तुम्हें मैं कैसे समझाऊँ' होगा।



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

# SOLUTION : PRACTICE SET- 4

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 8. (a) | 15. (d) | 22. (c) | 29. (d) | 36.(d) | 43. (d) | 50. (a) | 57. (c) |
| 2. (b) | 9. (d) | 16. (b) | 23. (c) | 30. (b) | 37. (c) | 44. (b) | 51. (c) | 58. (c) |
| 3. (c) | 10. (a) | 17. (c) | 24. (a) | 31.(b) | 38. (d) | 45.(a) | 52.(a) | 59. (d) |
| 4. (c) | 11. (b) | 18. (a) | 25. (c) | 32. (c) | 39. (b) | 46. (c) | 53.(a) | 60. (b) |
| 5. (c) | 12. (c) | 19. (c) | 26. (d) | 33. (d) | 40. (c) | 47. (d) | 54. (d) | |
| 6. (b) | 13. (a) | 20. (a) | 27. (b) | 34. (b) | 41. (d) | 48. (b) | 55 (a) | |
| 7. (d) | 14. (c) | 21. (b) | 28. (c) | 35. (d) | 42. (d) | 49. (c) | 56. (b) | |

## SOLUTION

**1. (d)**
आदृत – अनादृत, विलोम शब्दों का एक सही युग्म है।

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| आपत्ति | - | अनापत्ति |
| अवर्षण | - | वर्षण |
| गणतंत्र | - | राजतंत्र |
| स्त्री | - | पुरुष |
| गुण | - | अवगुण |

**2. (b)**
'भावी' का विलोम शब्द 'अतीत' होता है। 'पूर्व' का विलोम 'पश्चिम' तथा 'भविष्य' का विलोम 'भूत' होगा।

**3. (c)**
'गुप्त' का विलोम शब्द 'प्रकट' होता है।

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| गूढ़ | - | अगूढ़/प्रकट |
| निष्ठा | - | अनिष्ठा |

**4. (c)**
'सात्विक-शुद्ध' असंगत विलोम शब्द युग्म है। इसका संगत विलोम शब्द युग्म 'सात्विक – तामसिक' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

**5. (c)**
'साहस' का विलोम शब्द 'निस्साहस' होता है। निर्भय का विलोम भय या सभय होता है।

**6. (b)**
विशुद्ध का विपरीत शब्द अशुद्ध है। वे शब्द जो दिये गये शब्द का विपरीत अर्थ दें वो विलोम शब्द कहलाते हैं।

**7. (d)**
'उद्यम' का विलोम 'निरुद्यम' होता है। विलोम वे शब्द होते हैं, जो एक-दूसरे के विपरीत अर्थ दें।

**8. (a)**
'उथला' का विलोम शब्द 'गहरा' है।

**9. (d)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| कृपण | – | दानी |
| कनिष्ठ | – | वरिष्ठ |
| अधम | – | उत्तम |
| कृतघ्न | – | कृतज्ञ |

**10. (a)**
दिये गये विकल्पों में से 'पौराणिक-प्राचीन' सुमेलित नहीं हैं। पौराणिक का विलोम अपौराणिक तथा प्राचीन का विलोम-अर्वाचीन होगा। शेष विकल्प के विलोम शब्द सुमेलित हैं।

**11. (b)**
पक्षी के पर्यायवाची शब्द–पतंग, पक्षी, खग, विहग परिन्दा, चिड़िया, गगनचर, पखेरू, विहंग, शकुन्त, अण्डज, खेचर आदि हैं, जबकि गाछ पक्षी का पर्यायवाची नहीं है। गाछ का पर्यायवाची-द्रुम, वृक्ष, पेड़, पादप, विटप, तरु होता है।

**12. (c)**
दिये गये विकल्पों में से चतुरानन, भृत्य, निदाघ क्रमशः ब्रह्मा, सेवक तथा ग्रीष्म के पर्यायवाची शब्द होंगे।

**13. (a)**
वृक्ष, द्रुम, विटप परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं। वृक्ष के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– पेड़, तरू, पादप, गाछ, अगम, रूक्ष आदि।

**14. (c)**
'अभ्यागत' कौशल का पर्यायवाची नहीं है बल्कि यह अतिथि का पर्यायवाची है। अतिथि के अन्य पर्यायवाची-मेहमान, आगन्तुक है जबकि दक्षता, कुशलता, पटुता, 'कौशल' के पर्यायवाची हैं।

**15. (d)**
कुमारी, अविवाहिता, अपरिणीता, कुँवारी आदि 'अनूढ़ा' के पयार्यवाची शब्द हैं।

**16. (b)**
चंदन का पर्यायवाची 'नौध' नहीं है। नौध का अर्थ नया पौधा होता है।
मलयज, गंधराज, दारूसार, 'चंदन' शब्द के पर्यायवाची हैं।

**17. (c)**
'द्रौपदी' शब्द कृष्णा का पर्यायवाची है, इसके अन्य पर्यायवाची-द्रुपदसुता, पांचाली, याज्ञसेनी आदि हैं।

**18. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'रामभद्र' शब्द हनुमान का पर्यायवाची नहीं है। हनुमान के पर्यायवाची हैं - महावीर, कपीश, रामदूत, मारुतिनंदन, बजरंगी, पवनसुत, पवनकुमार, कपीश्वर इत्यादि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**19. (c)**

'हिमकर' शब्द सूर्य का पर्यायवाची नहीं है। यह 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची है जबकि दिनकर, दिवाकर तथा प्रभाकर, सूर्य के पर्यायवाची हैं। सूर्य के अन्य पर्यायवाची शब्द- रवि, अर्क, तरणि, पतंग, मार्तण्ड, अंशुमाली, आदित्य, सविता, भास्कर आदि हैं।

**20. (a)**

'बादल–मेघ, वायु, समीर' पर्यायवाची समूह की दृष्टि से गलत हैं। 'बादल' और 'मेघ' एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं, परन्तु 'वायु' एवं 'समीर' हवा के पर्यायवाची हैं। शेष सभी विकल्प पर्यायवाची समूह की दृष्टि से संगत हैं।

**21. (b)**

दिये गये विकल्पों में 'आक' शब्द तद्भव है जिसका तत्सम शब्द 'अर्क' है।

| तद्भव | | तत्सम |
|---|---|---|
| आक | – | अर्क |
| अंधेरा | – | अंधकार |
| असाढ़ | – | आषाढ़ |
| आँसू | – | अश्रु |

**22. (c)**

'कोयल-कोकिला' तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म है। दिये गये युग्मों का संगत युग्म निम्न हैं-

| तत्सम | - | तद्भव |
|---|---|---|
| कोकिल | - | कोयल |
| स्वर्ण | - | सोना |
| जिह्वा | - | जीभ |
| क्षार | - | खार |

**23. (c)**

'किंचित' तत्सम शब्द का तद्भव 'कुछ' होता है। 'थोड़ा' तद्भव है, इसका तत्सम शब्द 'स्तोक' है।

**24. (a)**

दिये गये विकल्पों में 'कृपा' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'किरपा' होगा।

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| झरना | निर्झर |
| मकड़ी | मर्कटी |
| कटहल | कंटफल |

**25. (c)**

'चतुष्पदी' का तद्भव रूप 'चौपाई' है। अन्य सभी विकल्प तर्क पूर्ण नहीं हैं।

**26. (d)**

पंजर, पंचाली और पंडित तत्सम शब्द हैं जबकि 'पंजीरी' तद्भव शब्द है।

**27. (b)**

'दीठि' शब्द तत्सम शब्द नहीं हैं। दीठि का तत्सम दृष्टि होता है। दीपक, तिलक, तैल ये सभी तत्सम शब्द के उदाहरण हैं।

**28. (c)**

पुष्प तत्सम शब्द है। इसका तद्भव पुहुप या फूल होगा। सुआ, पलंग, पिया तद्भव शब्द हैं। जिसका तत्सम शब्द शुक, पर्यंक एवं प्रिय होगा।

**29. (d)**

फूल शब्द तत्सम नहीं है। फूल का तत्सम 'पुष्प' होता है। जबकि अग्नि, चतुर्दश, वत्स तत्सम शब्द हैं।

**30. (b)**

'मक्षिका', 'मक्खी' का तत्सम शब्द है। 'मच्छर' का तत्सम शब्द मत्सर' तथा 'माटी' का तत्सम शब्द 'मृत्तिका' और मछली का तत्सम मत्स्य होता है।

**31.(b)**

| वाक्य खंड | – | एक शब्द |
|---|---|---|
| जिसे देखा न जा सके | – | अदृश्य |
| जिसे जाना न जा सके | – | अज्ञेय |
| जिसे सुना न जा सके | – | अश्रव्य |

**32. (c)**

| वाक्यांश | | एक शब्द |
|---|---|---|
| जिसे जीता न जा सके | - | अजेय |
| जिसका अंत न हो | - | अनंत |
| जो गाया न जा सके | - | अगेय |
| किये जाने योग्य न हो | - | अकर्मण्य |
| जिसकी सीमा न हो | - | असीमित |
| जो बहुत गहरा हो | - | अगाध |

**33. (d)**

वह स्त्री जिसका पति परदेश से आने वाला हो, उसे एक शब्द में 'आगमिस्यतपतिका' कहा जाता है, जबकि वह स्त्री जिसका पति परदेश से लौट आया हो उसे 'आगतपतिका' कहते हैं। साहित्य मर्मज्ञों ने अवस्था के अनुसार नायिकाओं के आठ भेद किये हैं – स्वाधीन पतिका, खण्डिता, अभिसारिका, कलहान्तरिता, वासक सज्जा, विप्रलब्धा, प्रोषितपतिका और विरहोत्कंठित।

**34. (b)**

विशिष्ट अवसर पर विशिष्ट लोगों के समक्ष दिया गया विद्वतापूर्ण भाषण **अभिभाषण** कहलाता है जबकि दो लोगों या अधिक लोगों के बीच किया गया वार्तालाप **सम्भाषण** कहलाता है। किसी की कही हुई बात को दुबारा कहना या कथोपकथन **अनुभाषण** कहलाता है।

**35. (d)**

'परम्परा से चली आ रही बात के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द 'अनुश्रुति' है। प्रतिश्रुति किसी बात के लिए दिए जाने वाले वचन को कहते हैं। व्याजस्तुति, निंदा के बहाने स्तुति को कहते हैं और अनुलोम यथाक्रम या ऊपर से नीचे की ओर आने वाले के लिए प्रयुक्त होता है।

**36.(d)**

वाक्यांश 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' के लिए एक शब्द 'औरस' होगा।

**जरायुज** - शिशु/जीव जो खेड़ी में लिपटा हुआ पैदा हो।

**जारज** - उपपति/गैर पुरुष से उत्पन्न पुत्र।

**दत्तक** - उत्तराधिकार के लिए गोद लिया गया पुत्र।

**37. (c)**

वाक्यांश 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द 'प्रागैतिहासिक' होगा।

**अनैतिहासिक** - जो इतिहास से संबंधित न हो।

**ऐतिहासिक** - जो इतिहास से संबंधित हो।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**38. (d)**
'मदिरा पीने का प्याला' के लिए एक शब्द 'चषक' प्रयुक्त होता है। 'चषक' एक विशेष प्रकार का प्याला होता है जिससे मदिरा या अन्य द्रवों को पिया जाता है। इसमें अक्सर बीच में एक तंग गर्दन होती है और नीचे एक चौड़ा हिस्सा होता है जिस पर इसे टिकाया जाता है।

**39. (b)**

| वाक्यांश | | शब्द |
|---|---|---|
| अनुचित बातों के लिए आग्रह | – | दुराग्रह। |
| सत्य के लिए आग्रह | – | सत्याग्रह। |
| जिनकी उपमा न हो | – | अनुपम। |
| जो उचित समय पर न हो | – | असामयिक। |
| साधारण नियम के विरुद्ध बात | – | अपवाद। |

**40. (c)**
जिस स्त्री से विवाह किया जाये उसे **परिणीता** कहते हैं।

**41. (d)**
'कण्ठ' का विशेषण 'कण्ठ्य' होगा। संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

**42. (d)**
दिये गये विकल्पों में से 'अनुशासित' विशेषण शब्द है। अन्य विकल्प संज्ञा के रूप में जाने जाते हैं।

**43. (d)**
'बसंत के मौसम में पीले फूल खिलते हैं' प्रस्तुत वाक्य में 'पीले' शब्द विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता इंगित करते हैं; विशेषण कहलाते हैं।

**44. (b)**
'संस्कृति' का विशेषण शब्द 'सांस्कृतिक' होगा। **विशेषण**-संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जिसकी विशेषता बतायी जाए विशेष्य कहलाता है।

**45.(a)**
'यह चाँदी खोटी सी दिखती है' वाक्य में 'खोटी सी' 'गुणवाचक विशेषण' का प्रकार है। गुणवाचक विशेषण में 'सा/सा' सादृश्य वाचक पद जोड़कर गुणों को कम भी किया जाता है। **जैसे** – बड़ा-सा, पीला-सा, छोटी-सी, खोटी-सी इत्यादि।

**46. (c)**
'(उस) कुर्सी को यहाँ रख दो।' इस वाक्य में कोष्ठक में दिया गया शब्द (उस) सार्वनामिक विशेषण है।

**विशेषण–** संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

**विशेषण के प्रकार–** गुणवाचक विशेषण, संख्यावाची विशेषण, परिमाणवाची विशेषण, सार्वनामिक विशेषण

**सार्वनामिक विशेषण–** जब कोई सर्वनाम संज्ञा के ठीक पहले विशेषण रूप में प्रयुक्त हो तब वह सार्वनामिक विशेषण कहलाता है। **जैसे–** वह नौकर नहीं आया।

**47. (d)**
दिया गया वाक्य 'सोहन तुमसे (चौगुना) काम करता है'। कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार संख्यावाचक विशेषण होगा।

**संख्यावाचक विशेषण** - जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या ज्ञात होती है, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। **जैसे**-तीन दिन, चार आदमी, कुछ लोग, सब लड़के इत्यादि।

**48. (b)**
'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द परिमाणबोधक विशेषण है।

**अपूर्णांक बोधक विशेषण–** पौने, सवा, डेढ़, ढाई।

**निश्चित संख्यावाचक विशेषण–** एक, पाँच, सात, दूसरा।

**49. (c)**
''दशरथ के प्राण राम के लिए आकुल थे।'' वाक्य में मुख्य विशेष्य प्राण है। विशेषण जिसकी विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं।

**50. (a)**
**सर्व-सुलभ** दोनों ही शब्द विशेषण पद हैं। अतः प्रश्न की दृष्टि से यह त्रुटिपूर्ण है। ध्यातव्य हो कि डॉ. हरदेव बाहरी शब्द कोश के अनुसार कर्म, भाव एवं रोटी संज्ञा है।

**51. (c)**
दिये गये विकल्पों में से 'लब्धप्रतिष्ठ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**52.(a)**
केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है। (i) आसक्ति, पारितोषिक जबकि (ii) की शुद्ध वर्तनी होगी - **शुश्रूषा, सुबुद्धि**।

**53.(a)**
दिये गये विकल्पों में 'तादात्म्य' शुद्ध शब्द है, अन्य शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

**54. (d)**
शुद्ध वर्तनी शब्द 'भर्त्सना' है जबकि 'संग हति' का शुद्ध वर्तनी शब्द 'संहति', अहेतुकी शब्द का शुद्ध वर्तनी शब्द अहैतुकी, लब्धप्रतिष्ठित शब्द का शुद्ध वर्तनी शब्द लब्धप्रतिष्ठ होता है।

**55 (a)**
'संन्यास' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य विकल्प में दिए गये शब्दों की शुद्ध वर्तनी होगी-

| अशुद्ध | – | शुद्ध |
|---|---|---|
| प्रत्यूपकार | - | प्रत्युपकार |
| दुरावस्था | - | दुरवस्था |
| कैलाष | - | कैलास |

**56. (b)**
दिये गये वाक्य 'उसे धोखा देकर लूट लिया'। शब्द में व्यंजन वर्ण संबंधी अशुद्धि है। शुद्ध वाक्य इस प्रकार है- 'उसने धोखा देकर लूट लिया।'

**57. (c)**
दिये गये वाक्यों में 'उसकी आँखों से आँसू निकल पड़े' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'उसकी आँख से आँसू निकल पड़े'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

**58. (c)**
दिये गये वाक्यों में 'शरीर में ताकत होनी चाहिए।' वाक्य त्रुटिहीन है। शेष सभी वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**59. (d)**
दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य 'राम ने साँप देखा और भाग गया।' है। जिसका शुद्ध वाक्य- 'राम साँप देखकर भाग गया' होगा।

**60. (b)**
दिये गये वाक्य का शुद्ध रूप है- 'आपको अभी मेरे साथ चलना है।' प्रश्नगत वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि है। 'ने' के स्थान पर 'को' विभक्ति चिह्न का प्रयोग सर्वाधिक उपयुक्त है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 5

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 8. (c) | 15. (d) | 22. (c) | 29. (b) | 36. (a) | 43. (b) | 50. (c) | 57. (c) |
| 2. (a) | 9. (d) | 16. (d) | 23. (a) | 30. (d) | 37. (c) | 44. (d) | 51.(d) | 58. (c) |
| 3. (c) | 10. (a) | 17. (d) | 24.(d) | 31. (d) | 38. (c) | 45. (a) | 52. (b) | 59. (b) |
| 4. (a) | 11. (b) | 18. (a) | 25. (a) | 32. (d) | 39. (a) | 46. (c) | 53. (d) | 60. (b) |
| 5. (a) | 12. (a) | 19. (b) | 26. (a) | 33. (b) | 40. (d) | 47. (a) | 54. (b) | |
| 6. (d) | 13. (d) | 20. (b) | 27.(b) | 34. (b) | 41. (b) | 48. (d) | 55.(c) | |
| 7. (b) | 14. (c) | 21. (b) | 28. (d) | 35. (c) | 42. (b) | 49.(a) | 56. (b) | |

## SOLUTION

**1. (d)**
'विज्ञ' का विलोम 'अज्ञ' होगा। अन्य के विलोम इस प्रकार हैं।

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| प्रज्ञ | - | मूढ़/अप्रज्ञ |
| जागरण | - | शयन |
| उपकार | - | अपकार |
| आदर | - | अनादर |

**2. (a)**
अनन्त का अंत, जड़ का चेतन और आकृष्ट का निकृष्ट विलोम होगा, जबकि अनुग्रह का विलोम विग्रह या निग्रह होगा; न कि आग्रह।

**3. (c)**
'गुप्त-मुक्त' सही विलोम युग्म नहीं है। शेष विलोम युग्म संगत हैं। गुप्त का विलोम 'प्रकट' तथा मुक्त का विलोम 'बंधन' होगा।

**4. (a)**
सही सुमेलन निम्नलिखित है:-

| **शब्द** | | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|
| संधि | – | विग्रह |
| समास | – | व्यास |
| श्वास | – | निःश्वास |
| औदार्य | – | अनौदार्य |
| उत्कर्ष | – | अपकर्ष |

**5. (a)**

| **शब्द** | **-** | **विलोम** |
|---|---|---|
| संयुक्त | - | वियुक्त |
| वियोग | - | संयोग |
| परुष | - | कोमल |
| पत्थर | - | मोम |

**6. (d)**
'आवृत' शब्द का विलोम 'अनावृत' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**7. (b)**
'सौम्य' का विलोम 'उग्र' होता है। इसी प्रकार सौभाग्य का विलोम 'दुर्भाग्य', शत्रु का विलोम 'मित्र' और दुराशय का विलोम 'सदाशय' होता है।

**8. (c)**
'सुप्त' का विरुद्धार्थी **जागृत** है। 'ठंडी' का विलोम 'गरमी' है।

**9. (d)**
'इकाई' का विलोम **दहाई** होता है।

**10. (a)**
शब्द एवं उनके विलोम हैं–

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| खिन्न | मुदित |
| मौन | मुखर |
| अनाथ | सनाथ |
| सम्मुख | विमुख |
| कृतज्ञ | कृतघ्न |

**11. (b)**
चाप व धनु आपस में पर्यायवाची हैं। जबकि चपला, विद्युत का पर्यायवाची है।

| **शब्द** | **पर्यायवाची** |
|---|---|
| धनु | सारंग, चाप, शरासन, धनुष, धनुही इत्यादि |
| चपला | विद्युत, दामिनी, तडित, चंचला इत्यादि |

**12. (a)**
दिये गये विकल्पों में से 'यमुना' के सही पर्यायवाची शब्द हैं- अर्कसुता, रवितनया, कालिंदी, कृष्णा, अर्कजा, सूर्यसुता इत्यादि। शेष विकल्प असंगत हैं।

**13. (d)**
शशि, शशांक, सुधांशु शब्द चन्द्रमा पर्यायवाची हैं। चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – रजनीश, राकापति, राकेश, छपाकर, निशाकर, विधु, मयंक आदि।

**14. (c)**
गंगा का पर्यायवाची शब्द- भागीरथी, मंदाकिनी, सुरसरि, विष्णुपदी, देवनदी, जाह्नवी, सुरसरिता आदि है, जबकि अवतरणी गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

**15. (d)**
दिये गये विकल्पों में टीका,व्याख्या तथा दिवाली ये सभी कौमुदी शब्द के समानार्थी शब्द हैं। कौमुदी शब्द के अन्य समानार्थी शब्द इस प्रकार हैं- चाँदनी, विवेचन, ज्योत्स्ना, चन्द्रिका, आदि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**16. (d)**
'अवगाहन' शब्द का समानार्थी 'छानबीन' होता है। इसके अन्य समानार्थी शब्द हैं– चिन्तन, मनन, मंथन, अन्वेषण इत्यादि।

**17. (d)**
राम का पर्यायवाची कपीश्वर नहीं है। राम के पर्यायवादी शब्द राघव, रघुवीर, कमलनयन, अवधेश, पुरूषोत्तम है।

**18. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'मलयज' शब्द 'चंदन' का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं-
गंधराज, गंधसार, मलयज आदि।

**19. (b)**
'त्रिपथगा' शब्द सरिता का पर्याय नहीं वरन् यह गंगा का पर्याय है। सरिता के पर्याय–तटिनी, निम्नगा, तरंगिणी, निर्झरणी, पयस्विनी, स्रोतस्विनी, आपगा, तरंगवती, लरमाला, नदिया इत्यादि हैं।

**20. (b)**
घर, निकेतन, आयतन, निलय, गृह शब्द के पर्यायवाची हैं। मघवा और सहस्राक्ष 'इन्द्र' के पर्यायवाची हैं। कालिन्दी और भानुतनया यमुना के पर्यायवाची हैं, जबकि जाह्नवी गंगा का पर्यायवाची है। इसी प्रकार चीर 'वस्त्र' का पर्याय है और अम्बर 'आकाश' का पर्यायवाची है।

**21. (b)**

| तद्भव | | तत्सम |
|---|---|---|
| आँच | - | अर्चि |
| आरसी | - | आदर्शिका, आदर्श |
| अदरक | - | आर्द्रक |

**22. (c)**
'कंकती - कंघी', तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है। जबकि अन्य तत्सम - तद्भव के शुद्ध युग्म निम्न हैं–

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| श्रेष्ठी | सेठ |
| अरघट्ट | रहट |
| मिष्ट | मीठा |

**23. (a)**
'किशन' तत्सम शब्द नहीं है। यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'कृष्ण' होता है। अन्य तद्भव – तत्सम इस प्रकार है-

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| किशन | कृष्ण |
| कमर | कटि |
| केकड़ा | कर्कट |

**24.(d)**
दिये गये विकल्प में 'खर्पर' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'खप्पर' होगा। आज, तुरंत, धीरज आदि तद्भव शब्द हैं इनका तत्सम अद्य, त्वरित, धैर्य होगा।

**25. (a)**
चना एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'चणक' होता है अतः प्रश्नगत विकल्प (a) सत्य है।

**26. (a)**
दिये गये शब्दों में 'आलस' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम आलस्य होता है।

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| आलस्य | आलस |
| कुष्ठ | कोढ़ |
| अन्धकार | अँधेरा |
| उल्लास | हुलास |

**27.(b)**
'दीपावली' शब्द तद्भव नहीं है, बल्कि यह तत्सम शब्द है। इसका तद्भव दीवाली होगा। शेष इस प्रकार हैं–

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| धरती | धरित्री |
| नेवला | नकुल |
| नाच | नृत्य |

**28. (d)**
दिये गये विकल्पों में से 'पत्र-पर्ण' युग्म असंगत है, क्योंकि दोनों शब्द तत्सम है। 'पत्ता' का तत्सम शब्द' 'पत्र' तथा पन्ना का तत्सम पर्ण होगा अन्य युग्म सुसंगत हैं।

**29. (b)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| इलायची | एला |
| हुलास | उल्लास |
| अचरज | आश्चर्य |
| आग | अग्नि |

**30. (d)**
'हस्ती' का तद्भव 'हाथी' होगा।
**तत्सम शब्द**–हिन्दी में प्रयुक्त संस्कृत के शब्दों (शुद्ध रूप में) को तत्सम (तत् + सम – उसके समान) शब्द कहते हैं। **जैसे**– अग्नि, अक्षर, ऋतु, ओष्ठ, माता, प्रकाश आदि।
**तद्भव शब्द**–वे शब्द जो संस्कृत शब्दों से विकृत होकर (परिवर्तित होकर) हिन्दी में प्रयोग होते हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं। **जैसे**– उजला, कपूर, आँख, अमोल, किरन .......... आदि।

| | तत्सम शब्द | | तद्भव शब्द |
|---|---|---|---|
| 1. | हस्ती | – | हाथी |
| 2. | हस्त | – | हाथ |
| 3. | मौक्तिक | – | मोती |
| 4. | अक्षवाट | – | अखाड़ा |

**31. (d)**
'जिसे वचन द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनिर्वचनीय' होगा।
- अनुकरण करने योग्य - अनुकरणीय
- जो इस लोक में सम्भव न हो- अलौकिक
- जिसका निवारण न हो सकता हो- अनिवार्य

**32. (d)**

| वाक्यांश | – | एक शब्द |
|---|---|---|
| जिसका अनुभव किया गया हो | – | अनुभूत |
| किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया | – | अनुमोदन |
| जिसका कोई घर नहीं हो | – | अनिकेत |
| परंपरा से चली आ रही कथा | – | अनुश्रुति |

**33. (b)**
'धन से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'आर्थिक' होगा।

**34. (b)**
'जिसके बिना कार्य न चल सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द '**अपरिहार्य**' है। जबकि 'अपेक्षित' का वाक्यांश 'जिसकी अपेक्षा (आशा) की गयी हो



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**35. (c)**
वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

| शब्द | वाक्यांश |
|---|---|
| अजातशत्रु | जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है। |
| अजेय | जिसे जीता न जा सके। |
| शत्रुजयी | जिसने शत्रु को जीत लिया हो। |
| शत्रुविहीन | जिसका कोई शत्रु न हो। |

**36. (a)**

| वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|
| तेज बुद्धि वाला | कुशाग्र बुद्धि |
| कम बुद्धि वाला | अल्पबुद्धि |
| तप करने वाला | तपस्वी |
| विद्या ग्रहण करने वाला | विद्यार्थी |

**37. (c)**
'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति के लिए' एक शब्द 'रिक्थ' होगा।
वह मूल्यवान वस्तु जिस पर किसी का अधिकार हो - परिसम्पत्ति

**38. (c)**
जो हर समय दूसरों की बुराइयों को खोजता है- **छिद्रान्वेषी** जो किसी के गुण दोषों की आलोचना करता हो- **आलोचक**।

**39. (a)**
'जिसे दूर करना कठिन हो' के लिए एक शब्द 'दुर्निवार' होता है। 'जिसे जीत पाना कठिन हो' के लिए एक शब्द 'दुर्जेय' होगा।

**40. (d)**
शब्द और वाक्यांश का सही रूप है–

| वाक्यांश | | शब्द |
|---|---|---|
| लौटकर आया हुआ | – | प्रत्यागत |
| जो स्त्री अभिनय करे | – | अभिनेत्री |
| जो व्याकरण जानता हो | – | वैयाकरण |
| आँखों से परे | – | परोक्ष/अप्रत्यक्ष |
| आँखों के सामने | – | प्रत्यक्ष |

**41. (b)**
कुसुम का विशेषण कुसुमित होता है। संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**-काला, बड़ा, लम्बा, एक, दो आदि।

**42. (b)**
जिस शब्द से 'संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे 'विशेषण' कहते हैं। अतः नैतिक' शब्द विशेषण है। जो 'नीति' संज्ञा शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना है।

**43. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'तीसरा' शब्द गुणवाचक विशेषण नहीं है। अन्य विकल्प गुणवाचक विशेषण हैं जबकि 'तीसरा' शब्द क्रमवाचक संख्यावाचक विशेषण है।

**44. (d)**
'रामायण सुंदर रचना है।' इस वाक्य में 'सुंदर शब्द 'गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दोष का बोध कराते हैं, वे शब्द गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।
**जैसे**-अच्छा, बुरा, कायर, बहादुर, लाल, पीला, हरा, पतला, भारी, नुकीला, सुंदर, खट्टा, मीठा, गोल, गहरा, दोपहर, संध्या आदि।

**45. (a)**
बनारसी में गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग आदि का बोध कराए तो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**46. (c)**
'कोई बच्चा नहीं खेलेगा' में रेखांकित शब्द (कोई) 'सार्वनामिक विशेषण' है। जब सर्वनाम शब्द विशेषण का कार्य करें, उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं। **जैसे**– वह भरपेट भोजन किया। इसमें 'वह' सार्वनामिक विशेषण है।
**गुणवाचक विशेषण** - कालवाची, स्थानवाची, आकारवाची, रंगवाची, दशावाची होते हैं।
**परिमाणवाचक विशेषण**- माप तौल की वस्तुओं के मापन में इसका प्रयोग होता है **जैसे**– बहुत, सब, सारा, समूचा।

**47. (a)**
'मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए' इस वाक्य में दस संख्यावाचक विशेषण को प्रदर्शित करता है। **संख्यावाचक विशेषण**- ऐसे विशेषण शब्द जो संख्यात्मक विशेषता प्रदर्शित करते हैं,संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**-मुझे चार दिन काम नहीं करना है।

**48. (d)**
'आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली है', वाक्य में 'थोड़ी-सी' शब्द परिमाणवाचक विशेषण है। **परिमाणवाचक विशेषण**- वह विशेषण जो अपने विशेष्यों की निश्चित अथवा अनिश्चित मात्रा (परिमाण) का बोध कराए, 'परिमाणवाचक विशेषण' कहलाता है।

**49.(a)**
प्रश्नगत वाक्य 'रमेश की पुस्तक पुरानी है' में 'पुस्तक' 'विशेष्य' है। जिस संज्ञा शब्द की विशेषता बतायी जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।

**50. (c)**
दिए गए विकल्पों में 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।' त्रुटिपूर्ण वाक्य है क्योंकि इसमें शब्द क्रम दोष है। अतः सम्यक् वाक्य कुछ इस प्रकार है– यह महिलाओं का सरकारी अस्पताल है।

**51.(d)**
दिए गए विकल्प में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अस्पृश्यता' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**52. (b)**
दिये गये शब्दों में 'आनुषंगिक' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

**53. (d)**
दिये गये शब्दों में शुद्ध शब्द 'दम्पति' है। वर्तनी की दृष्टि से अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**54. (b)**
'मुमूर्षु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य विकल्प परिक्षा, परीखा अशुद्ध शब्द हैं जिनका शुद्ध रूप होगा– 'परीक्षा'।

**55.(c)**
दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'महत्त्वाकांक्षा' है।

**56. (b)**
'पत्र किसके नाम पर लिखा गया है' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप - 'पत्र किसके नाम लिखा गया है' होगा। शेष वाक्य शुद्ध हैं।

**57. (c)**
उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (c) सबसे शुद्ध वाक्य है अन्य वाक्यों में व्याकरणिक अशुद्धियाँ हैं।
**शुद्ध वाक्य–**: सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

**58. (c)**
सुमन के अनुसार शत्रुता अच्छी नहीं है। वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि शुद्ध है।

**59. (b)**
'पति पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है'।
यह वाक्य सही है। 'हेतु' विशिष्ट अर्थ में और 'कारण' साधारण अर्थ में प्रयुक्त होता है। 'हेतु' का शाब्दिक अर्थ है - वह उद्देश्य, जिससे कोई कार्य किया जाय।

**60. (b)**
दिए गए विकल्पों में से वाक्य 'तुम क्या करते हो' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

@GKTrickbyNitinGupta

Nitin-Gupta.com

# हमारे Telegram Channel को Join करें

CLICK HERE

## यहाँ आपको मिलेगा -

- Daily Current Affairs
- All Subject PDF
- Motivational Post

COME ON JOIN US

@GKTrickByNitin